दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — यूएसए और छत्तीसगढ़ के मध्य एक्सचेंज...
4 अभिव्यक्ति — एससी, एसटी और क्रिमी लेयर...
9 मनोरंजन/व्यापार — ...तो कश्मीर में शादी करने जा रहे हैं रणबीर...
11 खेल — भारत के सामने करो या मरो की चुनौती...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, बुधवार 11 दिसम्बर, 2019, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-239 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

एक सर्वे के मुताबिक 55 प्रतिशत भारतीय रिश्वत देकर ही अपना काम करा पाते हैं। इसका मलतब यह है कि न खाऊंगा न खाने दूंगा वाली बात एक जुमला ही है। हकीकतन खाओ और खाने दो वाली नीति का पालन हो रहा है। सरकार चाहे किसी की भी हो उसके कर्णधार हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे वाली प्राचीन परंपरा का ही पालन करते हैं। भ्रष्टाचार रूपी कैंसर का कोई उपचार नहीं है। बेहतर होगा कि सरकार तत्काल प्रभाव से भ्रष्टाचार को राष्ट्रीय शिष्टाचार घोषित कर दे और हर सरकारी दफ्तर में शिष्टाचार अनिवार्य कर रेट लिस्ट टंगवा दे।

राज्य के मंत्री धमकाते रह गए, केंद्र ने काटी कोयले की आपूर्ति, 700 करोड़ का नुकसान

ईश्वर चंद्रा

■ छत्तीसगढ़ की बिजली कंपनी को कोयले की कम आपूर्ति से झटका

■ केंद्र के रुख से राज्य सरकार को भी राजस्व का नुकसान

■ केंद्र व राज्य के बीच धान खरीदी को लेकर शुरू हुआ विवाद कोयले पर पहुंचा

कोरबा। धान खरीदी को लेकर केंद्र व राज्य सरकार के बीच शुरू हुआ विवाद अब कोयले पर पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ के मंत्री व कांग्रेस नेता केंद्र को आर्थिक नाकेबंदी की चेतावनी देते रह गए और केंद्र सरकार ने ही राज्य को होने वाली कायले की आपूर्ति कम कर दी। जिससे राज्य सरकार के अधीनस्थ बिजली कंपनी को करीब 700 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसका सीधा असर राज्य सरकार को राजस्व नुकसान के रूप में हो रहा है।

ये कहा था मंत्री अग्रवाल व पीसीसी चीफ ने

बता दें कि पिछले माह छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने केंद्र सरकार द्वारा राज्य का धान नहीं खरीदने पर आर्थिक नाकेबंदी की चेतावनी दी थी। दोनों ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संयंत्रों में कोयले की उपलब्धता

इकाई	उपलब्धता (मीट्रिक टन)
केटीपीएस	16367
एचटीपीएस	44145
डीएसपीएम	9991
मड़वा	40924

(सात दिसंबर तक उपलब्ध कोयले का स्टॉक)

हमारे पास पर्याप्त बिजली की व्यवस्था

आवश्यकता के अनुरूप कोयला नहीं मिलने की वजह से बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ है, लेकिन बिजली सप्लाई पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। हमारे पास पर्याप्त बिजली की व्यवस्था है। लेकिन विद्युत उत्पादन में कमी आने से पिछले चार महीने में कंपनी के राजस्व में 700 करोड़ नुकसान हुआ है। प्रदेश के मुख्य सचिव आरपी मंडल की बिजली कंपनी, रेलवे, एसईसीएल के अधिकारियों की बैठक के बाद स्थिति कुछ सुधर रही है।

शैलेंद्र शुक्ला, चेयरमैन, छग स्टेट पॉवर कंपनीज

रांची और धनबाद में चुनाव निपटाने गई फोर्स में जानलेवा तनाव दूसरे दिन भी थमा नहीं

सुरक्षा देने गए जवान भोजन को लेकर बन गए प्राण भक्षक

छग की चौथीं बटालियन में खूनखराबे के 24 घंटे बाद दूसरी वारदात

खाने की बात पर 226वीं बटालियन की चार्ली कंपनी में गोलीबारी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रांची और धनबाद में चुनाव ड्यूटी के लिए छत्तीसगढ़ से गये जवान आपस में लड़ गए जिसमें चार जवानों की मौत हो गई। जबकि तीन जवान घायल हैं। पहला मामला रांची के खेलगांव का है, जबकि दूसरा मामला धनबाद के गोमिया का है। झारखंड में बीते 24 घंटे के भीतर यह इस तरह की दूसरी वारदात है. सोमवार को ही रांची में छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्सेज के एक जवान ने छुट्टी के विवाद में अपने एक अफसर पर अंधाधुंध फायरिंग कर उसकी जान ले ली थी. बाद में जवान ने खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।

असिस्टेंट कमांडेंट समेत दो अधिकारियों की मौत

जानकारी के मुताबिक झारखंड में चुनाव कराने को लेकर छत्तीसगढ़ से 226वीं बटालियन झारखंड गयी थी। मृतकों में अस्टिटेंट कमांडेंट साहुल हरसन सहित एएसआई पुरनानंद भुईंया और दो जवान शामिल हैं। दो घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक जवान गोमिया के हाईस्कूल में ठहरे जवान की आपस में गोलीबारी हो गयी, जिसमें चार की मौत हो गयी। झारखंड में दूसरे चरण का चुनाव संपन्न करा लौट रहे सुरक्षाबल के जवानों ने सोमवार को अपने ही तीन अफसरों की जान ले ली। बोकारो के गोमिया स्थित कुर्कनाला में भोजन की बात को लेकर हुए विवाद में जवानों ने अपने अफसरों पर ही फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में असिस्टेंट कमांडेंट समेत दो अधिकारियों की मौत हो गई, जबकि चार जवान घायल हो गए। रांची में छुट्टी के विवाद में सुरक्षा बल के एक जवान ने अपने कंपनी कमांडिंग अफसर को गोलियों से भूनने के बाद खुद को भी गोली मार आत्महत्या कर ली।

दरअसल, सोमवार को चाईबासा से द्वितीय चरण का चुनाव संपन्न कराकर लौट रहे सीआरपीएफ के जवानों और अधिकारियों को बोकारो के गोमिया स्थित कुर्कनाला के उच्च विद्यालय और मध्य विद्यालय में सीआरपीएफ की 226वीं बटालियन को ठहराया गया था। करीब दो बजे जवान विद्यालय में पहुंचे थे। रात में करीब 8.30 में खाना खाने को लेकर दोनों विद्यालयों में ठहरे जवानों में विवाद हो गया। जिसके बाद जवानों ने एक दूसरे पर गोलीबारी शुरू कर दी।

इस गोलीबारी में सीआरपीएफ के दो अधिकारियों, असिस्टेंट कमांडेंट साहुल अहसन और एएसआइ पूर्णानंद भुइयां की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि गोली लगने से घायल दो कांस्टेबल उपेंद्र यादव और हरिश्चंद्र गोखले को रात 12 बजे हेलीकॉप्टर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राजधानी में दिनदहाड़े दो छात्राओं की हत्या

■ सीसीटीवी फूटेज में दिखे दो संदिग्ध गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने दो संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है. उनसे दोनों युवतियों के हत्या के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का शक यदि सही निकता तो, कुछ ही देर में पूरे मामले में बड़ा खुलासा कर सकती है. हो सकता है ये वही युवक है जो सीसीटीवी कैमरे में भागते हुए नजर आए थे।

इससे पहले पुलिस ने मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे में कैद दो युवक का तस्वीरें जारी किया था। जिसमें दोनों युवक भागते नजर आए थे. एक युवक फोन पर बात करता नजर आया था. पुलिस द्वारा जारी वीडियो घटना के ठीक बाद की। ऐसे में माना जा रहा है कि यही वो दोनों हत्या के आरोपी हो सकते हैं। बता दें कि टिकरापारा थाना इलाके के गोदावरी नगर में मंगलवार दिनदहाड़े ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

जोगी की जाति के मामले में सुनवाई 16 दिसम्बर को

बिलासपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की जाति के मामले में हाई पावर कमेटी से लिखित में सारे दस्तावेज पेश करने के बारे में जानकारी देने को कहा है। श्री जोगी की याचिका पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति आर सी एस सामंत ने आज इस मामले में श्री जोगी के अधिवक्ता राहुल त्यागी की इस आपत्ति के बाद यह आदेश दिया कि हाई पावर कमेटी के पूरे रिकार्ड उनूहे नही दिए गए है। रिपोर्ट से कई चीजे गायब है।इस दौरान त्यागी एवं महाधिवक्ता सतीश चन्द्र मिश्रा के बीच जोरदार नोकझोंक और कहासुनी भी हुई। अदालत ने कहा कि सोमवार तक सरकार पुनः सोच समझ कर लिखित में अदालत को बताए कि उसने सभी रिकार्ड प्रस्तुत किए है यह नही। मामले में अगली सुनवाई 16 दिसम्बर को होगी।

कश्मीर में सब नॉर्मल लेकिन मैं कांग्रेस की स्थिति नॉर्मल नहीं कर सकता : शाह

नई दिल्ली ए.। लोकसभा में मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को राजनीतिक नेताओं से ज्यादा आम आदमी की चिंता करने की नसीहत देते हुए कहा कि नेताओं को हिरासत से छोड़ने का निर्णय स्थानीय प्रशासन की ओर से लिया जाएगा। लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के पूरक प्रश्न के उत्तर में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर में हिरासत में लिए गए नेताओं को छोड़ने का निर्णय स्थानीय प्रशासन की ओर से लिया जाएगा तथा वहां के मामले में केंद्र सरकार दखल नहीं देगी। उन्होंने कहा जब भी स्थानीय प्रशासन तय करेगी, उन्हें रिहा कर दिया जाएगा।'

वीर नारायण सिंह को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा : भूपेश

बालोद में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए वीर मेला समापन समारोह में

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अमर शहीद वीर नारायण सिंह को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वीर नारायण सिंह के एतिहासिक योगदान और उनकी वीरतापूर्वक शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। श्री बघेल आज छत्तीसगढ़ के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर जिले के गुरूर विकासखण्ड के राजाराव पठार में सर्व आदिवासी समाज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वीर मेला के समापन समारोह में एक विशाल आमसभा को सम्बोधित कर रहे थे। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

किसानों से हर हाल में खरीदेंगे प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान

सीएम भूपेश बघेल ने प्रदेश के किसानों को आश्वस्त किया है कि राज्य सरकार हर हाल में किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल के मान से धान की खरीदी करेगी, इसके लिए चाहे धान खरीदी का समय बढ़ना पड़े या धान खरीदी किश्तों की संख्या। मान लीजिए तीन फेरी में या पांच फेरी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

निकाय चुनाव में पार्टी से बगावत करने वालों की बनने लगी कुंडली

कांग्रेस ने पहले समझाया, नहीं मानें तो 2000 को नोटिस

■ भाजपा के बागी पड़े ठंडे तो संगठन ने बख्श दिया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव का राष्ट्रीय दलों के बागी सदस्य-कार्यकर्ताओं से गड़बड़ाए गणित की खानापूर्ति शुरु हो गई है। पार्टी के बागियों और रूठों की नामांकन वापसी की अंतिम तारीख 9 दिसंबर तक खूब मान-मनौव्वल भाजपा-कांग्रेस के नेताओं ने किया। ज्यादातर भाजपा के बागी तो चुपचाप पार्टी लाइन पर लौट आए और नाम वापिस ले लिया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जवाब नहीं मिला तो निलंबन करेंगे

इस बारे में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि करीब दो हजार कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी किया गया है। निकाय चुनाव के बागियों और रूठों को नोटिस जारी किया गया है। और उचित जवाब नहीं मिलने के बाद उनके खिलाफ निलम्बन की कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय संविधान पर हमला : राहुल

नागरिकता संशोधन बिल पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा

नई दिल्ली ए.। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा है कि यह बिल भारतीय संविधान पर हमला है। अगर कोई इसका सपोर्ट कर रहा है तो वह हमारे देश की बुनियाद को नष्ट करने की कोशिश कर रहा है। बता दें कि सोमवार को लगभग 12 घंटे तक चली बहस के बाद यह बिल लोकसभा में पास हो गया है। अब इसे राज्यसभा में रखने की तैयारी है। राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने भी ट्वीट विरोध जताया। प्रियंका गांधी ने अपने ट्वीट में कहा कि बीती रात लोकसभा में नागरिकता संशोधन बिल पारित होने के साथ भारत कट्टरता और संकीर्ण सोच वाले अलगाव से भारत के वादे की पुष्टि हुई है।

आरबीआई ने एसबीआई का 12 हजार करोड़ का पकड़ा अंतर

नई दिल्ली ए.। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक के बीते वित्त वर्ष के फंसे कर्ज (एनपीए) में करीब 12,000 करोड़ रुपये का अंतर पाया गया है। एसबीआई ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किए गए आकलन के अनुसार, बीते वित्त वर्ष में एसबीआई का सकल एनपीए 1,84,682 करोड़ रुपये था। यह बैंक द्वारा दिखाए गए 1,72,750 करोड़ रुपये के सकल एनपीए से 11,932 करोड़ रुपये अधिक है।

तो अनुमानित घाटा 6,968 करोड़ रुपये होता

इसी तरह बैंक का शुद्ध एनपीए 77,827 करोड़ रुपये था, वहीं एसबीआई ने 65,895 करोड़ रुपये का शुद्ध एनपीए दिखाया था। इस तरह शुद्ध एनपीए में भी 11,932 करोड़ रुपये का अंतर था।

गरमा-गरम

निर्भया केस — गैंगरेप के चारों दोषियों को फांसी पर लटकाने वाले मामले में अभी तक तिहाड़ जेल प्रशासन के पास कोई लेटर नहीं आया

फांसी का तख्त तैयार, 100 किलो की डमी के साथ हुआ ट्रायल

9 फरवरी, 2013 को जब संसद हमले के दोषी आतंकवादी अफजल को फांसी पर लटकाया गया था। तब उससे पहले भी उसके वजन की डमी को फांसी देकर ट्रायल किया गया था। उस ट्रायल में रस्सी टूट गई थी। इस बार मामला चार कैदियों का है। इसी वजह से जेल प्रशासन फांसी देते वक्त कोई चांस नहीं लेना चाहता।

नई दिल्ली ए.। तिहाड़ जेल में बंद निर्भया गैंगरेप के चारों दोषियों को फांसी पर लटकाने वाले मामले में अभी तक तिहाड़ जेल प्रशासन के पास कोई अंतिम लेटर नहीं आया है। लेकिन इससे पहले जेल प्रशासन ने अपनी तैयारियों का जायजा लेना शुरू कर दिया है। इसके तहत अगर इन चारों को फांसी दी जाती है तो इनमें से अधिकतम वजन वाले कैदी के वजन के हिसाब से एक डमी को फांसी देकर देखा गया। डमी में 100 किलो बालू-रेत भरी गई थी। डमी को एक घंटे तक फांसी के तख्ते पर लटकाए रखा गया।

इसके पीछे का मकसद यह देखना था कि अगर दोषियों को फांसी दी जाती है तो क्या फांसी देने वाले वह स्पेशल रस्सी इनके वजन से टूट तो नहीं जाएगी। तिहाड़ जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ऐसा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यूपी से मंगाया जा सकता है जल्लाद

अधिकारी का कहना है कि यूं तो फांसी देने के लिए जल्लाद की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन फिर भी जरूरत महसूस हुई तो यूपी, महाराष्ट्र या फिर बंगाल से जल्लाद बुलाया जा सकता है। इसके लिए छानबीन शुरू कर दी गई है। निर्भया के चार दोषियों में से एक पवन को मंडोली की जेल नंबर-

निर्भया के दोषी की सुको में पुनर्विचार याचिका, कहा-

यहां तो हवा से मर रहे, फिर फांसी क्यों

दिल्ली की निर्भया से गैंगरेप और जघन्य हत्या के दोषी अक्षय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल कर अजीबोगरीब तर्क देते हुए सजा-ए-मौत से राहत की मांग की है। अक्षय ने अपनी याचिका में कहा कि दिल्ली की हवा और पानी में वैसे ही इतना प्रदूषण है कि लोग ज्यादा नहीं जी पा रहे हैं, फिर मौत की सजा की क्या जरूरत है? अक्षय ने हास्यास्पद तर्क देते हुए कहा, 'ऐसे बहुत कम लोग हैं, जो 80 से 90 साल की आयु तक पहुंच पा रहे हों।

जेल नंबर-3 में ही है फांसी का तख्त

इन दिनों तिहाड़ जेल में हर ओर निर्भया के दोषियों को ही फांसी पर लटकाने की बातें होती रहती हैं। इससे यह भी अब डरने लगे हैं। जब पवन को मंडोली से तिहाड़ जेल में शिफ्ट किया गया था। एक बार को उसे लगा था कि यह उसकी आखिरी रात है। जेल प्रशासन का कहना है कि रोहिणी, मंडोली और तिहाड़ में से तिहाड़ की जेल नंबर-3 में ही फांसी का तख्ता है।

नव प्रदेश
देश-विदेश
बिलासपुर, बुधवार, 11 दिसंबर 2019

महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोपी माननीयो की संख्या 2 से बढ़कर 19 हुई

नयी दिल्ली(ए.)। चुनावों पर नजर रखने वाले संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स(एडीआर) के अनुसार वर्ष 2009 में सिर्फ दो लोकसभा सदस्य महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोपों का सामना कर रहे थे, जिनकी संख्या 10 साल बाद 2019 में बढ़कर 19 हो गई। एडीआर रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में लोकसभा चुनाव में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप का सामना कर रहे प्रत्याशियों की संख्या 38 से बढ़कर 126 हो गई है। यह 231 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। ऐसे आरोपों का सामना कर रहे सांसदों/विधायकों की संख्या पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 16 है। इसके बाद ओडिशा और महाराष्ट्र में 12-12 सांसद/विधायक इस तरह के मामलों में आरोपी हैं।

भाजपा में हैं महिलाओं के विरूद्ध अपराध के मामलों से घिरे सर्वाधिक सांसद : एडीआर

नयी दिल्ली(ए.)। महिलाओं के विरूद्ध अपराध के मामलों का सामना कर रहे सांसदों के संदर्भ में भाजपा में सर्वाधिक 21 ऐसे सांसद है, उसके बाद कांग्रेस 16 ऐसे सांसदों के साथ दूसरे नंबर पर और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सात ऐसे सांसदों के साथ तीसरे नंबर पर है। एसोसएिशन फोर डेमोक्रेटिक रिफोर्म्स (एडीआर) ने यह बात कही है। उसने यह भी कहा कि महिलाओं के विरूद्ध अपराधों से संबंधित मामलों के सिलसिले में लोकसभा में जहां 2009 में दो ऐसे सांसद थे वहीं 2019 में ऐसे सांसदों की संख्या बढ़कर 19 हो गयी है। एडीआर की रिपोर्ट में कहा गया है, '' तीने ऐसे सांसद और छह ऐसे विधायक हैं जिन्होंने बलात्कार से जुड़े मामले घोषित किये हैं...... पिछले पांच सालों में मान्यता प्राप्त दलों ने 41 उम्मीदवारों को टिकट दिया था जिन्होंने बलात्कार से संबंधित मामले घोषित किये थे।'' पिछले पांच सालों में भाजपा ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों से जूझ रहे 66 उम्मीदवारों को लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया। कांग्रेस ने 46 ऐसे उम्मीदवार और बहुजन समाज पार्टी ने 40 ऐसे उम्मीदवार उतारे। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वाच ने कहा कि उसने वर्तमान 759 सांसदों और 4063 विधायकों के 4,896 चुनावी हलफनामों में से 4822 का विश्लेषण किया। रिपोर्ट कहती है कि इस अवधि के दौरान महिलाओं के विरूद्ध अपराध के मामले वाले लोकसभा चुनाव उम्मीदवारों की संख्या 38 से बढ़कर 126 हो गयी यानी ऐसे उम्मीदवार 231 फीसद बढ़ गये।

नागरिकता संशोधन बिल पर घमासान

शिवसेना के समर्थन पर राहुल ने इशारों में साधा निशाना

- **लोकसभा में संशोधन बिल पास हो गया है जहां महाराष्ट्र में कांग्रेस की सहयोगी शिवसेना ने भी बिल का समर्थन किया**

नई दिल्ली(ए.)। नागरिकता संशोधन बिल (CAB) के लोकसभा में पास होने के बाद घमासान मचा हुआ है। लोकसभा में बिल का समर्थन करने पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अप्रत्यक्ष रूप से शिवसेना पर निशाना साधा है। राहुल ने नाम लिए बिना ट्वीट किया कि जो इस बिल का समर्थन कर रहा है वह देश की बुनियाद पर हमला कर रहा है। बता दें कि लोकसभा में नागरिकता संशोधन बिल पास हो गया है जहां महाराष्ट्र में कांग्रेस की सहयोगी शिवसेना ने भी बिल का समर्थन किया था।

राहुल गांधी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, 'नागरिकता संशोधन विधेयक भारतीय संविधान पर हमला है, जो कोई भी इसका समर्थन करता है वो हमारे देश की बुनियाद पर हमला और इसे नष्ट करने का प्रयास कर रहा है।' माना जा रहा है कि राहुल ने इस ट्वीट के जरिए शिवसेना के बिल के समर्थन के फैसले पर नाराजगी जताई है।

संजय राउत के बयान से आया ट्विस्ट

उधर, शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत के एक बयान से मामले में ट्विस्ट आ गया है। संजय राउत ने सीएबी पर कहा कि कल लोकसभा में क्या हुआ, वह भूल जाइए। इस बयान के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि शिवसेना इस मामले पर अपना स्टैंड बदल सकती है। हालांकि, संजय राउत ने पहले इस बिल का समर्थन किया था।

शिवसेना के समर्थन पर कांग्रेस ने जताई हैरानी

बता दें कि लोकसभा में सोमवार रात नागरिकता संशोधन विधेयक पास हो गया है। इस दौरान शिवसेना के सांसदों ने भी बिल पर सहमति दर्ज कराई जिससे कांग्रेस की काफी किरकिरी भी हुई। कांग्रेस नेता हुसैन दलवई ने शिवसेना के बिल को समर्थन देने पर हैरानी जताई। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि शिवसेना ने बिल को समर्थन क्यों दिया है।

कल राज्यसभा में पेश होगा बिल

लोकसभा में बिल के पास होने के बाद बुधवार को इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा। लोकसभा में इस बिल के पक्ष में 311 वोट पड़े, जबकि 80 सांसदों ने इसके खिलाफ मतदान किया। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए शरणार्थियों को इस बिल में नागरिकता देने का प्रस्ताव है। इस बिल में इन तीनों देशों से आने वाले हिंदू, जैन, सिख, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के शरणार्थियों को नागरिकता का प्रस्ताव है।

कैलाश विजयवर्गीय का कटाक्ष, ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री हैं, बांग्लादेश की नहीं

इंदौर (मध्यप्रदेश)। राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण (एनआरसी) और नागरिकता संशोधन विधेयक (कैब) को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तीखे विरोध पर पलटवार करते हुए बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को तंज कसा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बांग्लादेश की मुख्यमंत्री नहीं हैं। विजयवर्गीय ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे पता नहीं कि बनर्जी ने भारत का संविधान पढ़ा भी है या नहीं? भारत में संघीय ढांचे के तहत केंद्र और राज्य सरकारें अपनी जिम्मेदारियों का अलग-अलग निर्वहन करती हैं। नागरिकता के संबंध में कानून बनाकर इसे संसद में पारित करना केंद्र सरकार का काम है। पश्चिम बंगाल के प्रभारी भाजपा महासचिव ने कहा, संघीय ढांचे में बनर्जी भला कैसे कह सकती हैं कि वह इस कानून (नागरिकता संशोधन विधेयक) को पश्चिम बंगाल में लागू नहीं होने देंगी। वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री हैं, बांग्लादेश की नहीं।

8 शब्दों वाला ट्वीट बना गोल्डन ट्वीट

देश में मोदी-राहुल का ट्विटर अकाउंट पहले और दूसरे नंबर पर

नई दिल्ली(ए.)। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी चर्चा के केंद्र में रहे। ट्विटर पर इन दोनों राजनेताओं को लेकर खूब ट्वीट बरसे। लोगों ने अपने ट्वीट में इन नेताओं को हैंडल को लाखों-बार टैग किया और अपनी बात रखी। ट्विटर इंडिया की ईयर ऑन ट्विटर-2019 में इन दोनों हस्तियों के अकाउंट को पहले और दूसरे पायदान पर रखा गया है।

तीसरे नंबर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व चौथे और पांचवें पायदान पर क्रमशः दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहे। ट्विटर ने इस साल की रिपोर्ट में पुरुष और महिला नेताओं के हैंडल की अलग-अलग सूची जारी की है। महिला राजनेताओं में स्मृति ईरानी शीर्ष पर, तो दूसरे स्थान पर प्रियंका गांधी वाड्रा रहीं। मनोरंजन जगत में महानायक अमिताभ बच्चन पुरुष अभिनेताओं में शीर्ष पर रहे तो वहीं महिला अभिनेत्रियों में यह स्थान सोनाक्षी सिन्हा ने कब्जाया।

लोकसभा चुनाव-2019 हैशटैग जहां शीर्ष पर रहा तो वहीं अयोध्या पर आए फैसले से जुड़ा हैशटैग भी ट्विटर के टॉप हैशटैग में जगह बनाने में सफल रहा। ट्विटर इंडिया की रिपोर्ट में चंद्रयान-2 पर खूब ट्वीट हुए। यह साल का दूसरा सबसे बड़ा पल बना। अगस्त में जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद-370 को खत्म किया तो आर्टिकल-370 हैशटैग ट्रेंड में रहा। साल का पांचवां सर्वाधिक ट्वीट किया जाने वाला हैशटैग बना।

नागरिकता संशोधन विधेयक के खिलाफ कुछ यूं हो रहा प्रदर्शन

देशभर में हो रहा नागरिकता संशोधन विधेयक का विरोध

लोकसभा में नागरिकता संशोधन विधेयक पास होते ही नॉर्थ ईस्ट समेत देश के कई हिस्सों में इसका विरोध शुरू हो गया है। मंगलवार को गुवाहाटी में 12 घंटे का बंद बुलाया गया। कई जगहों पर प्रदर्शनकारी सड़क पर उतरे तो कई जगह सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

छात्रों ने निकाला मशाल जुलूस

गुवाहाटी में ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया। तमाम छात्र संगठन इस बिल के विरोध में उतर आए हैं।

पारंपरिक ढोल बजाकर हुआ विरोध

गुवाहाटी में हजारों की संख्या में प्रदर्शन करने उतरे छात्रों ने पारंपरिका ढोल बजाकर बिल का विरोध किया। बता दें कि असम के 90 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्रों पर यह बिल लागू होगा।

जमकर हुई आगजनी

नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एनईएसओ) के नेतृत्व में छात्र सड़कों पर उतरे और सड़कों पर टायर जलाकर रास्ते बंद कर दिए। इतना ही नहीं इन प्रदर्शनकारियों ने कई जगहों पर पेड़ काटकर रास्ते पर गिरा दिए और रास्ते बाधित कर दिए।

मोदी और शाह के पुतले फूंके

असम के गुवाहाटी में प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पुतले फूंके। स्थानीय लोग बिल को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं और इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

संसद में भी लेफ्ट के सांसदों ने किया प्रदर्शन

बिल के विरोध में कांग्रेस के अलावा लेफ्ट पार्टियां भी लगातार आवाज उठा रही हैं। मंगलवार को लेफ्ट के सांसदों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास खड़े होकर अपना विरोध जताया। इन लोगों ने हाथ में कुछ पेपर्स लिए थे, जिनपर लिखा था- धर्म के आधार पर भेदभाव बंद करो।

गुजरात में भी हुआ प्रदर्शन

पूर्वोत्तर के राज्यों के साथ-साथ गुजरात में भी इस बिल का विरोध किया गया। बिल को असवैधानिक बताते हुए लोगों ने इसके खिलाफ नारेबाजी की और पोस्टर लेकर सड़क पर उतरे।

दिल्ली में भी सड़क पर उतरे लोग

नागरिकता संशोधन विधेयक के बारे में पूर्वोत्तर के लोगों ने दिल्ली में भी प्रदर्शन किया। सड़क पर पोस्टरों के साथ उतरे लोगों ने बिल को वापस लेने की मांग की। इन लोगों ने पोस्टरों पर लिख रखा था- यह बिल असम और नॉर्थ ईस्ट को लंबे समय के लिएयुद्ध क्षेत्र बनाने की कोशिश है।

दिल्ली अग्निकांड: बिहार के गांवों में पसरा मातम

तीन दिन से शव का इंतजार, नहीं जले चूल्हे

पटना(ए.)। बिहार के समस्तीपुर जिले के सिंधिया प्रखंड के हरपुर, ब्रह्मपुरा और बेलाही गांवों में मंगलवार को भी कई घरों में चूल्हे नहीं जले हैं। उन्हें अब अपने परिजनों के पार्थिव शरीर का इंतजार है, जिन्हें कम से कम अंतिम समय पर निहार सकें। इन गांवों में महिलाओं का रह-रहकर चीत्कार अब भी सुनाई दे रहा है।

हरपुर गांव के निवासी मोहम्मद उल्फत को तो अब कोई ढांढस भी नहीं बंधा पा रहा है। उनकी आंखों के आंसू भी तीन दिनों में सूख गए हैं। आखिर उसने दो जवान बेटे खो दिए हैं। उल्फत ने अपने चौथे बेटे वाजिद (18) को पिछले महीने ही टेलरिंग के काम के लिए उसके भाई साजिद (26) के साथ दिल्ली भेजा था। हरपुर गांव के ही एक व्यक्ति का दिल्ली में एक कारखाना है। इस कारखाने में यहां के करीब 40 लोग काम करते थे।

पैरों तले की जमीन खिसक गई

उल्फत के एक अन्य बेटे जावेद कहते हैं कि साजिद और वाजिद वहीं (दिल्ली) काम करते थे, अब दोनों नहीं रहे। जावेद और उनका एक भाई हैदराबाद में वेल्डिंग का काम करता है। वह कहते हैं कि घर वालों को तो साजिद और वाजिद से पैसा भेजे जाने की खबर का इंतजार था, परंतु यह इंतजार अब इंतजार ही रह गया। दिसंबर महीने में गांव के लोगों को यह आशा थी कि उनकी औलाद अब पैसे भेजने की सूचना देगी, लेकिन रविवार की सुबह तो कमाउ पुत्र खोने की सूचना मिलने के बाद इनके पैरों तले की जमीन खिसक गई।

महिला अपराध के खिलाफ है कड़ा कानून: जी. किशन

नई दिल्ली(ए.)। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री जी. किशन रेड्डी ने महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर कहा कि अपराध कानून (संशोधित) एक्ट 2018 में 12 साल तक की बच्चियों के साथ रेप पर कड़ा कानून के प्रावधान लाए गए। इसमें 2 महीने के अंदर ट्रायल और जांच को पूरा करने को कहा गया है।

गृह राज्यमंत्री जी. किशन रेड्डी ने एक लिखित सवाल के जवाब में नए केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर और लद्दाख को लेकर कहा- सातवें केन्द्रीय पेय कमिशन 4800 करोड़ की मंजूरी जम्मू कश्मीर और लद्दाख के केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए की है।

नागरिकता बिल को लेकर एक तरफ जहां देश के कई हिस्सों खासकर पूर्वी हिस्से असम में प्रदर्शन चल रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ वामदलों ने मंगलवार की सुबह संसद परिसर में इसके विरोध में प्रदर्शन किया।

नागरिकता संशोधन बिल को लेकर गुवाहाटी में कई संगठन प्रदर्शन कर रहे हैं। असम एक्टर्स बरसा रानी और उत्पल भी प्रदर्शन के बीच मौजूद दिखे। जबकि, उधर दिल्ली के जंतर मंतर से लेकर उत्तर प्रदेश के आगरा तक इस बिल पर प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।

प्याज खरीदने के लिए लाइन में खड़े आंध्र प्रदेश के किसान की मौत

विजयवाड़ा। देश भर में प्याज की बढ़ती कीमतों ने लोगों के आंसू निकाल दिए हैं। आम आदमी की जेब ढीली होने के बाद अब प्याज के बढ़ते दाम लोगों की जान पर आफत बन गया है। आंध्र प्रदेश में सब्सिडी वाले प्याज खरीदने की लाइन में खड़े एक शख्स की कार्डिऐक अरेस्ट के चलते मौत हो गई। घटना कृष्णा जिले के गुडिवाडा कस्बे की है। प्याज के दामों में वृद्धि के चलते यह देश में पहली मौत बताई जा रही है।

विधायक सेंगर को सजा होगी या नहीं, 16 को कोर्ट करेगा फैसला

उन्नाव रेप केस

नई दिल्ली(ए.)। उन्नाव रेप केस पर दिल्ली की कोर्ट ने मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। बीजेपी के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सजा होगी या नहीं, इस पर कोर्ट अब 16 दिसंबर को फैसला सुनाएगा। बता दें कि उन्नाव रेप केस के आरोपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने 2017 में उन्नाव में एक नाबालिग लड़की के बलात्कार के मामले में भाजपा से निष्कासित विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के खिलाफ अगस्त महीने में ही आरोप तय किए। जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने सेंगर के साथी शशि सिंह के खिलाफ भी नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में आरोप तय किए। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धाराओं 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र), 363 (अपहरण), 366 (अपहरण एवं महिला पर विवाह के लिए दबाव डालना), 376 (बलात्कार) और बाल यौन अपराध संरक्षण कानून (पॉक्सो) की प्रासंगिक धाराओं के तहत आरोप तय किए हैं।

खुलासा 2018 में पूरे विश्व में करीब 420 अरब डॉलर के हथियारों की बिक्री हुई

खरीदने में भारत दूसरे नंबर पर लेकिन बिक्री में पिछड़ा

- **अकेले अमेरिका ने करीब 246 अरब डॉलर का हथियार बेचा**

नई दिल्ली (ए.)। सिपरी (SIPRI) की रिपोर्ट के मुताबिक, 2018 में विश्व की 100 सबसे बड़ी हथियार बनाने वाली कंपनियों ने कुल 420 अरब डॉलर का हथियार बेचा किया। 2017 के मुकाबले इसमें करीब 5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। स्टॉकहोम इंटरनैशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) की रिपोर्ट का कहना है कि हथियार बेचने के मामले में अमेरिका अभी भी अव्वल है और उसने कुल उत्पादन का 59 फीसदी, करीब 246 अरब डॉलर का हथियार बेचा है।

भारतीय कंपनियों का योगदान महज 1.4 फीसदी: बात अगर भारत की करें तो सार्वजनिक क्षेत्र की तीन शीर्ष रक्षा कंपनियों की सामूहिक बिक्री 2018 में 6.9 प्रतिशत घटकर 5.9 अरब अमेरिकी डॉलर रह गई। हालांकि इस दौरान वैश्विक स्तर पर हथियारों की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। भारत की रक्षा क्षेत्र की तीनों कंपनियां दुनिया की शीर्ष 100 हथियार आपूर्तिकर्ताओं में आती हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स 38वें नंबर पर, इंडियन ऑर्डिनेंस फैक्टरीज 56वें नंबर पर और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 62वें नंबर पर हैं। तीनों कंपनियों ने मिलकर करीब 1.4 फीसदी हथियारों की बिक्री की है।

लॉकहीड मार्टिन अकेले 11% हथियार बेची

अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन 2009 से लगातार विश्व में सबसे ज्यादा हथियार बेच रही है। उसने अकेले 47.3 अरब डॉलर (करीब 11%) का हथियार बेचा है। हथियार बेचने के मामले में 8.6 फीसदी हिस्सेदारी के साथ रूस दूसरे, 8.4 फीसदी हिस्सेदारी के साथ इंग्लैंड तीसरे और 5.5 फीसदी हिस्सेदारी के साथ फ्रांस चौथे नंबर पर है। चीन को लेकर पर्याप्त डेटा नहीं होने के कारण उसे लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है। हालांकि सिपरी का कहना है कि उसकी भी हिस्सेदारी 3-7 फीसदी तक है।

सऊदी सबसे ज्यादा हथियार आयात करता है

भारत की हथियार बनाने वाली कंपनियों ने ज्यादातर घरेलू मांगों को पूरा किया है। रिपोर्ट से साफ जाहिर होता है कि भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक (सऊदी अरब के बाद) होने के बावजूद डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने में अब तक विफल रहा है। ऐसे में अगर वैश्विक मतभेद की स्थिति में हथियारों की सप्लाई बंद हो जाती है तो भारत के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण हो जाएगी।

यूएसए और छत्तीसगढ़ के मध्य एक्सचेंज प्रोग्राम चलाया जाए : उइके

राज्यपाल से अमेरिका के काउंसलेट जनरल रेंज ने की सौजन्य मुलाकात

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में अमेरिका के काउंसलेट जनरल डेविड रेंज ने सौजन्य मुलाकात की। उनके मध्य उच्च शिक्षा, पर्यावरण एवं नक्सल मामलों सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने उनका छत्तीसगढ़ आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अनेक संभावनाएं हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के विश्वविद्यालय और यूनाइटेड स्टेट ऑफअमेरिका के मध्य एक्सचेंज प्रोग्राम चलाया जाना चाहिए, जिससे छत्तीसगढ़ और यू.एस.ए. के विद्यार्थियों को एक दूसरे की संस्कृति और परम्पराओं का ज्ञान होगा और उसके साथ ही प्रदेश के विशेषकर आदिवासी वर्ग के विद्यार्थियों को नए अवसर प्राप्त होंगे। इस मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने यू.एस.ए. में फुल ब्राइट स्कॉलर भेजने, आदिवासी विद्यार्थियों को शोध और उच्च शिक्षा में फेलोशिप के लिए यू.एस.ए. के शैक्षणिक संस्थानों में भेजने और जलवायु परिवर्तन एवं कुपोषण से लड़ाई जैसे विषयों पर सहयोगिता बढ़ाने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्वच्छ पर्यावरण और वायु की गुणवत्ता में सुधार के क्षेत्र में भी कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए यू.एस.ए. के विशेषज्ञों से प्रदेश को मदद मिल सकती है। उन्होंने गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी की जानकारी दी और उक्त बीमारी के कारणों की जांच के लिए यू.एस.ए. से चिकित्सकीय विशेषज्ञ भेजने का आग्रह किया। इस पर काउंसलेट जनरल ने आवश्यक मदद का आश्वासन दिया।

राज्यपाल ने नक्सल मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह अंतर्राज्यीय समस्या है, जिसका समाधान केन्द्र और राज्य सरकार के समन्वय से किया जा सकता है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसके समाधान के लिए कार्ययोजना बनाई है। सुश्री उइके ने कहा कि आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमण्डल से चर्चा के दौरान यह सुझाव सामने आया था कि संबंधित क्षेत्रों में सड़क, बिजली और शिक्षा संबंधी क्षेत्रों में विकास होना चाहिए।

उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए युवाओं को रोजगार से जोड़ना आवश्यक है। साथ ही नक्सल समस्या के समाधान में चर्चा के लिए स्थानीय नेतृत्व की सहभागिता भी होनी चाहिए। सुश्री उइके ने कहा कि जो सामान्य मामलों में और जो निर्दोष आदिवासी जेलों में बंद हैं, उन्हें रिहा करने के लिए राज्य सरकार से चर्चा हुई है और इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए और नक्सल प्रभावितों के राहत के लिए आवास प्रदान करने सहित कार्ययोजना भी बनाई गई है। श्री रेंज ने कहा कि छत्तीसगढ़ नैसर्गिक संसाधनों से भरपूर प्रदेश है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किए जा सकते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री सोनमणि बोरा और श्री डेविड रेंज के बीच भी मुलाकात हुई। इस दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। श्री बोरा बताया कि वे गत वर्ष वे न्यूयार्क यू.एस.ए. के मैक्सवेल स्कूल में पब्लिक पॉलिसी एवं पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में अध्ययन करके लौटे हैं। श्री रेंज ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि उनकी सुपुत्री भी इसी संस्था में अध्ययनरत है। उन्होंने श्री बोरा को उच्च शिक्षा सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए आमंत्रित भी किया।

पॉलीमार प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। दिल्ली के अनाज मंडी के बाद अब छत्तीसगढ़ के रायपुर के उरकुरा स्थित पॉलीमर प्लास्टिक फैक्ट्री में जबरदस्त आग लग गई है। आग लगते ही कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि किसी के जान माल की नुकसान की खबर नहीं है। हादसे की सूचना के बाद फायर ब्रिगड की 4 गाड़ियां घटना स्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार आग किस वजह से लगी है इसका पता नहीं चल सका है। हालांकि पहली नजर में आग लगने की वजह शार्ट सर्किट मानी जा रही है। आग इतनी भयावह है कि दूर से ही धुएं की गुब्बार और आग की लपटे नजर आ रही है। आप-पास के इलाके में पूरा धुआं ही धुआं भर गया है। जिस फैक्ट्री में आग लगी है उसमें प्लास्टिक का बैग बनाया जाता था।

खमतराई थाना प्रभारी के मुताबिक करीब 2:30 बजे रायपुर पॉलीमर कम्पनी में आग लगने की सूचना आयी थी। जिसके बाद आग पर काबू पाने के लिए 4 दमकल मौके पर पहुँची है, लेकिन अब तक पूरी तरह आग पर काबू नहीं पाया गया है। आग पर काबू पाने का लगातार प्रयास जारी है। किसी भी तरह की जन हानि की सूचना नहीं हुई है।

जीएसटी में अतिरिक्त 20% इनपुट टैक्स क्रेडिट को समाप्त करवाने की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष जैन जितेन्द्र बरलोटा, महामंत्री लालचंद गुलवानी, कोषाध्यक्ष प्रवक्ता द्वय ललित जैसिंघ एवं योगेश अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में सेन्ट्रल जीएसटी के नियम 36, दिनांक 9 अक्टूबर, 2019 के अधिसूचना क्रमांक 49/2019 के तहत नियम 36(4) के तहत जोड़ा गया है जिसके अनुसार कोई भी रजिस्टर्ड व्यापारी को सप्लायर द्वारा चढ़ाये गये एवं रिटर्न 2-। में मैच इनपुट टैक्स केडिट की पात्रता से 20 प्रतिशत अधिक केडिट ले सकेगा।

सांसद सुनील सोनी ने केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर को सौंपा ज्ञापन

पदाधिकारियों ने कहा कि उक्त प्रावधान माननीय प्रधानमंत्री जी के इज ऑफडुइंग की मंशा के विपरीत है एवं पूर्णतः अव्यवहारिक कदम है, जिसका भार व्यवसायियों पर पड़ेगा और सप्लायर के आर-1 रिटर्न नहीं चढ़ाने की स्थिति में रिसिपियेन्ट को सेल्फअसेसमेंट के तहत टैक्स एवं ब्याज का दायित्व आयेगा। वर्तमान में वैश्विक मंदी और इस अव्यवहारिक नियम से असंतोष पनपेगा।

एक्सपायरी इंजेक्शन लगाने से मौत का मामला ठंडा पड़ा

■ **गोयल अस्पताल के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग अब तक साध रखी है चुप्पी**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के समता कालोनी के निजी अस्पताल गोयल नर्सिंग होम में एक महिला की एक्सपायरी डेट की इंजेक्शन लगाने से मौत मामले में स्वास्थ्य विभाग अब तक चुप्पी साध रखी है।

हालांकि ऐसी जानकारी मिल रही है इस मामले को मानवाधिकार आयोग ने अपने संज्ञान में लिया है और इससे जुड़ी जानकारी स्वास्थ्य विभाग से मांगी है।

विदित हो कि रायपुर की रहने वाली एक महिला की गोयल अस्पताल में इंजेक्शन लगाने के बाद मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया था कि जो इंजेक्शन उसे लगाया गया था वो एक्सपायरी डेट का था, जिसके लगाने के तुरंत बाद उसकी बहन के शरीर का रंग नीला पड़ने लगा और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतका के परिजनों ने अस्पताल में भी जमकर हंगामा किया था। इस घटना को 3 तीन बीत चुके है लेकिन अभी तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। विभाग इस मामले में चुप्पी साधी हुई है।

उल्लेखनीय हो कि अस्पताल में लापरवाही बरतने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई अस्पतालों में मरीजों के इलाज में लापरवाही बरती जाती रही है और परिणाम स्वरूप मरीजों को अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का हर्जाना अपनी जान से देकर चुकाना पड़ा है।

गौर करने वाली बात यह है कि अस्पताल प्रबंधन अपनी लापरवाही छुपाने के लिए मृतकों के परिजनों द्वारा अस्पताल में किये जाने वाले हंगामा को उजागर करते हुए अक्सर इस मामले को दबा दिया जाता है, परिणाम स्वरूप घटना की जांच तक नहीं हो पाती है। देखना अब यह है कि क्या स्वास्थ्य विभाग इस मामले की जांच कराती है या नहीं।

न्यौता...

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित हो रहे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेजे गए निमंत्रण को संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने सोमवार को सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को दिया। श्री भगत ने मुख्यमंत्री श्री तमांग से मुलाकात कर उन्हें 27 दिसम्बर से होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव छत्तीसगढ़ आने का अनुरोध किया। श्री भगत ने मुख्यमंत्री श्री तमांग से सिक्किम के लोक कलाकरों को नृत्य महोत्सव में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ भेजने का आग्रह किया।

भरोसा प्रदेश में मानव अधिकार दिवस पर सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में ली गई शपथ

मंत्रालयीन कर्मियों ने लिया मानव अधिकारों के संरक्षण की शपथ

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। विश्व मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर के अवसर पर मंत्रालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों ने मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन की शपथ ली। अपर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालयीन कर्मियों को शपथ दिलाया कि वे सभी मानव अधिकारों को पूरे विश्वास और निष्ठा से धारण करेंगे और उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना सभी के मानव अधिकारों का सम्मान एवं समर्थन करेंगे तथा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से किसी के भी मानव अधिकार का अपने विचार शब्द या कार्यो से नुकसान नही पहुंचाएंगे।

जनसम्पर्क में भी दिलाई गई शपथ

जनसम्पर्क संचालनालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने आज विश्व मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर के अवसर पर मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन की शपथ ली। अधिकारी-कर्मचारियों ने शपथ ली कि वे सभी मानव अधिकारों को पूरे विश्वास और निष्ठा से धारण करेंगे।

हीरे की भांति गुणी है पॉवर कंपनी के कर्मी : शुक्ला

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत स्टेनोग्राफर्स एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के चैयरमेन शैलेन्द्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में 'सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश भर से आये स्टेनोग्राफर्स एवं स्टाफ आफीसर्स दर्जे के अधिकारी-कर्मचारी षामिल हुए। इस अवसर पर चैयरमेन श्री शुक्ला का सम्मान एसोसिएषन की ओर से किया गया। इस अवसर पर चैयरमेन श्री शुक्ला ने पदोन्नत कर्मियों को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी के हरेक अधिकारी-कर्मचारी हीरे की भांति है, जिनकी योग्यता के बूते कंपनी सतत् उंचाईयों की ओर अग्रसर है। एसोसिएशन के कार्यकारिणी समिति की ओर से अध्यक्ष डी.के. बिसेन, उपाध्यक्ष आनंद सोनी एवं महासचिव वीरेन्द्र कुमार पाठक ने

महाप्रबंधक (मानव संसाधन), होल्डिंग कंपनी एच.के. पाण्डे का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मिक अभिनंदन किया। समारोह का संचालन करते हुए एसोसिएषन के उपाध्यक्ष श्री सोनी ने बताया कि पॉवर कंपनी के इतिहास में पहली बार वर्षों से लंबित कर्मियों की पदोन्नति हुई है जो कि संस्था के साथ साथ कर्मचारी हितैषी निर्णय है। उन्होंने इस हेतु पॉवर कंपनी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया और कंपनी को सतत उंचाईयों की ओर ले जाने के लिए संकल्प दोहराया। इसी क्रम में महाप्रबंधक (मानव संसाधन), होल्डिंग कंपनीएच.के. पाण्डे और अति महाप्रबंधक, जनसंपर्क विजय मिश्रा ने भी अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी।

न्यूज गैलरी

बीएससी नर्सिंग की 833 सीटें रिक्त

रायपुर। बीएससी नर्सिंग की निर्धारित पंजीयन संख्या पूर्ण होने के लिए 833 सीटें रिक्त है जिसके चलते चौथी बार ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई गई थी। आज आन लाइन आवेदन की अंतिम तिथि है। छूटे हुए अभ्यर्थी आज ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर 12 दिसंबर तक एडमिशन ले सकते हैं। डीएमई चिकित्सा शिक्षा के अनुसार बार-बार इंडियन नर्सिंग काउंसिल से निवेदन कर प्रवेश के लिए तिथि बढ़वाई गई बावजूद इसके सरकारी कॉलेजों के मुकाबले निजी कॉलेजों में अब भी सीटें रिक्त है। निजी कॉलेजों की सीटों को भरने के लिए ही आवेदन की तिथि बढ़ाई गई आज के बाद आवेदन की तिथि नहीं बढ़ाई जाएगी। इस साल नर्सिंग में आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर को है। आवेदन करने के बाद अभ्यर्थी को 12 दिसंबर तक एडमिशन की प्रक्रिया पूर्ण करना है।

सहायक संचालकों के पदों के लिए साक्षात्कार कल

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक संचालक के विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 12 दिसंबर को किया गया है। योजना आर्थिकी सांख्यिकी आवास एवं पर्यावरण विभाग में 13 दिसंबर तक इंटरव्यूह जारी रहेगा। आयोग के परीक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उक्त पदों के लिए दो दिनों 30 आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। साक्षात्कार दो पालियों में आयोजित होंगी। पहली पाली सुबह 9 से 1 बजे तक एवं दूसरी पाली में 2 बजे से 5 बजे के मध्य साक्षात्कार आयोजित किए गए हैं। सहायक संचालक सर्वे पद के लिए 9 उम्मीदवारों को आमंत्रित किया गया है। साक्षात्कार से एक दिन पूर्व उम्मीदवारों को अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा।

ट्रेप्सोसीन प्लस 184 नग कैप्सूल पकड़ाया

रायपुर। डॉक्टर की बिना पर्ची के शहर में आए दिन मेडिकल स्टोर से मरीज दुकानदार की बुद्धि पर विश्वास कर दवाईयां लेते रहते हैं जिसकी आड़ में कई जगह नशीले कैप्सूल भी बेचे जा रहे हैं। शेख नासिर अहमद आयु 31 वर्ष पिता शेख शिराजुद्दीन निवासी नयापारा आजम किराया दुकान के पास गोल बाजार से 23 पत्ता ट्रेप्सोसीन प्लस 184 नग नशीला कैप्सूल ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया है।

लड़की से छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी

रायपुर। हैदराबाद एवं छत्तीसगढ़ में दुष्कर्म एवं छेड़छाड़ की घटनाएं लगातार घट रही हैं। हैदराबाद एनकाउंटर के बाद भी आवारा तत्व अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। स्कूल जाती लड़की का हाथ पकड़कर रास्ता रोककर दुबे कालोनी निवासी सन्नी दुबे निवासी दुबे कालोनी मोवा द्वारा छेड़छाड़ का विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

युवती को धमकाने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर। सोशल मीडिया में फेसबुक के जरिए फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर युवतियों को परेशान करने वालों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इसी कड़ी में एसबीआई कॉलोनी फाफाडीह गंज निवासी युवती को फेसबुक के माध्यम से परिचय कर गांधी हंसराज उर्फ कृणाल गांधी पिता मुकेश भाई एवं संदीप द्वारा आवेदिका पर दबाव एवं भय का वातावरण बनाकर अवैधानिक रूप से अपने खाते में 576150 रुपये जमा करने के लिए दबाव डाला गया। नहीं मानने पर युवती की फेसबुक आईडी को सार्वजनिक करने की धमकी आरोपियों ने दी।

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर। शहर में इन दिनों लगातार नशेड़ियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। साथ ही नशीले पदार्थों की तस्करी/अवैध बिक्री भी बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में गांधी नगर पंडरी निवासी विष्णु बघेल आयु 22 वर्ष पिता श्याम बघेल को चोरी छुपे थैले में एक किलो 6 सौ ग्राम गांजा ले जाते हुए सिविल लाइन पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा।

संपादकीय

नागरिकता संशोधन विधेयक स्वागतेय

लोकसभा में नागरिकता संशोधन विधेयक बहुमत से पारित हो गया। अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा। उम्मीद है कि वहां भी यह विधेयक पारित हो जाएगा। लोकसभा में नागरिकता संशोधन विधेयक पर हुई इस चर्चा के दौरान कांग्रेस सहित अनेक विपक्षी दलों ने इस विधेयक का जमकर विरोध किया। उनका कहना है कि नागरिकता संशोधन विधेयक असंवैधानिक है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि इस बिल के जरिए सरकार अल्पसंख्यकों को निशाना बना रही है। इसके जवाब में गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि नागरिकता संशोधन बिल राष्ट्र हित में है और इसमें अल्पसंख्यकों के प्रति किसी भी तरह का कोई अन्याय करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े लेते हुए जवाबी हमला किया कि कांग्रेस ने धर्म के आधार पर देश का बंटवारा किया था। कांग्रेस ने अगर धर्म के आधार पर देश का विभाजन नहीं किया होता तो आज उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक लाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। बहरहाल लोकसभा में यह बिल विपक्ष के भारी विरोध के बीच पारित हो गया है। लोकसभा में इस बिल के पारित होने के बाद पड़ोसी राज्यों से भारत में आए लाखों हिन्दू और सिख खुश है। हिन्हें अब आसानी से भारतीय नागरिकता प्राप्त हो जाएगी। निश्चित रूप से नागरिकता संशोधन विधेयक राष्ट्रहित में है और इसका पूरे देश को एक स्वर में स्वागत करना चाहिए। पूर्वोत्तर राज्यों में इस विधेयक को लेकर विरोध के स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। उन्हें भी विश्वास में लेने की आवश्कता है। उन्हें यह भरोसा दिलाना होगा कि इस विधेयक से उनके हितों पर कोई कुठाराघात नहीं होगा। ऐसा लगता है कि विपक्ष सिर्फ विरोध के नाम पर ही इस विधेयक का विरोध कर रहा है। जबकि यह इस देश की विड़म्बना है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी राज्यों से लाखों की संख्या में भारत आए हिन्दुस्तानी आज अपने ही घर में बेगाने होकर रह गए है। ऐसे हिन्दुओं को यदि भारत नागरिकता नहीं देगा तो दुनिया का और कौन सा ऐसा देश है जहां इन्हें नागरिकता मिल पाएगी। बेहतर होगा कि विपक्ष नागरिकता संशोधन विधेयक का विरोध छोड़ इस विधेयक के मार्ग में अनावश्क बाधा खड़ी न करें। इस विधेयक के जरिए देश को धार्मिक आधार पर बांटा नहीं जा रहा है बल्कि उन लाखों हिन्दुओं, सिखों और बौद्धों को न्याय दिया जा रहा है। जो पिछले सात दशकों से अपने अधिकार से वंचित रहे हैं।

विचार

रेप-मर्डर और यौन हिंसा

हैदराबाद रेप-मर्डर के चारों आरोपियों के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद देशवासियों के एक बड़े हिस्से ने राहत की सांस लेनी शुरू ही की थी कि उन्नाव रेप पीड़िता की मौत ने दोबारा सबको मायूसी की चपेट में ले लिया। घटनाओं का यह क्रम बताता है कि हम नृशंस घटनाओं से उद्वेलित तो होते हैं लेकिन समाज और सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए कुछ ठोस नहीं कर पाते। 2012 में दिल्ली की सड़कों पर निर्भया के साथ हुई हैवानियत ने देश में एक जागृति पैदा की। फिर पिछले साल ऐसी दूसरी लहर #मीटू मूवमेंट के रूप में उभरी जब कार्यस्थलों पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न मुद्दा बना। करीब पांच साल के अंतर पर आई इन हलचलों का समाज के मन-मस्तिष्क पर कुछ न कुछ प्रभाव जरूर पड़ा होगा, लेकिन निश्चित रूप से यह इतना कारगर नहीं था कि ऐसी घटनाओं में थोड़ी भी कमी महसूस हो सके। यौन हिंसा के मामलों को लेकर हमारे प्रशासनिक तंत्र की प्रतिक्रिया कमोबेश पहले जैसी ही रही। कुछ मामले ऐसे भी दिखे, जिनमें स्थानीय जनमत बलात्कारियों के पक्ष में जाता दिखा। कठुआ से लेकर उन्नाव और शाहजहांपुर तक ऐसे कई मामले हैं जहां ताकतवर आरोपी के सामने प्रशासनिक तंत्र पस्त नजर आया। कभी लड़की के चाल चरित्र को तो कभी उसके व्यवहार को दोष देने वाले बयान भी कम नहीं हुए। ऐसे में यह सवाल वाजिब है कि क्या हम और हमारी सरकार इन घटनाओं को महज एक तात्कालिक सनसनी के ही रूप में लेते रहने को अभिशप्त हैं? जब कोई बड़ी घटना हो जाए तो उसके आरोपियों को फांसी देने की मांग करना और फिर सरकार की तरफसे कोई सुर्रा छोड़ दिए जाने पर खुशी से उछल जाना! इस हकीकत की तरफहमारा ध्यान कम ही जाता है कि बलात्कार के मामलों में दोष साबित होने और सजा पड़ने का अनुपात जहां का तहां अटका पड़ा है।

टेक ज्ञान

जीमेल में आया नया फीचर

नई दिल्ली। गूगल की ईमेल सर्विस Gmail में एक नया फीचर जुड़ा है। इस फीचर का नाम 'attach an email to an email' है। अब यूजर्स को ईमेल फॉरवर्ड करने के लिए पहले उसे डाउनलोड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गूगल अब जीमेल में ईमेल्स को अटैचमेंट के तौर पर फॉरवर्ड करने की सुविधा दे रहा है। अगर अभी की बात करें तो यूजर्स को अटैचमेंट वाले ईमेल्स को फॉरवर्ड करने के लिए पहले उसे डाउनलोड करना पड़ता है और फिर उन अटैचमेंट्स को एक-एक करके ऐड करना होता है। नए फीचर में अगर आप कोई ई-मेल किसी को फॉरवर्ड करना चाहेंगे तो आपको इसे अटैचमेंट डाउनलोड नहीं करना होगा, बल्कि आप इसे भेजे जाने वाले ई-मेल में सीधे ड्रैग करके भेज पाएंगे। गूगल ने अब अटैचमेट वाले ईमेल्स को फॉरवर्ड करना आसान कर दिया है। अब ईमेल डाउनलोड या अपलोड करने की प्रक्रिया को ऑटोमैटिक कर दिया गया है। इसके लिए गूगल ने जीमेल में एक खास बिल्ट इन यूजर इंटरफेस दिया है जो एक साथ कई ईमेल को फॉरवर्ड करने की सुविधा देता है।

एससी, एसटी और क्रिमी लेयर

सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश से एतराज क्यों?

उपेन्द्र प्रसाद

> मामला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट के पाले में है। उसे यह निर्णय करना है कि वह 2018 के आदेश की समीक्षा करे या सरकार को साफसाफ शब्दों में यह आदेश दे कि ओबीसी की तरह ही एससी और एसटी के क्रीमी लेयर में आने वाले लोगों को आरक्षण से वंचित कर दिया जाय। इन्दिरा साहनी केस का फैसला 1992 में आया था। तब से अबतक 27 साल बीत चुके हैं और इस बीच एससी और एसटी आबादी को फाइल भी बदल चुका है। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट कह सकता है कि 2018 का आदेश 1992 के आदेश का उल्लंघन नहीं, क्योंकि 27 सालों में स्थितियां बदल चुकी हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इससे एससी और एसटी आरक्षण पर किसी तरह का असर नहीं पड़ता।

पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेश में केन्द्र और राज्य सरकारों से कहा कि वह अनुसूचित जातियों और जनजातियों को दिए जा रहे आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रावधान डाले। सुप्रीम कोर्ट इन समुदायों के लिए आरक्षण में प्रमोशन के मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्र की अध्यक्षता वाले एक बेंच में हो रही थी। आरक्षण में प्रमोशन को सही मानते हुए कोर्ट ने कुछ शर्तें रख दीं और उसके साथ ही सभी प्रकार के एससी-एसटी के आरक्षण में इन वर्गों के क्रीमी लेयर को बाहर रखने को कहा। लेकिन केन्द्र और राज्य सरकारें सुप्रीम कोर्ट को उस आदेश को मानने को तैयार नहीं हैं। इस बीच सरकारी सेवाओं में नियुक्तियों और शैक्षिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए कई बार विज्ञापन आए, लेकिन एससी और एससी उम्मीदवारों के लिए क्रीमी लेयर नहीं लगाया गया। क्रीमी लेयर लगाना तो दूर अभी तक एसएसी और एसटी के लिए क्रीमी लेयर का क्राइटेरिया तक तय नहीं किया गया है।

वैसे क्रीमी लेयर ओबीसी के लिए पहले से ही लागू है और इसका क्राइटेरिया भी तैयार है। यदि इसी क्राइटेरिया को एससी और एसटी के लिए भी स्वीकार कर लिया जाता है, तो फिर वैसा करने के लिए अलग से कोई कमिटी बनाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी, लेकिन जब सरकार इसके लिए तैयार ही नहीं हो, तो फिर बात ही कुछ अलग हो जाती है। इस बीच एससी और एसटी समुदाय के ही कुछ लोग फिर अदालत का रुख कर रहे हैं और चाह रहे हैं कि कोर्ट हस्तक्षेप कर सरकारों को उसके आदेश को मानने के लिए बाध्य करे। सरकार को इसके लिए नोटिस भी जारी किए गए हैं और अब सरकार कह रही है कि सुप्रीम कोर्ट अपने उस आदेश की समीक्षा करे और वह समीक्षा 7 जजों के बेंच के द्वारा की जाय, क्योंकि जिस बेंच ने क्रीमी लेयर का आदेश दिया, वह 5 जजों को बेंच था।

आखिर सरकार कोर्ट के आदेश का पालन क्यों नहीं कर रही है? इन्दिरा साहनी केस के नाम से प्रचारित मंडल केस में जब सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी के लिए क्रीमी लेयर का प्रावधान किया था, तो उसने उसे झट से स्वीकार कर लिया था और प्रसाद कमिटी बनाकर क्रीमी लेयर के मानदंड भी तय कर दिए थे, लेकिन जब एससी और एसटी का मामला आया तो सरकार इसके लिए तैयार नहीं। कहने की जरूरत नहीं कि इसका मुख्य कारण राजनैतिक ही है। सरकार नहीं चाहती कि इस तरह के फैसले से दलितों और आदिवासियों के शक्तिशाली दबाव समूहों को नाराज किया जाय। आदिवासियों को दबाव समूह बहुत मजबूत तो नहीं है, लेकिन दलितों का दबाव समूह बहुत मजबूत है और सत्ता में इसका दखल भी है। क्रीमी लेयर के प्रावधान से इस दबाव समूह के लोग प्रभावित होंगे। समूह के अधिकांश लोगों के बच्चों को आरक्षण का लाभ मिलना समाप्त हो जाएगा। इस दबाव समूहों के लोगों का सत्ता पर काबिज लोगों के साथ जबर्दस्त गठबंधन है और यह इसी गठबंधन का असर है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानने से इनकार कर रही है और उलटे उसे इसकी समीक्षा करने के लिए कह रही है।

वैसे इसका एक तकनीकी पक्ष भी है। इन्दिरा साहनी के जिस केस में ओबीसी के लिए क्रीमी लेयर का प्रावधान किया गया था, उसी केस में यह भी कहा गया था कि एसएसी और एसटी में इसे लागू करने की जरूरत नहीं है। इसका कारण बताते हुए कहा गया था कि एससी और एसटी समाज का सबसे पिछड़ा हुआ समुदाय है। वह बेंच 9 जजों का था। जिस बेंच ने पिछले साल एससी और एसटी में क्रीमी लेयर लगाने को कहा, वह पांच सदस्यों का बेंच था। इसलिए तकनीकी मसला यह है कि पांच जजों का बेंच 9 जजों के बेंच के फैसले को कैसे पलट सकता है। इसी को आधार बनाकर केन्द्र सरकार सुप्रीम कोर्ट से अपने आदेश की समीक्षा करने को कह रही है। लेकिन वह चाहती है कि 7 जजों का बेंच इसकी समीक्षा करे। पर सवाल उठता है कि यदि 7 जजों के उस बेंच ने समीक्षा करके क्रीमी लेयर को उचित ठहराया तो फिर पुराना सवाल बना ही रहेगा कि 7 जजों का बेंच 9 जजों के बेंच के फैसले को कैसे पलट सकता है। इसकी तर्क तो यही कहता है कि केन्द्र सरकार को कहना चाहिए कि 11 जजों का बेंच बनाया जाय, जो 5 जजों और इन्दिरा साहनी केस वाले 9 जजों के आदेशों की समीक्षा करे।

मामला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट के पाले में है। उसे यह निर्णय करना है कि वह 2018 के आदेश की समीक्षा करे या सरकार को साफसाफ शब्दों में यह आदेश दे कि ओबीसी की तरह ही एससी और एसटी के क्रीमी लेयर में आने वाले लोगों को आरक्षण से वंचित कर दिया जाय। इन्दिरा साहनी केस का फैसला 1992 में आया था। तब से अबतक 27 साल बीत चुके हैं और इस बीच एससी और एसटी आबादी को प्रोफाइल भी बदल चुका है। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट कह सकता है कि 2018 का आदेश 1992 के आदेश का उल्लंघन नहीं, क्योंकि 27 सालों में स्थितियां बदल चुकी हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इससे एससी और एसटी आरक्षण पर किसी तरह का असर नहीं पड़ता। समुदाय के रूप में उन्हें आरक्षण मिलता रहेगा। फर्क सिर्फ यह पड़ेगा कि उसमें जो संपन्न और समृद्ध होकर क्रीमी लेयर में आ गए हैं, उनकी जगह उन्हीं समुदायों के गरीब लोगों को उस आरक्षण के तहत नियुक्तियां और प्रवेश मिलेंगे। इसके कारण एससी और एसटी समुदायों में समृद्धि और संपन्नता का आधार और विस्तृत होगा और उनमें गरीबी और पिछड़ापना दूर करने में ज्यादा सफलता मिलेगी।

आरक्षण व्यवस्था ने दलितों और आदिवासियों के सशक्तिकरण में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है, लेकिन इसके कारण उन समुदायों में जबर्दस्त विषमता पैदा कर दी है। जिस तर्क से दलितों और आदिवासियों को आरक्षण दिया गया था कि वे समाज के अगड़े तबकों से बराबरी की प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, उसी तर्क से अब उनके बीच क्रीमी लेयर लगाया जाना चाहिए कि गरीब और पिछड़े दलित संपन्न दलितों के साथ बराबरी का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। **(संवाद)**

सीएबी और एनआरसी देश सुरक्षा के लिए अहम

शिशिर बडकुल

> आप को देश के बाहर के क्षेत्रों से आए आ रहे लोगों की नागरिकता की इतनी परवाह क्यों !! सुरक्षा का काम जिम्मेदारों के हक में रहे तो बेहतर है । संविधान प्रस्तावना में आगे देश की अखंडता की बात है , अगर असम आंदोलन ना होता तो यह निश्चित है कि आज पीओके के साथ हम बांग्लादेश से असम वापस लेने के लिए लड़ रहे होते । इसलिए सीएबी हो क्या एनआरसी दोनों सुरक्षा की दृष्टि से हम हैं देश के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों के हित में दोनों कानूनों का स्वागत करे ।

एशियाई दीप में भारत एक ऐसा देश है, जहां सर्वाधिक संख्या में दूसरे देशों से पलायन करके आए लोग रहते हैं । क्योंकि वर्षो पुरानी सनातन संस्कृति से हमें मार्मिक हृदय एवं दयावान भाव विरासत में मिले हैं। पर संस्कार और संस्कृति के चलते सुरक्षा के साथ लापरवाही तो नहीं बरत सकते हैं, देश एवं देशवासियों की सुरक्षा तो सदैव प्राथमिकता रही होगी पर बदलते जमाने के साथ सुरक्षा की जांच प्रक्रिया को दुरुस्त करना भी जरूरी है । पिछले कुछ समय से देश में एनआरसी और सीएबी कानून को लेकर अलग-अलग पटकथा तैयार हो रही हैं ।

भारत-बांग्लादेश के पूर्ण विभाजन के बाद 1971 से भारत में शरणार्थियों के नाम से घुसपैठ की शुरुआत हुई, क्योंकि आजादी के समय देश का विभाजन धर्म आधारित हुआ । तब से पाकिस्तान ,बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत में शरणार्थियों का आना निरंतर जारी है ,या यूं कहें कि किसी भी तरीके से भारत में घुसकर भारत की नागरिकता लेने का दौर चलता रहा । लेकिन भारत एक लोकतांत्रिक देश है, हमारा अपना संविधान है और देश चलाने के अपने स्रोत हैं, लगातार बिना किसी अनुपात और अगणित संख्या में ऐसा चलता रहा तो देश की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी डगमगा जाएगी ।

ऐसा नहीं है कि देश ने बदलती परिस्थिति नहीं देखी है, याद करें तो 1971 को जब बांग्लादेश का विभाजन हुआ तब से असम में बांग्लादेशियों का लगातार आना जारी रहा। पता तो तब चला जब 1978 में हुई जनगणना में असम में अचानक से मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ, जो निश्चित ही चिंता का विषय था। जांच हुई तो पता चला कि बांग्लादेश से आए लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ दिया गया है तब से लेकर 1985 तक असम में राजनीतिक स्थिरता रही। राष्ट्रपति शासन लगा रहा, असम के सामाजिक एवं छात्र संगठनों ने आंदोलन किए जिनका रूप भयावह और उग्र था। आंदोलन कर्ताओं का दावा था, कि 30 से 35ल लोग असम के बाहर से हैं, जिन्हें क्षेत्रीय भाषा तक नहीं आती, वो असम के मूल नागरिक कैसे हो सकते हैं । केंद्र सरकार ने कई पहल की पर आंदोलन नही थमा । तब तत्कालीन प्रधानमंत्री और आंदोलन कर्ताओं के मध्य समझौता हुआ, जो असम समझौता के नाम से जाना जाता है ।

तय हुआ कि 1961 के पहले के असम वासियों को पूर्ण अधिकार प्राप्त होंगे, 1961 से 1971 के मध्य लोगों को मताधिकार छोड़कर सभी अधिकार प्राप्त होंगे, पर 1971 के बाद असम में रहने आए लोगों को वापस भेजना होगा । थोड़ा और पीछे जाए तो भारत का इतिहास जो आज भी हमारे लिए काला अध्याय और जिसने भारत का विकास सदियों पीछे धकेला। उस गुलामी भरे काल की शुरुआत भी शरणार्थियों से हुई थी ।आज तो हम लोकतंत्र में हैं, अब अगर सुरक्षा के साथ बेहतर सावधानी नहीं बरती गई तो असम जैसी भयावह आंदोलन की स्थिति बन सकती है । मतदाता सूची में बढ़ोत्तरी होगी, वोट बैंक की राजनीति भी इसी का परिणाम है । बिना जांच के ही आने दिया तो वह दिन दूर नहीं जब सरकार से लेकर देश की सरकार में वो लोग बैठ जाएंगे , जो आज देश में नागरिकता हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं । समस्या के पहले ही अगर निवारण का विचार करें तो इसमें गलत क्या है? लोकसभा में नागरिकता संशोधन एवं राष्ट्रीय पंजीयन एनआरसी पर चर्चा होती है ,जबकि नागरिकता संशोधन बिल पास हो चुका है । तब भी कुछ लोगों को परेशानी किस बात की, बिल को पेश करते समय देश के गृह मंत्री ने स्पष्ट कहा कि भारत के किसी भी धर्म समुदाय जाति विशेष के लोगों को डरने की बात नहीं है । भारत सबके लिए एक समान है पर तथाकथित समरूपता के विरोधी और धर्म पर राजनीतिक सिद्ध करने वालों ने संविधान का उल्लंघन का हवाला करते हुए विरोध किया।

जबकि भारतीय संविधान की प्रस्तावना में स्पष्ट लिखा है कि राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर हम संविधान को अंगीकृत करते हैं । राष्ट्र की एकता मतलब साफ है कि समस्या अगर देश की है बात अगर देश के हित की है तो एकता जरूरी ही है । राजनीति हक है राजनेताओं का पर वह भूल जाते हैं, कि वह जनता के जनप्रतिनिधि भी हैं जब बिल में साफहै कि भारत से बाहर आने वालों को भारत की नागरिकता लेने के लिए पूर्ण जांच से गुजरना होगा । मुस्लिम समुदाय की बात करें या कहें कि गैर मुस्लिम को वैध करेंगे तो वो देश और देशवासियों की सुरक्षा का विषय है । ***(लेखक के अपने विचार है। लेखक भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हैं)***

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बलात्कार के केस में, अब ना होगी देर

बलात्कार के केस में, अब ना होगी देर। केवल गोली मारकर ,करना होगा ढेर। न्याय मिले यदि देर से, वो होगा अन्याय। भय बिनु होय न प्रीत का, शुरू हुआ अध्याय। रावण चारो चित्त है, हुआ कलेजा शान्त। दिल्ली से गुजरात तक, खुश है सारे प्रान्त।
बलराम निगम

ख़ास पाती | कब तक चिखूंगी, कब तक चिल्लाऊंगी

कब तक चिखूंगी, कब तक चिल्लाऊंगी आखिर कब तक अपनी अस्मिता की लाज बचाने की ख़ातिर दूसरों के सामने गिड़गिड़ाउंगी। कभी नोची गई, कभी बीच सड़क पर अंग भंग करके फेंकी गई, कल भी जलाई गई थी मैं प्रथा के नाम पर, और आज मैं हैवानियत के नाम पर आखिर कब तक आहुति दी जाऊंगी। मुझे खुद से प्रयास करना होगा, अब मोमबती नही हाथ में मशाल लेकर चलना होगा, बहुत बन चूँकि मेनका, उर्वशी, अब चंडी बनकर इन हैवानो का रक्त पीना होगा। **पूजा बहार**

बंधन को निभा लूँ यही बहुत है

बंधन को निभा लूँ यही बहुत है ये दर्द ही सही ए मेरे हमदर्द दिल की बातें तो दिल ही जाने है जुनून तेरा निभा लूँ यहीं बहुत है। **बेनू सतीश कॉंत**

भारत की व्यवस्था हो गई है बहुत निराशाजनक

भारत की व्यवस्था हो गई है बहुत निराशाजनक, सारी शक्ति ऊपर बैठे चंद हाथों में रह गई है सिमट कर, नीचे बैठे लोग होते रहते हैं शिकार ज्यादती का अक्सर और कुछ नहीं कर पाकर रह जाते हैं मन मसोस कर। होगा ऐसा कब तक आखिर ? **अर्पित अनाम**

कुछ लोग कहते है कि बेटियों को

कुछ लोग कहते है कि बेटियों को हथियार दो जिस से वो अपनी सुरक्षा कर सके? आप बेटों को संस्कार क्यों नहीं देते,जिस से वो ये दुष्कर्म ना कर सके ? उन नीचों के लिए हम अपनी बहन बेटियों को हिंसक बना दे?? क्या इतना आसान है एक महिला या लड़की के लिए किसी की जान लेना,जिनका दिल इतना नरम होता है कि एक चींटी भी नही मार सकती। क्यों लडकिया किसी लड़के का बलात्कार कर उसे जिंदा नही जलाती?? खोट पुरुष वर्ग में है तो उपचार उन की मानसिकता का हो।
संध्या चतुर्वेदी

हंस रहे होंगे सभी बस बाद में

हंस रहे होंगे सभी बस बाद में कौन रोता है किसी की याद में बात तेरी आसमाँ तक जाएगी है असर तेरी अगर फरियाद में भीख से बड़कर इसे मानो सभी हो अगर अहसान सा इमदाद में लखनऊ में इक रखेंगे और हम एक सम्मेलन इलाहाबाद में रोटियों मे होगी ताक़त कैसे अब ज़ह्र मिट्टि में मिला और खाद में। **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

भविष्य को लेकर कहीं कोई उम्मीद

भविष्य को लेकर कहीं कोई उम्मीद या सपना बाकी नहीं है. अपने आस-पास नज़र घुमाकर देखने की कोशिश करती हूँ, तो एक अवसाद सा छा जाता है मन पर. ऐसी ज़िंदगी तो नहीं चाही थी मैंने. कहीं न कहीं, कुछ गलत तो ज़रूर हुआ है मगर कहाँ?..पता नहीं! **रितु शर्मा**

नए गलियों की शुरुआत हो गई है

नए गलियों की शुरुआत हो गई है पल-पल को जीत लेता ए मेरे हमदर्द मुस्कराते हुए रहना हर पल जो ताक़त मेरी इस बंधन को निभा लूँ यहीं बहुत हैं ये दर्द ही सही ए मेरे हमदर्द दिल की बातें दिल ही जाने हैं जुनून हर वक़्त को पाने की नए गलियों की शुरुआत हो गई है।
सोनू कुमार आकाश

सच कहती हूँ चुप-चुप रहना

सच कहती हूँ चुप-चुप रहना, तेरा मुझको खलता है ! मन के भीतर पल पल मेरे, डर का साया पलता है !! ज्यों चंदा की राह चकोरी, ऐसे तेरी राह तकूँ ! बिना तुम्हारे स्वप्न आँख का, हिमखण्डों सा गलता है !!
नन्दिनी श्रीवास्तव

लघु कथा

संवेदनशीलता

बहुत दिनों के बाद मुझे कुछ अच्छा असाइनमेन्ट मिला था। न्यूज रूम में पोप जॉन पॉल द्वितीय पर सभी स्क्रिप्ट लिखने और वीडियों एडिटिंग करवाने की जिम्मेदारी मुझे दी गई थी। दरअसल मैंने ही अपने बॉस को बताया था कि पोप की सेहत लगातार गिर रही है। ऐसा लगता है कि ये जल्दी भगवान को प्यारे हो सकते हैं। न्यूज चैनल के लिए ये एक बहुत बड़ी खबर होगी। ऊँचे तबके के लोगों की इस खबर पर पेनी नजर है। क्यों न पोप पर कुछ अच्छे पैकेज पहले से बनाकर रखे जाएँ। कभी इनकी मौत हो गई तो फिर हम दूसरे चैनलों के मुकाबले इसे अच्छे से कवर कर पाएंगे। बॉस को ये आइडिया पसन्द आया और उन्होंने ये जिम्मेदारी मुझे ही सौंप दी। ''आखिरकार लम्बी बीमारी के बाद पोप जॉन पॉल द्वितीय नहीं रहे।'' ''पोप की मौत से पूरी दुनिया में शोक की लहर फैल गई है।'' कुछ ऐसी ही शुरुआती पँक्तियों के साथ मैंने स्क्रिप्ट लिखनी शुरू की। हर दृष्टिकोण से पोप पर मैंने कई पैकेज तैयार किए। लेकिन पोप हैं कि गम्भीर बीमारी के बावजूद कई दिनों तक अन्तिम घड़ियाँ गिनते रहे। अब मरे,तब मरे की स्थिति थी। इसी में एक हफ्ता गुजर गया। मैं जबरदस्त मेहनत करके अब तक कई पैकेज बना चुका था। लेकिन ये पैकेज तभी चलाए जा सकते थे जब पोप की मौत हो जाए। इधर पोप न तो पूरी तरह ठीक हो रहे थे और न ही उनकी सेहत में सुधार हो रहा था।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारत और विश्व के इतिहास में 11 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं- 1687 -ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास में नगर निगम बनाया। 1845-प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध में शुरु। 1858 बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और यदुनाथ बोस कलकत्ता विश्वविद्यालय से कला विषय के पहले स्नातक बने। 1911 मिस्र के उपन्यासकार नाकिब महफूज का जन्म। वह साहित्य का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले अरबी लेखक थे। 1921-महाकवि भरतियार के नाम से विख्यात तमिल कवि सुब्रह्मण्य भारती का जन्म हुआ। उन्हें बंकिम चंद्र की अमर रचना वन्देमातरम बहुत प्रिय थी और उन्होंने इसका उसी लय में तमिल में पद्यानुवाद किया था। 1922- हिंदी सिनेमा के हरदिल अजीज अभिनेता एवं राज्यसभा के पूर्व सदस्य दिलीप कुमार का जन्म हुआ।

एक साल पुरानी कांग्रेस सरकार को हर मोर्चे पर भाजपा ने बताया नाकाम

■ धान खरीदी मुद्दे पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार को एक साल पूरे हो रहे हैं और इस दौरान लगभग सभी मोर्चे पर कांग्रेस के फेल होने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में बेलतरा विधायक रजनीश सिंह, महामंत्री घनश्याम कौशिक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि किसान हित में भारतीय जनता पार्टी सदन और सड़क की लड़ाई लड़ने को तैयार है। कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र में ?2500 प्रति क्विंटल धान खरीदी का वादा किया था लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साफ कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों से 1815 रुपए और 1835 रु प्रति क्विंटल दर से ही धान खरीदेगी। भारतीय जनता पार्टी ने इसे किसानों के साथ वादाखिलाफी बताया है। कांग्रेसी घोषणा पत्र में किए गए वादे ?2500 प्रति क्विंटल धान खरीदने से सरकार मुकर रही है। फिलहाल

कॉमन धान के 1815 रुपए और ए ग्रेड के लिए ?1835 प्रति क्विंटल देने की बात कही जा रही है। जबकि चुनाव से पहले किसानों से बड़े-बड़े वादे किए गए थे। सिर्फ धान खरीदी का मुद्दा ही नहीं, किसानों से जो कर्ज माफी की बात कही गई थी उससे भी कांग्रेस मुकर चुकी है और कहा गया है कि कर्जमाफी केवल एक बार के लिए की गई है।

वही प्रदेश का किसान धान बेचने के लिए मंडी में जद्दोजहद कर रहा है।केंद्रीय पूल की धान खरीदी का कोटा बढ़ाने की मांग पर कांग्रेस किसानों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। धान खरीदी काफी विलंब से आरंभ की गई और समर्थन मूल्य में भी किसानों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। किसानों का पंजीयन किया गया है लेकिन आरोप है कि इसमें किसानों का रकबा घटा दिया गया है जिससे प्रदेश का किसान बेहद परेशान है। चालू खरीफ सत्र में किसानों से 85 लाख टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। पंजीकृत किसान से प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। लिहाजा किसान अतिरिक्त धान औने पौने में बेचने को विवश हो रहा है। इस मुद्दे पर प्रदेश की सरकार का विरोध सड़क और सदन पर करने की बात भाजपा विधायक ने कही है।

आशिक के लिए पति को छोड़ा, प्रेमी ने कहा 'तुम्हारा क्या भरोसा' तो मुंह बोले भाई ने कहा मेरे साथ आ जाओ

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । पति से तलाक लेने ने बाद आशिक ने शादी से इंकार करन दिया, मुंह बोले भाई ने इसका फायदा उठाते हुए युवती पर शारीरिक संबन्ध स्थापित करने दबाव बनाने लगा। पीड़ित ने तोरवा थाना में प्रेमी और मुंह बोले भाई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई , पुलिस ने दोनों के खिलाफ अपराध कायम कर लिया है ।

तोरवा थाना क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता से एक शख्स ने पहले दोस्ती फिर प्यार का भरोसा दिलाकर उससे शादी करने का वादा किया, शादीशुदा महिला उसकी बातों में आकर गई और पिछले तीन साल से उस कथित प्रेमी की हवस का शिकार बनती रही, अपने पति की आँखों में धूल झोंककर आशिक से बने प्रगाढ़ रिश्ते से एक बच्चे को भी जन्म दिया लेकिन बात अब तक शादी पर ही अटकी हुई थी। पिछले कई साल से आशिक से जिस्मानी रिश्ते रखने वाली महिला ने जब बच्चा होने के बाद शादी का दबाव बनाया तो आशिक ने एक और शर्त रख दी और पति से तलाक लेने कहा युवती द्वारा पति से तलाक लेने के बाद अब प्रेमी शादी करने से मुकर गया। अब पूरा मामला तोरवा पुलिस के एफआईआर रजिस्टर में दर्ज है, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म का अपराध दर्ज किया है।

पीड़िता द्वारा पुलिस को दिये बयान अनुसार 29 वर्षीय शादीशुदा युवती की मुलाकात करीब 3 वर्ष पहले हेमूनगर निवासी आशीष सिंह नाम के एक शख्स से हुई , आशीष ने महिला से पहले दोस्ती की फिर उसे प्यार करने की कहानियां सुनाकर शादी करने का भरोसा दिलाया। महिला उस आशिक के झांसे में आ गई। आशीष ने शादीशुदा महिला का तीन साल दैहिक शोषण करता रहा। इस बीच महिला ने आशीष के बच्चे को जन्म दिया। महिला ने अपने प्रेमी आशीष को शादी करने की बात कही तो उसने पहले अपने पति को तलाक देने की बात कही, तलाक के बाद शादी करने की शर्त रखी , युवती ने तुरंत मान ली और पति को हाल ही में यानि 18 नवंबर को तलाक दे दिया। तलाक देने के बाद महिला ने आशीष से शादी करने की बात कही तो वह मुकर गया।

खुलेआम चल रही जुए की महफिल, पुलिस बेखबर

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। जिले में लगातार जुए के फड़ से अपराधों के जन्म लेने के बाद भी खुल्लेआम नाल वसूलकर जुआड़ियों के लिये फड़ की महफिल सजाई जा रही है। पूर्व में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जुआ खेलवाते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार कर एक चर्चित आरोपी पर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही कर छोड़ दिया था। जिसके बाद से उक्त व्यक्ति द्वारा कुछ दिन जुआ को बंद कर पुलिस को गुमराह किया गया और दोबारा

ग्राम जलसों में फिर से जुआ का फड़ लगवाया जा रहा है। कोनी थाना को सूचना प्राप्त होने पर भी कार्यवाही नही करने की वजह से ग्रामीणों को जुआ में ब्याज पर रकम देकर सूदखोरी भी की जा रही है। जुए का फड़ लगवाने वालो के पुलिस विभाग में कई मुखबिर है जिनके चलते पुलिस जब रेड मारने के लिये निकलती है तो फड़दारो के द्वारा जुआ को उठवा दिया जाता है। इन हौसले इतनी बुलंद हो गये है जो बकायदा जुआ खेलने वाली।विडियो बनाकर शोसल साइट्स पर वायरल कर रहे है।

आईजी ने किया चेक पॉइंट का औचक निरीक्षण

बिलासपुर। प्रदेश में शासन द्वारा मंडियों में धान खरीदी शुरू होने के बाद अन्य राज्यों से खापने अवैध रूप से धान लाने वालों को रोकने शहर के बाहर चेकिंग पॉइंट बनाया गया है कल मुख्य सचिव आर पी मण्डल द्वारा निरीक्षण किया गया था इस दौरान उन्होंने आलाधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये जाने के बाद पुलिस महानिरीक्षक ने आधीरात को चेक पॉइंट का मुआयना कर जानकरी ली। प्रदेश सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल बढ़ाने के बाद से दूसरे राज्य के सेठ छत्तीसगढ़ में धान को खपाने कई हथकण्डे अपना रहे हैं लेकिन धान की अवैध परिवहन को रोकने अंतरराज्य बोर्डर पर चेक पॉइंट स्थापित किया गया है। कल मुख्य सचिव ने बिलासपुर एवं मुंगेली जिले के धान मंडियों का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उच्च अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गए जिसके बाद कल मध्य रात्रि आईजीपी प्रदीप गुप्ता द्वारा जिले के बॉर्डर में अवैध धान रोकने के लिए बनाए गए चेकप्वाइंट चेक करने जाना बताये जाने पर रात्रि करीब 1:30 बजे आईजी के हमराह एसपी रायगढ़, सीएसपी एवं एसडीएम रायगढ़ बॉर्डर चेकप्वाइंट चेक के लिए रवाना हुये। आईजी द्वारा लारा, रेंगालपाली तथा एकताल में बनाए गए चेकप्वाइंट को चेक किया

ट्रक में सोते रहे ड्राइवर, अज्ञात चोरों ने किया 40 हजार का डीजल पार

बिलासपुर । ट्रक को खड़ा कर ड्राइवर सोते रहे और अज्ञात चोरों ने दो ट्रकों से 40 हजार रुपुय का डीजल पार कर दिया , ट्रक मालिक को जानकारी देने के बाद थाने में डीजल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई । मिली जनाकरी के अनुसार रतनपुर थाना क्षेत्र में एक बार फिर डीजल चोरों का आतंक शुरू हो गया है । डीजल चोर रतनपुर थाना क्षेत्र में खड़ी वाहनों से डीजल चुराने के कारनामों को अंजाम देना शुरू कर दिया है । ऐसी ही मामला कल देर रात की बताई जा रही है । दो ट्रक चालक बेलतरा बस स्टैंड में अपनी ट्रकों को खड़ी कर सो गए । सुबह जब 5 बजे सो कर उठे तो उन्हें पता चला कि अज्ञात चोरों ने दोनों ट्रकों से डीजल चोरी कर ले गए हैं । जिसकी उन्होंने अपने मालिकों को सूचना दिया है उनके मालिकों के आने के बाद उनका कहना है कि डीजल चोरी की रिपोर्ट दर्ज रतनपुर थाने में कराया जाएगा । फिलहाल समाचार लिखे जाने तक इस मामले की रिपोर्ट रतनपुर थाना में दर्ज नहीं हुआ है । इस मामले में ट्रक क्रमांक -सीजी - 4-एल डब्ल्यू -1639 के चालक ने ग्रामीणों को बताया कि जब वह सो कर उठा तो उसकी ट्रक से डीजल चोरी हो चुका था । जब इसकी जानकारी रतनपुर थाना से संपर्क कर लिया गया तो रतनपुर पुलिस ने बताया कि अभी तक आरोपियों के संबंध में जानकारी नही मिली है।

किसानों का धान खरीदी के हर मोर्चे पर कांग्रेस विफल

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। गंगाजल की कसम खाकर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार धान खरीदी के हर मोर्चे पर विफल नजर आ रही है। पहले 2500 में धान खरीदी का वादा करके मुकर गई। इसके बाद धान खरीदी की तिथि को 1 दिसंबर कर दिया गया। जिसके कारण किसानों को काफी परेशानी हो रही है। इससे कांग्रेस सरकार की मंशा साफ झलक रही है कि वह किसानों का धान कम खरीदने का प्रयास कर रही है। प्रदेश में जब भाजपा की सरकार थी। तब काफी व्यवस्थित तरीके से धान खरीदी होती थी। किसानों को गांव में कोठार एवं कोठी की व्यवस्था की जरूरत नहीं पड़ती थी। हार्वेस्टर मिसाई करके धान को सीधे सोसायटी तक ले जाया जाता था। उक्ताशय का आरोप जिला भाजपा के पदाधिकारियों ने कांग्रेस सरकार पर लगाया है। प्रेस कल्ब तिलक भवन में आयोजित

पत्रकार वार्ता में उपस्थित पूर्व गृहमंत्री एवं रामपुर विधायक ननकीराम कंवर , पूर्व संसदीय सचिव लखनलाल देवांगन , पूर्व महापौर जोगेश लांबा, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा एवं उपाध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह बग्गा ने कहा कि किसानों के पंजीकृत रकबा को कम करके यह प्रयास किया जा रहा है कि कैसे भी करके किसानों के धान कम खरीदी की जा सके। भाजपा सरकार 01 नवंबर से धान खरीदी किया करती थी। जिससे किसानों को धान भंडारण में परेशानी होने के साथ उन्हें आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। 2500 रूपए क्विंटल में धान खरीदी का वादा करने वाली कांग्रेस 1850 रूपए प्रति क्विंटल पर धान की खरीदी कर रही है।

अंतर की राशि कब किसानों को मिलेगी इसका सही उत्तर सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा है। अन्य प्रदेश के बार्डर पर धान लाने रोक लगानी चाहिए। किंतु कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के भीतर व्यापारियों, किसानों, फुटकर व्यवसायियों एवं आम लोगों के घर छापामार कार्रवाई कर परेशान किया जा रहा है।

बुधवारी बाजार में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी पकड़ाये

■ तीन मोबाइल ही चुराया था पर दुकानदार ने थाने 20 एनरॉयड मोबाइल चोरी होना दर्ज कराया

बिलासपुर । मोबाईल दुकान में चोरी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, आरोपी ने तीन मोबाइल चोरी करने की बात स्वीकारी लेकिन दुकानदार द्वारा 20 मोबाइल चोरी की गलत जानकारी पुलिस को दी ।

रेलवे परिक्षेत्र के बुधवारी बाजार के मोबाइल दुकान से 20 मोबाइल और एलईडी चोरी करने के मामले में चोर आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गये। हेमू नगर में रहने वाले नंदलाल पोपटानी का बुधवारी बाजार में दीपक इलेक्ट्रॉनिक शॉप है । 3 और 4 अक्टूबर की दरमियानी रात उनकी दुकान का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे थे । शिकायत अनुसार चोर अपने साथ एक एलईडी टीवी और 20 अलग-अलग कंपनियों के कीमती मोबाइल, 20 मेमोरी कार्ड और करीब ?5000 नगद चोरी कर ले गए थे। दुकान संचालक के अनुसार चोरों ने 88 हज़ार रुपये से अधिक की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस को जांच के दौरान नंदलाल ने 3 मोबाइल के एम आई नंबर उपलब्ध कराए थे, जिसके आधार पर पुलिस साइबर सेल की मदद से मोबाइल का लोकेशन तलाश रही थी। साइबर सेल को इन्हीं चोरी के मोबाइल में से एक मोबाइल के उपयोगकर्ता का पता चला। जिसके आधार पर लोकेशन ट्रेस करते हुए पुलिस हसन उर्फ हस्सू को पूछताछ के लिए थाने ले आई। पूछताछ में उसने बताया कि वह उस रात 20 नग मोबाइल के डिब्बे और एक एलईडी चोरी कर ले तो गया था लेकिन उन 20 डिब्बों में से केवल तीन डिब्बों में ही मोबाइल थे। बाकी सभी डिब्बे खाली थे । वहीं प्रार्थी ने भी पुलिस को 3 मोबाइल का ही आईएमइआई नंबर ही बताया था। जांच के दौरान पुलिस को यह पता चला कि चोर ने दुकान से केवल तीन मोबाइल और एक एलईडी टीवी के साथ कुछ नकदी चुराई थी। यानी प्रार्थी ने पुलिस में झूठी शिकायत दर्ज की थी। इनमे से भी एक मोबाइल को उसने तोड़ कर फेंक दिया था। लिहाज़ा पुलिस को आरोपी के पास से एक एलईडी टीवी और सैमसंग के 2 मोबाइल फोन हासिल हुए है।

ई-टीम के भरोसे भावी पार्षद, फेसबुक पर अपील

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। चुनाव में प्रचार प्रसार का तरीका अब बदल चुका है। भावी उम्मीदवार और कार्यकर्ता प्रतिदिन गली-गली नहीं घूमेंगे। बैनर पोस्टर और पाम्पलेट पर भरोसा कम है। ई मैनेजमेंट टीम पर भावी पार्षद खूब भरोसा कर रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से आंकड़े जुटाने, सर्वे और मतदाताओं तक अपील करने में आसानी हो रही है। नगरीय निकाय चुनाव में पहली बार क्रेज दिख रहा है। ऊर्जाधानी में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जैसे-जैसे उम्मीदवारों की सूची जारी हो रही है,सियासत का पारा भी बढ़ने लगा है। सोशल मीडिया में प्रचार प्रसार पर भले ही निर्वाचन आयोग ने शिकंजा कसा हो लेकिन हकीकत यह है कि इससे कई बेरोजगारों का दुकान भी चल निकला है। कार्यकर्ताओं में भी मौज है। गली गली घूमने के बजाए एक जगह एकत्र होकर सोशल मीडिया को हैंडल कर रहे हैं। ई मैनेजमेंट टीम भी सक्रिय है। भावी पार्षदों के कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग के साथ चुनाव जीतने का टिप्स भी दे रहे हैं। उत्साही कार्यकर्ता अपने वाट्सएप और फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपने पार्षद उम्मीदवार को जीतने जमकर अपील करना शुरू कर दिया है। सुबह से शाम तक अपने वार्ड के मतदाताओं को मैसेज और आडियो भी भेजा रहा है। मोहल्ले के विकास के लिए अपनी घोषणा यानी प्राथमिकता भी बता रहे हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने में सबसे आगे है। इस वजह से उम्मीदवारों का काम पहले की तुलना में काफी हल्का हो गया है। दोपहर तक बढ़िया प्लानिंग और शाम को चौपाल लगाकर मतदाताओं को रिझाया जा रहा है।

2014 से बढ़ा है चलन : वर्ष 2014 के बाद से चुनाव में सोशल मीडिया का ट्रेंड बढ़ा है। लोकसभा और विधानसभा में आइटी विभाग संभाल चुके आयुष अग्रवाल का कहना है कि पांच साल से राजनीतिक दलों की रणनीति पर काम कर रहा हूँ। फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम, यू ट्यूब, गूगल एड अब चुनाव प्रचार के प्रमुख माध्यम बन गए हैं। प्रत्याशी इन माध्यमों पर मोटा पैसा खर्च कर रहे हैं। पूर्व के चुनाव में देखा कि प्रत्याशियों के समर्थक अब महज घर-घर प्रचार ही नहीं कर रहे हैं वरन सोशल मीडिया पर भी प्रचार कर रहे हैं।

कॉरपोरेट टैक्स घटाने से संकट और गहरा गया है : दीपेश मिश्रा

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। देश भर के समस्त केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने केंद्र सरकार की श्रमिकविरोधी, जनविरोधी तथा देशविरोधी नीतियों के विरोध मे 8 जनवरी को देशव्यापी आम हड़ताल का ऐलान किया है इस कड़ी मे आज एटक कार्यालय कोरबा में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर एटक के दीपेश मिश्रा ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मंदी के गहरे संकट में फंस रही है.मौजूदा सरकार ने मंदी पर इलाज के बहाने उद्योग घरानों को मदद पहुंचाने के लिए कॉरपोरेट टैक्स 1.45 लाख करोड़ तक घटा दिया है लेकिन नौकरी की सुरक्षा या बेरोजगार भत्ते के लिए एक पैसा भी खर्च नहीं किया है इसे अर्थशास्त्री सप्लाई साइड पॉलिसी कहते हैं जबकि अर्थव्यवस्था का संकट डिमांड साइड या वस्तुओं की मांग भारी मात्रा में कम हो जाने से है. कॉरपोरेट टैक्स घटाने से संकट और गहरा गया है उन्होंने आगे कहा कि श्रमिक संगठन एक तरफ मांग कर रहे हैं कि न्यूनतम वेतन 21000 रूपए प्रतिमाह हो,पेंशन सभी को मिले, नई पेंशन स्कीम को रद्द कर पुरानी पेंशन दो, महंगाई पर रोक लगाने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करो, नई नौकरियां पैदा करो, कांट्रैक्ट मजदूरों को परमानेंट करो उन्हें समान काम का समान वेतन दो खेती व्यवस्था तथा मनरेगा के लिए बजट में प्रावधान करो इन मांगो से श्रमिकों के हाथ में कुछ पैसा आएगा और अर्थव्यवस्था में तेजी आ सकती है।

प्रशिक्षण केन्द्र में कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

बिलासपुर । नगर पालिका आम निर्वाचन 2019 अंतर्गत मतदान दलों का प्रशिक्षण 10, 11 एवं 12 दिसंबर 2019 को जिला मुख्यालय बिलासपुर में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र संबंधित प्रारूपों के आबंटन के लिये अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन प्रशिक्षण केन्द्र बर्जेश हिन्दी मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर में व्ही.के.जोसफ सहा.सा.अधि. जिला योजना एवं सांख्यिकी बिलासपुर, अनुराग मगहरिया अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी बिलासपुर, अखिलेश लाहने अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी बिलासपुर, नागेन्द्र देव अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी बिलासपुर, मनीष जायसवाल सहायक ग्रेड-3 जिला कार्यालय बिलासपुर, गोवर्धन प्रसाद गढ़ेवाल भृत्य कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी बिलासपुर को सुबह 10.30 बजे से उपस्थित होने कहा गया है।

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

क्रमांक क/वा/नजूल 2019/506
मुंगेली, दिनांक 10.12.2019

पंकज तिवारी पिता स्व. श्री रामशरण तिवारी निवासी सरदार पटेल वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली- - आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन - - अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक पंकज तिवारी पिता स्व. श्री रामशरण तिवारी निवासी सरदार पटेल वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा मोहल्ला पुराना मोटर स्टैंड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38-ए प्लाट नंबर 23,24 क्षेत्रफल क्रमशः 24, 12 वर्गमीटर पर दर्ज खातेदार रामशरण पिता हनुमान प्रसाद ब्राम्हण की दिनांक 12.10.2019 को मृत्यु हो जाने से फौती के आधार पर रामशरण का नाम उपरोक्त नजूल भूमि से विलोपित कर आवेदक पंकज तिवारी, हरिनारायण, मनीष, कल्पना, नीता पिता स्व. रामशरण का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 26.12.2019 को दिन के 02.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 10.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

(आर.के. तम्बोली)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

किराए पर वाहन लेने हेतु निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : 44-संकेत एवं दूर संचार - परियोजना - निविदा - वाहन-2019, दिनांक : 05.12.2019

कार्य का नाम : उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर / परियोजना-I / बिलासपुर के कार्यालयीन उपयोग हेतु 24 माह या वाहन की नियुक्ति से अधिकतम 31.12.2021 तक एक (01) नॉन एसी मल्टी यूटीलिटी वाहन (टाटासुमो/ इंडिगो / क्वालिस / इनोवा वाहन किराए पर लेना है। निविदा मूल्य: ₹ 5,04,000/-(₹ पांच लाख चार हजार रुपये मात्र), अमानत राशि : ₹ 10,100/- (₹ दस हजार एक सौ रुपए मात्र)

निविदा बन्द करने का तिथि व समय: दिनांक 27.12.2019 के 15.30 बजे तक।

विस्तृत जानकारी/ ई निविदा में पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता परियोजना बिलासपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./परि.-I
सीपीआर/10/354 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

कार्यालय अधीक्षण अभियंता

लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 06.12.2019

ई-प्रोक्यूमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. निविदा आमंत्रण- प्रथम आमंत्रण, सक्षम ठेकेदार- बेरोजगार स्नातक इंजीनियर, आनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 23.12.2019

सरल क्र.	एन.आई. टी.क्र.	ऑन लाईन सिस्टम क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	संबंधित संभाग
1	2	3	4	5	6
1	211	59072	जिला कोरिया बैकुण्ठपुर के शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मिनी स्टेडियम के सीटिंग गैलरी हेतु शेड निर्माण कार्य।	30.37	मनेन्द्रगढ़

जी-75697/3

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER RESOURCES DIVISION KOTA
DISTT.-BILASPUR (C.G.)

e-PROCUREMENT TENDER NITICE

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(FIRST CALL)

System Tender No.59068 NIT No.:17/SAC/2019-20, Dated : 09.12.2019
Online Tenders are invied for the following works up to 27.12.2019 at 17:30 Hour

Name of work : RAISING OF ROAD IN SUBERGENCE OF BILLIBAND TANK.

Probable Amount of Contract : Rs 24.12 Lakhs

The details can be viewed and downloades online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 13.12.2019 at 17:30 Hours. (IST) onwards.

NOTE :- All eligible/intrested contractors/ bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

G-75714/4

EXECUTIVE ENGINEER
WATER RESOURCES DIVISION KOTA
DISTT.-BILASPUR (C.G.)

सीएस मंडल ने किया धान खरीदी केंद्र झाखरपारा का निरीक्षण

- किसानों से की रूबरू चर्चा
- धान की स्टैगिंग और बारदाने में स्टेम्पिंग पर नाराजगी व्यक्त की

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव आर पी मंडल ने आज गरियाबंद जिले के ओडिसा राज्य की सीमा से लगे देवभोग विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र झाखरपारा का आकस्मिक निरीक्षण किया । खाद्य सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह और राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक श्रीमती शम्मी आबिदी भी साथ थे ।

मुख्य सचिव श्री मंडल ने उपार्जन केंद्र में खरीदे गये धान की स्टैगिंग देखकर नाराजगी जाहिर किया। मौके पर कलेक्टर, एसपी, एसडीएम और खाद्य अधिकारी को व्यवस्थित ढंग से स्टैगिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी कार्य राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। लगभग 75 दिन तक चलने वाले राज्य सरकार का किसानों के हित में यह महत्वपूर्ण कार्य 1 दिसंबर से शुरू हो गई है जो आगामी 15 फरवरी तक चलेगा। मुख्य सचिव श्री मंडल ने अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी बारदाने पर स्टेम्पिंग गलत ढंग से हो रहा है। खाद्य और राजस्व विभाग के अधिकारी उपार्जन केंद्रों में जाकर स्टेम्पिंग सही ढंग से कराए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी

भी प्रकार की तकलीफ न हो यह सुनिश्चित किया जाए। राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक श्रीमती शम्मी आबिदी ने उपार्जन केन्द्र के लिए बारदाना आबंटन, भंडारण और बारदाने की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। मौके पर बारदाना पंजी उपलब्ध नहीं कराने पर खाद्य अधिकारी और समिति प्रबन्धक को कड़ी फटकार लगाई। खाद्य सचिव श्री सिंह ने अधिकारियों को अवगत कराया कि उपार्जन केंद्र में किसानों द्वारा रखे गए धान की ढेरी सही हो। गुणवत्तापूर्ण व शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के आधार पर ही खरीदी किया जाय। प्रति बोरा तौल 40 किलोग्राम हो । उन्होंने स्टैगिंग और ड्रेनेज सिस्टम के सम्बंध में भी अवगत कराया। किसानों से रूबरू चर्चा करते हुए मुख्य सचिव श्री मंडल ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उपार्जन केन्द्र में व्यवस्था हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसान किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न देवें। आगामी 15 फरवरी तक क्षेत्र के सभी किसानों का धान शासन द्वारा निर्धारित मापदंड पर खरीदी की जायेगी । कलेक्टर श्याम धावड़े ने बताया कि जिले के 38 सहकारी समितियों के 62 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी किया जा रहा है। क्षेत्र के 9 उपार्जन केन्द्र सहीत सभी केन्द्रों में अवैध रूप से धान विक्रय करने वाले कोचियों और बिचैलियों पर निगरानी रखी जा रही है । इस अवसर पर कलेक्टर श्याम धावड़े, पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे, एसडीएम भूपेंद्र साहू, खाद्य अधिकारी एच. के. डड़सेना, समिति प्रबन्धक नरेन्द्र तांडी, उपार्जन केन्द्र प्रभारी पी सी ध्रुव और धान विक्रय करने आये किसान मौजूद थे ।

न्यूज गैलरी

निगरानी दल ने किया 104 क्विंटल धान बरामद

महासमुंद। निगरानी दलों की कार्रवाई में अब तक कोचिए एवं बिचौलिए के साथ धान के अवैध परिवहन और भण्डारण के 273 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसके अंतर्गत 42 हजार 885 बोरे धान 17 हजार 158.40 क्विंटल धान जब्त किया गया है। सोमवार को पांच प्रकरण में 104.80 क्विंटल धान जब्त किए गए। धान के अवैध भण्डारण एवं परिवहन में लगे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई उनमें आज्ञाराम साहू, ग्राम घोंच से 142 कट्टा धान, महावीर साहू, ग्राम सोनासिल्ली पिथौरा से 40 कट्टा धान, पुरूषोत्तम मेहता, ग्राम दुरूगपाली से 30 कट्टा, दिनेश नायक पड़कीपाली से 10 कट्टा तथा मनोज सतपथी ग्राम डोंगरीझर से 40 कट्टा धान जब्त किया गया ।

पानी निकासी पर युवक से मारपीट

महासमुंद। पानी निकासी पर मारपीट हो गई। पुलिस ने बताया कि सरायपाली थाना क्षेत्र के कसलबा में शनिवार रात 8 बजे संजय साहू और संजीत साहू के बीच जमीन की बात पर विवाद हुआ। जिसमें संजीत ने लोहे की राड से संजय पर वार कर दिया। बहरहाल, संजय की रिपोर्ट पर पुलिस ने संजीत के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

गाली गलौज कर मारपीट

महासमुंद। सरायपाली के वीरसिंगपाली में पैरा में ट्रैक्टर चढने् की बात पर मारपीट हो गई। अरविंद पटेल द्वारा थाना में दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक रविवार अपरान्ह साढ़े 3 बजे गांव के जगन्नाथ यादव ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने जगन्नाथ के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

युवक से शराब बरामद

महासमुंद। खल्लारी बस स्टैंड में रविवार अपरान्ह 4 बजे पुलिस ने झारा निवासी भोलाराम सेन के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे 3.240 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। जिसपर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मंडी में चार सौ रुपए कम में बिकी धान

महासमुंद। पिटियाझर मार्ग स्थित कृषि उपज मंडी में धान खरीदी शुरू हो गई है। सोमवार को धान खरीदी के लिए तीन राइस मिल संचालक ने बोली लगाई। जिसमें अधिकतम बोली 1453 रुपए की लगी। पहले दिन 300 क्विंटल धान बेचा गया। इस दौरान जागेश्वर चंद्राकर, देवदत्त चंद्राकर, पवन चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, देवा चंद्राकर, कौशिक चंद्राकर, नारायण चंद्राकर, भीखम चंद्राकर, गब्बर चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, होरीलाल धोबी, दाऊलाल चंद्राकर, शांतनु बघेल, झम्मन चंद्राकर, शंकर चंद्राकर, हीरालाल चंद्राकर, केजूराम, फत्तेलाल, देवा चंद्राकर , कौशिक, होरीलाल निर्मलकर, भकलू धीवर, लोकेश चंद्राकर मौजूद रहे।

बच्चों को फिट रहने दिए टिप्स

महासमुंद। रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में साप्ताहिक फिट इंडिया दिवस मनाया गया। जिसमें दिनभर स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही अनेक गतिविधियां कराई गई, जैसे चित्र बनाओ, निबंध लिखो वाद विवाद भाषण के माध्यम से बताया गया कि आज के युग में अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमें हरी सब्जियां, सलाद, फल व दूध की कितनी जरूरत है और कहा भी गया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। अर्थात अगर शरीर स्वस्थ रहे तो मन भी स्वस्थ रहेगा।

ओवर रेट की शिकायत पर शराब दुकान में विधायक ने दी दबिश

- सूचना पर आबकारी अफसर भी पहुंची, दोषियों पर कार्रवाई करने की कही बात

महासमुंद। दलदली रोड स्थित शराब दुकान में ओवर रेट पर शराब बेचने की शिकायत पर विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने दुकान में दबिश दी। ओवर रेट बेचने पर मौके पर उपस्थित सुपरवाइजर व अन्य कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। विधायक श्री चंद्राकर की सूचना पर आबकारी अधिकारी भी मौके पर पहुंचीं।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम शराब लेने पहुंचे एक व्यक्ति ने ओवर रेट शराब बिकने की सूचना मोबाइल से विधायक श्री चंद्राकर को दी। जिस पर तत्काल विधायक श्री चंद्राकर दलदली रोड स्थित शराब दुकान पहुंचे। जहां शराब लेने पहुंचे लोगों ने विधायक श्री चंद्राकर को वस्तुस्थिति की जानकारी दी। विधायक श्री चंद्राकर को लोगों ने बताया कि यहां एक सप्ताह से ओवर रेट में शराब बेची जा रही है। इसका विरोध करने पर शराब दुकान के कर्मचारी मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा कहा जाता है कि शासन स्तर से रेट बढ़ाया गया है जिस पर वे मजबूरी में शराब की खरीदी करते हैं। जिस पर विधायक श्री चंद्राकर ने सुपरवाइजर विष्णु दास सोनवानी से सवाल-जवाब किया। सुपरवाइजर ने स्वीकार किया कि टूट-फूट के नुकसान की भरपाई के लिए ओवर रेट पर शराब बेची जा रही है। इधर विधायक श्री चंद्राकर की सूचना पर आबकारी अधिकारी भी अपने स्टाफ के साथ शराब दुकान पहुंचीं। जहां आबकारी अधिकारी ने शराब दुकान के कर्मचारियों से पूछताछ की। सुपरवाइजर ने आबकारी अधिकारी के सामने भी ओवर रेट में शराब बेचने की बात स्वीकार की।

झुंझुनूं से पहुंचेगी अखंड ज्योति, नगर स्वागत के लिए तैयार

राजनांदगांव। श्री रानी सती दादीजी के झुंझुनूं धाम से अखंड ज्योति यात्रा प्रारंभ होकर अनेक शहरों-ग्रामों से होते हुए संस्कारधानी नगरी में 13 दिसंबर को पहुंच रही है। छत्तीसगढ़ के यात्रा प्रभारी महेंद्र मित्तल के साथ दादीजी के लगभग 50 भक्तों का जत्था यात्रा के साथ रहेगा। रानी सती दादी मंडल की निर्मला पसारी, आशा पोद्दार, शोभा अग्रवाल, शशि अग्रवाल एवं अनुराधा लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अखंड ज्योति यात्रा 13 दिसंबर को सुबह डोंगरगढ़ से प्रस्थान करके राजनांदगांव शहर में दोपहर 2 बजे पहुंचेगी। श्री गुरूद्वारा साहिब के सामने अखंड ज्योति यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

राज्य स्तरीय आंकलन, छमाही परीक्षा प्रारंभ

- जिला मिशन समन्वयक श्याम चंद्राकर ने किया जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

गरियाबंद। राज्य शासन द्वारा बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य के सभी शासकीय शालाओ में कक्षा पहली से आठवीं तक के अध्ययनरत विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय आंकलन अंतर्गत 9 से 14 दिसंबर तक योगात्मक आकलन -1किया जा रहा है।ज्ञात हो कि जिले में बेहतर से बेहतर शिक्षा मिले।इसी कड़ी में कार्य चल रहा है।इसी तारतम्य में जिला मिशन समन्वयक श्यामचंद्राकर ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों एवम स्कुलो का किया निरीक्षण।साथ ही जिले के सभी संकुल समन्वयकों को परीक्षा का

कार्य सुचारू रूप से संचालन कराने का निर्देश जारी किया गया।साथ ही परीक्षा को गोपनीय रूप से करने का भी निर्देश जारी किया गया। साथ - साथ मूलयांकन कार्य को करने को कहा है। प्राथमिक शाला मजरकटा, पाथरमोहदा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित विभिन्न स्कुलो का किया निरीक्षन किया गया।गरियाबंद जिले के समस्त समन्वयक परीक्षा को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रधान पाठको को जिला शिक्षा अधिकारी एवम जिला मिशन समन्वयक के दिए गए निर्देश का पालन सुनिश्चित करवा रहे है।सभी शिक्षक समय पर संस्था में उपस्तिथ होकर राज्य स्तरीय आकलन परीक्षा का कियान्वयन कर रहे है।साथ ही आन लाइन करने का भी निर्देश जारी किया गया।साथ ही मानव संसाधन विकास मंत्रालय के द्वारा राज्य एवम जिले के स्कुलो में इको क्लब गठन करने का निर्देश जारी किया गया है।

राज्य स्तरीय मास्टर वेट लिफ्टिंग में नाहिद अख्तर को मिला गोल्ड मैडल

राजनांदगांव। द्वितीय छग राज्य स्तरीय मास्टर गेम के इवेंट वेटलिफ्टींग का उद्घाटन वन विभाग पंडरी के खेल परिसर में किया गया जिसमें मुख्य निर्णायक तेजा सिंह साहू वन विभाग उदल वाल्मीकी दुग और चंदू साहू रायपुर लोडर भारत साहू उमेश यादव रहे छग मास्टर गेम संघ के महासचिव ताजुद्दीन एवं कोओर्डीनेटर तेजा सिंह साहू ने बताया कि वेटलिफ्टिंग की प्रतियोगिता में छग के मास्टर वेटलिफ्टर में करीब 50 खिलाड़ी महिला-पुरूष भाग लिये जिसमें 27 वेट लिफ्टर का चयन किया गया ।

नगर पंचायत के 15 वार्डो के लिए 69 प्रत्याशियों को मिला चुनाव चिन्ह

- किसी को सीढ़ी, किसी को उगता सुरज मिला चुनाव चिन्ह

लवन। नगर पंचायत चुनाव के लिए पार्षद पद के प्रत्याशियों को सोमवार को नाम वापसी के बाद 69 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया गया। 70 प्रत्याशियों में से केवल एक महिला प्रत्याशी श्रीमति कांति मनहरे ने नाम वापस ले लिया। एक प्रत्याशी के नाम वापस लेने के बाद यह तस्वीर साफहो गई है। नगर के 15 वार्डो में कांग्रेस,

भाजपा, बहुजन, जोगी कांग्रेस सहित निर्दलीय प्रत्याशियों का सीधा मुकाबला होगा। इस बार बहुजन समाज पार्टी ने नगर में 07 प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है, वही जोगी कांग्रेस ने महज एक प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है। जिसमें सबसे ज्यादा प्रत्याशी वार्ड क्र. 14 में है, इस वार्ड में भाजपा, कांग्रेस, बहुजन सहित कुल 8 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म भरा है, जिन्हें रिटर्निंग आफिसर राकेश कुमार गोलछा ने चुनाव चिन्ह भी आबंटित कर दिया है। इसी तरह वार्ड क्र.02 में भी 7 प्रत्याशी चुनाव रणभूमि मौजूद है। चुनाव चिन्ह आबंटित होने के बाद वार्डो में दीवाल लेखन, नकल मतपत्र, बैनर, पोस्टर छपाई का कार्य कराते हुए प्रत्याशी नजर आए। चुनाव चिन्ह आबंटित होते ही वार्डो में गहमागहमी शुरू हो गई है।

राष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता में शहर के 19 बच्चे चयनित

राजनांदगांव। अम्बेडकर मंगल भवन बसंतपुर में संचालित (मार्शल आर्ट) योंगमुडो क्लास के 19 छात्र/छात्राओं का चयन नेशनल ओपन प्रतियोगिता नासीक (मुम्बई) में 23 से 27 दिसंबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए राजनांदगांव जिला योंगमुडो संघ के 19 छात्र एवं छात्राओं का नगर के महापौर श्रीमान मधुसूदन यादव जी ने उन्हे बधाई देते हुए ढेर सारी शुभकामनायें दी।

लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक सुश्री शकुन्तला

लवन। ग्राम पंचायत बिनौरी एवं मल्लिन में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में क्षेत्र की विधायक सुश्री शकुन्तला साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई , कार्यक्रम की अध्यक्षता किये ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के अध्यक्ष गणेश शंकर जायसवाल ने। इस अवसर पर ग्रामवासियो द्वारा बाजे गाजे एवं आतिशबाज़ी के साथ अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया । कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत अतिथियों द्वारा देवी माँ की पूजा अर्चना कर की गई। इस मौके पर सरपंच एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत बिनौरी

में अतिथियों की उपस्थिति में लगभग 17 लाख के विकास कार्यों जिसमें सामुदायिक भवन निर्माण , जीर्णोद्धार, सीसी रोड निर्माण का लोकार्पण एवं 7.80 लाख के कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसी तरह ग्राम पंचायत मल्लीन में भी लगभग 25 लाख के विकासकार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्य विधायक महोदया के करकमलों द्वारा अतिथियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार द्वारा 2500 रु प्रति क्विन्टल समर्थन मूल्य में ही धान खरीदने की बात कही।

ग्राम तुरमा में नाचबो अऊ नचाबो डांस प्रतियोगिता में रात भर झूमे दर्शक

- हजारों की तादाद में दर्शक रहे मौजूद

कसडोल। बलौदाबाजार विकासखंड की ग्राम पंचायत तुरमा में शानदार नाचबो अऊ नचाबो डांस प्रतियोगिता एवं भव्य मड़ई मेला का आयोजन रहा। मड़ई मेला एवं डांस का आनंद उठाने के लिए दूर-दूर से हजारों दर्शकों की खूब भीड़ जुटी रही। नाचबो अऊ नाचाबो एवं मड़ई मेला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कसडोल विधायक सुश्री शकुंतला साहू के अपरिहार्य कारणों के चलते नहीं पहुंच पाने पर कार्यक्रम के अध्यक्षता करने वाले युवा नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी

प्रदेश सचिव विमल साहू के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बलौदाबाजार पवन साहू के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आगाज हुआ। कार्यक्रम में अन्य अतिथीयों में किसान युवा नेता अमर मिश्रा, युवा समाजसेवी अजय ताम्रकार,विनोद पटेल, ईश्वरीय साहू, दौलत राम साहू, विजय गोयल, विजय साहू सरपंच लाटा, अंकित साहू, पत्रकार हेमंत बघेल सहित प्रमुख लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत किये।कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम माँ शारदा की छायाचित्र की विधिवत पूजा अर्चना के बाद हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ विमल साहू ने कहा कि इस तरह के प्रोग्राम के आयोजन से गाँव में सौहार्द एवं आपसी भाई चारे का वातावरण निर्मित होता है।

नाप-तौल मुख्य सचिव ने जिले के सीमावर्ती धान उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

धान तौलाई कराकर मुख्य सचिव ने कांटा-बाट का किया परीक्षण

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव आरपी मंडल ने राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखण्ड के महाराष्ट्र सीमा से लगे सड़क चिरचारी धान उपार्जन केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री मण्डल टीम के साथ सुबह 8.35 बजे हेलीकाप्टर से सड़क चिरचारी पहुंच गए। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्र में संधारित रजिस्टर एवं टोकन आदि कि जांच की। मुख्य सचिव ने उपार्जन केन्द्र प्रभारी से अभी तक खरीदे गए धान, निर्धारित लक्ष्य तथा खाली बारदानों की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की। उन्होंने भरे बारदानों की स्टेकिंग व्यवस्था का भी प्रत्यक्ष अवलोकन किया। श्री मण्डल ने अपने सामने ही धान तौलाई

करा कर कांटा-बाट की जांच भी की। श्री मंडल ने धान की गुणवत्ता को भी देखा और उपार्जन केन्द्र प्रभारी को छोटे और मध्यम श्रेणी के किसानों का धान पहले खरीदने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव के पूछने पर समिति प्रबंधक ने बताया कि धान खरीदी के लिए 6 जनवरी तक का टोकन जारी किया जा चुका है। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि इस साल समिति के अंतर्गत 1018 किसानों का पंजीयन हुआ। श्री मण्डल ने अधिकारियों से कहा कि पिछले साल लक्ष्य से अधिक धान खरीदी करने वाले उपार्जन केन्द्र पर विशेष निगरानी रखी जाए। ऐसे केन्द्रों पर कड़ी नजर रख कर हर दिन आकस्मिक निरीक्षण किया जाना चाहिए। श्री मण्डल ने जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित सभी चेक पोस्ट और बेरियरों में रात दिन वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए। पड़ोसी राज्यों से अवैध धान की आवक रोकने तथा अवैध भण्डारण रोकने नियमित कार्रवाई होनी चाहिए। श्री मंडल ने अधिकारियों से कहा कि किसानों को धान बेचने और भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने जिला न्यायाधीश का निर्देश

राजनांदगांव। 14 दिसंबर को लगने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने एवं अधिक से अधिक मामलों के निराकरण के संबंध में मोटर दुघर्टना दावा प्रकरण के अधिकारियों, बीमा कंपनी के अधिकारियों, बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं और आवेदकों के अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विनय कुमार कश्यप ने बैठक में उपस्थित बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्तागण को क्लेम प्रकरणों पर आपसी सहमति बनाकर राजीनामा कर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराये जाने एवं नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग की अपेक्षा की।

न्यूज गैलरी

जापानी बुखार की कराए पुख्ता जांच

बीजापुर। समय सीमा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री केडी कुंजाम ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में धान खरीदी केन्द्रों पर सभी नोडल अधिकारियों को निरीक्षण करते हुए नियमित रूप से जांच रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की लापरहवाही होने पर बर्दास्थ नही किया जावेगा। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों पटवारियों की नियुक्त करने के निर्देश तहसीलदारों को दिए।

निर्वाचन का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना अनिवार्य

बीजापुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बीजापुर श्री के डीण्कुजाम ने नगरीय निकाय निर्वाचन के सभी अभ्यर्थियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी प्रकार के निर्वाचन का लेखा .जोखा रखने और उन्हें निर्धारित दिनांक एवं निर्धारित स्थान पर प्रस्तुत करने को कहा है।आज जिला कारयालय के सभा कक्ष मेण् समसत अभयथियो की आयोजित बैठक में उनहोंने कहा कि निर्वाचन व्यय के लिये सभी अभ्यर्थी के लिए एक अलग बैंक खाता खोलना अनिवार्य है। इसमें उनको दलध्संस्थाध्संघध्किसी व्यक्ति से प्राप्त रकम जमा की जाएगी। इसी प्रकार चुनाव संबंधी सभी व्यय नगदध्चेक से इसी बैंक खाते का उपयोग करते हुए किया जाएगा। चुनाव में सभी प्रकार के व्यय कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर के अनुसार मान्य किये जायेंगे।

अफसरों ने ली मानव अधिकार की प्रतिज्ञा

बीजापुर। 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस पर कलेक्टर श्री के डी कूजाम ने कलेक्टोरेट में अधिकारी-कर्मचारियों को मानव अधिकार की प्रतिज्ञा दिलायी। अधिकारी-कर्मचारियों ने मानव अधिकारों को पूर्ण विश्वास एवं निष्ठा से धारण करने तथा उन अधिकारों के संरक्षण एवं संवधर्न में अपना पूरा कर्तव्य निभाने के साथ ही किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना सभी के मानव अधिकारों का सम्मान एवं समर्थन करने और प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से भी किसी के मानव अधिकार का अपने विचारए शब्द या कार्य से नुकसान नहीं करने की प्रतिज्ञा ली।

बच्चों ने निकाला केण्डल मार्च

भाटापारा । मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बालिकाओं और महिलाओं पर रेप और हत्याओं के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला जो की मॉडर्न इंग्लिश स्कूल से जय स्तंभ चौक पर 4:00 बजे पहुँचा जिसका उद्देश्य प्रशासन को जागरूक करना की भविष्य में ऐसे दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को दंडित किया जाए ।

सीएम बघेल सोनाखान पहुंचे, शहीद वीर नारायण सिंह को दी श्रधांजलि

नवप्रपदेश संवाददाता

कसडोल। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को अपने निर्धारित समय से 1 घंटा देरी से कसडोल विकासखंड के ग्राम सोनाखान पहुँचकर शहीद वीर नारायण सिंह के समाधी स्मारक में श्रधांजलि अर्पित की। इसके बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सभा स्थल पहुंचे। बघेल के पहुंचने के बाद सभा का प्रारंभ छत्तीसगढ़ राज्य लोक गीत 'अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार इंद्रावती पधारे तोरे पइया' से किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उपस्थित जन सभा को संबोधित किया। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री बघेल ने सोनाखान की माटी को नमन किया तत्पश्चात शहीद वीर नारायण की वीरता का बखान किया। मुख्यमंत्री ने किसानों के धान खरीदी समस्या के संबंध में कहा कि प्रदेश सरकार किसानों का धान 2500 क्यूंटल के हिसाब से ही धान की खरीदी करेगी। किसी भी किसान को परेशान होने की जरूरत नही है। प्रदेशभर में धान खरीदी के सॉफ्टवेयर में एनआईसी द्वारा तय लिमिट को भी जल्द हटाने की बात कही। साथ ही प्रत्येक किसानों के 1 एकड़ भूमि पर 15 क्यूंटल धान की खरीदी करने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री बघेल ने जन सभा के समक्ष किसानों को आश्वत किया कि अगर तय समय सीमा पर धान खरीदी नही होगा तो समय को आगे 1 माह बढ़ाया जायेगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, श्रम एवं नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, कसडोल विधायक सुश्री शकुंतला साहू, बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव राय, जिलाध्यक्ष दिनेश यदु, कांग्रेस महिला मोर्चा की प्रेमशीला नायक, अमर मिश्रा, अजय ताम्रकार सहित तमाम कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

गिरौदपुरी में सतनाम धर्मशाला का किया लोकार्पण

शहीद वीर नारायण सिंह के श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गिरौदपुरी पहुँचकर चंदा इकट्ठा कर करोडो खर्च कर बनाये गए सतनाम धर्मशाला का लोकार्पण किया। इस दौरान सतनाम समाज के कई बड़े नेता उपस्थित रहे।

कांग्रेस और भाजपा ने बदला अपना एक-एक प्रत्याशी

31 वार्डो के लिए कुल 104 प्रत्याशी मैदान में

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। कांग्रेस और भाजपा ने नाम वापसी के अंतिम दिन अपने अपने एक वार्ड के प्रत्याशियो को बदल दिया। अपनी पूर्व घोषित लिस्ट में कांग्रेस ने मुंशी इस्माइल वार्ड से प्रत्यासी बदलते हुए चंद्र शेखर चक्रधारी को अपना प्रत्यासी बनाया है, तो भाजपा ने के के वार्ड से मनोज गुप्ता के स्थान पर राजेश धुव को मैदान में उतारा है। नगर पालिका के इस चुनाव में अब 31 वार्डो के लिए कुल 104 प्रत्यासी मैदान में रह गए है, जबकि 34 ने अपना नाम वापस ले लिया।

नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस ने भाटापारा नगर पालिका के लिए अपनी पूर्व में घोषित वार्ड नम्बर 23 मुंशी इस्माइल वार्ड में विनोद यदुके स्थान पर पूर्व पार्षद चंद्र शेखर चक्रधारी को अपना प्रत्यासी बनाया है। बताया जाता है की उक्त वार्ड में उनसे चुनाव लड़ने की मांग वार्डवासी कर रहे थे।उनका मुकाबला वर्तमान पार्षद पुरषोत्तम यदु से होगा। भाजपा ने अपनी लिस्ट में के के वार्ड से राजेश धुव को मैदान में उतारने का फैसला लिया है जबकि पूर्व में मनोज गुप्ता को प्रत्यासी बनाया गया था।

भाजपा और कांग्रेस ने अपने सभी प्रत्याशियो के बी फार्म को निधारित समय में जमा कर दिया।नगर के 31 वार्डो के लिए कुल 104 प्रत्यासी मैदान में रह गए है।सोमवार को नाम वापसी के अंतिम दिवस तक 34 दावेदारो ने अपना नाम वापस ले लिया है। शेष बचे 104 दावेदार में भाजपा के 31,,कांग्रेस के 31,बी एस पी से 1,जोगी कांग्रेस से 1, शिव सेना से 4 और निर्दलीय 36 प्रत्यासी है। सोमवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी ने निर्धारित समय के पश्चात सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद अब शहर में चुनाव का शोर गुल सुनने को मिल सकता है।

कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स एकेडमी भाटापारा में कराते की ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न हुई जिसमें परीक्षा लेने के लिए छत्तीसगढ़ कराते डु संघ के महासचिव सिहान फिफ्थ दान ब्लैक बेल्ट अमोल तालुकदार विशेष रूप से उपस्थित हुए।

इस ग्रेडिंग परीक्षा में भाटापारा एवम बिलासपुर के खिलाड़ी जिसमे मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स एकेडमी में अभ्यासरत खिलाड़ी बालक बालिकाओं ने कराते ग्रेडिंग एग्जाम दिया और अपने आप को अपग्रेड किया यह सभी खिलाड़ी निरंतर थर्ड दान ब्लैक बेल्ट पी. सुरेश राव जी के मार्गदर्शन में कराते का अभ्यास कर रहे हैं इस परीक्षा में ब्राउन बेल्ट ऋषभ यदु अभिषेक आर्यन पांडे ने ब्लू बेल्ट रौनक साहू कुशांक यदु अरुण मिश्रा कनक शर्मा इन्होंने ग्रीन बेल्ट का एग्जाम दिया तथा हर्ष भोजवानी आरती भोजवानी कृतिका देवांगन प्रीति आरव सचदेव माधवी ध्रुव सक्षम चौरसिया इन्होंने येलो बेल्ट की परीक्षा दी तथा प्रकार वर्मा शालिनी पांडे रवि साहू दिवेश कामिनी दिव्यांश गुप्ता माही जयसवाल सूर्यांश आशीष समर वरुण रोहन उत्कर्ष यदु गजेंद्र साहू वेदांश वेदिका कुणाल मोहित रितेश एकलव्य कुलवंत मांडे अनुष्का मल यह सभी लोगों ने बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण कर मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स एकेडमी का नाम रोशन किया।

प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। नगर पंचायत उतई में प्रत्याशियो को चुनाव चिन्ह आबंटन पश्चात चुनावी हलचल तेज हुई। प्रत्याशियो द्वारा मतदाताओ से मिलना शुरू किया।नगर पंचायत उतई के 15 वार्डो में वार्ड 4 व 11 महिलाओं के लिए आरक्षित हुआ है।और दोनों वार्डो में 4, 4 महिला प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रही है।जबकि वार्ड 10 व 13 में कांग्रेस भाजपा के बीच सीधी टक्कर है और वह वार्ड 10 जिसमे कांग्रेस से तोषण लाल साहू व भाजपा से कांति लाल साहू है। उसी तरह 13 में कांग्रेस से संतोषी कुंजाम व भाजपा से कंचन ठाकुर के बीच सीधी मुकाबला है।वार्ड 1 से रामकुमार ठाकुर भाजपा से बगावत कर मैदान में डटे हुए।वार्ड 2 में सरस्वती साहू व सुनीता वर्मा भाजपा से वही त्रिवेणी साहू कांग्रेस से बागी होकर मैदान में है।वार्ड 3 में भाजपा से राकेश साहू तो कांग्रेस से सुरेन्द्र वर्मा व तोषण चन्द्राकर बगावत पर उतर आए है।वार्ड 4 से कुसुम देवांगन व गीता वर्मा दोनों भाजपा की बागी प्रत्याशी है।वार्ड 5 में सतीश चन्द्राकर, दीपक चन्द्राकर व डिकेश्वर सेन भाजपा से बागी होकर चुनाव मैदान में डटे हुए है।वार्ड 6 में कमलेश्वरी गढ़े भाजपा से तो बसंती कुर्रे कांग्रेस से बागी प्रत्याशी है।वार्ड 7 से रतन कुमार साहू कांग्रेस से वही भीमसेन सिन्हा भाजपा से बगावत कर चुनाव मैदान में है। वार्ड 8 से खूबी राम साहू भाजपा से तो मोहन निर्मलकर कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ रहे है। वार्ड 9 में अनिता कौशिक भाजपा से तो द्वारिका साहू ललित साहू कांग्रेस से बागी होकर मैदान में उतरे है।वार्ड 11 में विमला कामड़े भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ रही है।वार्ड 12 से अनिता गढ़े, डीके भारती भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ रहे है।वार्ड 14 में प्रहलाद वर्मा कांग्रेस से बागी होकर चुनाव मैदान में है वही वार्ड 15 में रामखिलावन साहू भाजपा से बागी होकर चुनाव समर में डटे हुए है। नगर पंचायत उतई में कुल 69 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे है।नगर के वार्ड 8,9,10 में सबकी निगाहें है जबकि वार्ड 12 में बाप बेटे बहु चुनाव मैदान में उतरे हुए है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

गंडई के 11 वार्ड में 15 निर्दलीय प्रत्याशी बिगाड़ेंगे खेल

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। नगर निकाय चुनाव में 9 दिसंबर को नाम वापसी का आखिरी दिन था । कांग्रेस भाजपा ने अपने अपने बागियों को मनाने की बहुत कोशिश की । कांग्रेस वार्ड 7ए 8 ए 9ए 11ए 15 में सफ्ल भी हुई । भाजपा के बागी नही माने । वार्ड 2ए 5ए 6 भाजपा के बागी दमखम से लड़ेंगे ऐसे कयास लगाए जा रहे है । नाम वापस लेने वालों मे वार्ड 7 से सुधांशु यादवए दामोदर जायसवालए वार्ड 8 से ललिताए वार्ड 9 हबीब खानए राजेश्वर कुर्रेए वार्ड 11 रत्ना छेदैया, वार्ड 15 से राजेश चतुर्वेदी है । मिली जानकारी के अनुसार जो अभ्यर्थी राष्ट्रीय दलों के नाम से चुनाव लड़ने का आवेदन किये हैए वो यदि बी फार्म जमा नही करते है तो उन्हें निर्दलीय घोषित कर दिया जाएगा । नाम वापसी के लिए प्रारूप 6 में आवेदन करना होगा । नाम वापसी अभ्यर्थीए अभ्यर्थी का प्रस्तावक या अभ्यर्थी का निर्वाचन अभिकर्ता ले सकता था। राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए प्रारूप 8 व 9 जिसे बी फार्म कहा जाता है उसे करने का अंतिम दिन था । कांग्रेस के जिला महामंत्री गोवर्धन वर्मा खुद कांग्रेस का बी फार्म जमा करने आये । 7 लोगो ने नाम वापस लिया । 15 भाजपा 15 कांग्रेस व 15 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में है ।गंडई के 15 वार्ड निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में वार्ड 1 राजेन्द्र डहरिया को पतंग छापए बालकिशन यादव को दो पत्तीए वार्ड 2 से श्यामपाल ताम्रकार दो पत्तीए टीकम डोंगरवार उगता सूरज छापए वार्ड 3 मधु ताम्रकार दो पत्ती चुनाव चिन्ह मिला है ।

बढ़ रही चोरी की वारदातें

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरीया। स्थानीय थाना क्षेत्र में लगातार मोटर साइकल चोरी की घटना सकमाने आ रही है। चोर इतने बेखौफ हो गए है की चोर चोरी करने मे बिलकुल नहीं डर रहे है ग्राम नर्मदा से लगे हुये गाव बेलगाव का किसान गत 6 दिन पहले 4 दिसंबर को सुबह 6 बजे अपने ट्रेक्टर लेकर खेत जुटाई करने गया हुआ था । किसान के पिता गुलाब चंद मिर्चे मोटर साइकल हीरो एचएफ़ डीलक्स क्रमांक सीजी 08 ए 4794 से नास्ता पाहुचाने गए थे । सड़क किनारे बैक खड़ी कर वह नास्ता देने खेत चले गए। करीब 10 बजे वापस लोटने पर उन्होने मौके से बाइक को गायब देखा। पतासाजी करने के बाद उन्होने मौके पर ही घटना की रिपोर्ट थाना मे दर्ज कराई।

दुसरे दिन भी चोरी हुई एक बाइक : उसी के दूसरे दिन फिर ही चोरी 4 दिसंबर को घटना जे पश्चात चिलगुड़ा के किसान की मोटर साइकल खेत से गायब हो गई । मिली जानकारी के अनुसार किसान अपनी मोटर साइकल एचएफ़डीलक्स क्रमांक सीजी 08 एबी 23285 से कम करने खे गया था । खेत मे काम करने गया था । खेत मे काम करने के बाद मे घर जाने मौके पर पहुंचा तो बाइक गायब हो चुकी थी। इसी प्रकार चलता रहा तो किसान क्या करे ? इन्होने ने बताया की बाइक चोरी की एफ़आईआर दर्ज हुई है। इसकी जांच जारी है। जल्द ही चोर का पता चल जाएगा ।

भाटापारा में मना 71वां एनसीसी दिवस

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा के द्वारा 71 वां एनसीसी दिवस का आयोजन रखा गया । इनके मुख्य अतिथि कर्नल रजनीश मेहता (कमान अधिकारी) विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल भरत छेत्री (प्रशासनिक अधिकारी) 7 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी बटालियन बिलासपुर अध्यक्षता कर रहे संस्था प्रमुख दिनेश कुमार शर्मा ।कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार डॉ. श्रीमती अर्चना वर्मा के स्वर से किया गया तत्पश्चात अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्वागत गीत कैडेट कोनाल मेढ़े, उमेश कुमार साहू के द्वारा किया गया । इस अवसर पर कैडेटों के बीच निम्नलिखित गतिविधियों का प्रतियोगिता रखा गया जिसमें ड्रिल, ड्राइंग , निबंध ,पीपीटी, सामान्य ज्ञान ,गीत ,कविता, भाषण आदि प्रस्तुत किया गया ड्रिल में प्लाटून नंबर 3 कमांडर सीएसएम मुक्तावन प्रथम रहा द्वितीय स्थान प्लांटून 2 सीपीएल वंश रहले ,ड्राइंग प्रथम स्थान कैडेट कपिल लहरे, द्वितीय कैडेट करण कुमार साहू ,निबंध प्रथम कोनाल मेढ़े, द्वितीय कैडेट गोविंदराम कुलदीप ,पीपीटी अनुज ध्रुव, हुलास, हिमांशु गुप्ता, शरद यादव, भूपेंद्र कुमार ध्रुव रहे विजेता कैडेटों को अतिथियों के द्वारा मेडल, कॉपी ,पेन पुरस्कार दिया गया । कर्नल रजनीश मेहता ने कहा कि जर्मनी ऐसा देश है जो द्वितीय विश्व युद्ध की हार से गर्त में चला गया था लेकिन वहां अनुशासन एवं एकता के कारण अब विकसित देशों में गिना जाता है हमारे देश में अनुशासन की कमी है जो हमें लाना होगा। लेफ्टिनेंट कर्नल भरत छेत्री ने कहा कि एनसीसी बड़ा संस्था है जो कैडेटों के लिए अच्छा प्लेटफार्म है अपना हुनर को दिखाने की, स्वच्छता अभियान के बारे में मैं भी बताएं प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा. ने कहा भारत में एनसीसी 1948 की राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम के साथ बनाई गई थी।

अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। भाटापारा सेमरियाघाट मार्ग पर रविवार की रात मोटरसाइकिल पर जा रहे एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मा दी,जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीण पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन कर रही है। उपरोक्त सम्बन्ध में ग्रामीण पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम राजा ढार निवासी नकुल धुव अपनी मोटर सायकल क्रमांक सी जी 22 आर 3253 से भाटापारा से देवरी की और जा रहा था तो देवरी सुमा मोड़ के पास उसकी मोटरसाइकिल को किसी अज्ञात वाहन चालक ने अपनी चपेट में लिया जिससे उक्त युवक के सिर पर गंभीर चोट आई और युवक की वही मौत हो गई। घटना रात करीबन साढे 7 बजे के आसपास की बताई जाती है। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जाँच पड़ताल कर रही है।

औचक निरीक्षण — प्रबंधन समिति एवं ब्लॉक के अधिकारीयों व जिले अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए

धान खरीदी के संबंध में मिल रही शिकायतों को जांचने पहुंचे मुख्य सचिव

नवप्रदेश संवाददाता

मैनपुर। धान खरीदी के संबंध में फैलाई जा रही अफवाहों को दूर करने आज मुख्य सचिव आर पी मंडल झाखरपारा धान खरीदी केंद्र पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री बघेल के निर्देश पर धान खरीदी की व्यवस्था को चाक-चौबंद करने राज्य के मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल अधिकारियों के साथ आज सुबह पड़ोसी राज्यों की सीमा से लगे ईलाकों के साथ ही गरियाबंद जिले के झाँखरपारा धान खरीदी केंद्र पहुंच कर प्रबंधन समिति एवं ब्लॉक के अधिकारीयों व जिले अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए।ताकि आने वाले समय मे किसानों को किसी भी प्रकार की धान बिक्री सम्बंधी असुविधाए ना हो।प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सभी जिला कलेक्टरों को यह ताकीद दी है कि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए और किसानों को भुगतान समय पर होना चाहिए।

गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर मुख्य सचिव आज हेलीकाप्टर से अधिकारियों के साथ सुबह 10 बजे से निरीक्षण प्रारंभ करते हुए गरियाबंद जिले के झाँखरपारा के धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीधे किसानों से संवाद कर धान खरीदी व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।किसानों ने बताया कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को पूरा सहयोग दिया जा रहा है। श्री मंडल ने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के पंजीयन तथा भुगतान के संबंध में दर्ज की जा रही ऑनलाईन जानकारी भी देखी। समिति के किसानों ने बताया कि मोबाइल में पैसे खाते में जमा होने का मैसेज आया है। झाँखरपारा में वयोवृद्ध किसान भी वहां पर टोकन पर धान बेचते मिले। मुख्य सचिव श्री मंडल ने राज्य के किसानों से कहा कि धान खरीदी अभियान के तहत किसानों से केन्द्र द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। केन्द्र शासन द्वारा कॉमन धान के लिए 1815 और ग्रेड-ए धान के लिए 1835 रूपए का समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। खरीदी की रकम किसानों के खाते में सीधे जमा की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों को आश्वस्त किया है कि राज्य सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में किए गए वायदे के अनुरूप प्रति क्विंटल 2500 रूपए धान की कीमत देगी। समर्थन मूल्य में धान की खरीदी के बाद अंतर की राशि का भुगतान नई योजना बनाकर किसानों के खाते में किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार प्रति एकड़ 15 क्विंटल के मान से धान खरीद रही है। इसमें किसी भी प्रकार की लिमिट नहीं लगाई गई है। किसान किसी भी प्रकार के अफ्वाह या भ्रामक बातों में ना आए और निश्चिन्त होकर धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने जाए। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि धान खरीदी केन्द्रों में धान लाते वक्त यह देख ले कि धान में नमी का प्रतिशत निर्धारित सीमा से अधिक ना हो। धान बेचने से पहले खलिहानों में ठीक से सूखा लें। मुख्य सचिव श्री मंडल ने धान खरीदी केन्द्रों में अपने सामने ही किसानों का धान तौल करवाकर जांच किया और धान की गुणवत्ता को भी परखा और माइश्चर मीटर से धान की नमी भी माप कर देखी।

जिले में अब तक 43 हजार 67 बोरा धान जब्त

महासमुन्द। जिले में धान के अवैध रूप से भण्डारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन के निर्देश पर निगरानी दलों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। निगरानी दलों की कार्यवाही में अब तक कोचिए एवं बिचौलिए के साथ धान के अवैध परिवहन और भण्डारण के 278 प्रकरण दर्ज किए गए है। जिसके अंतर्गत 43 हजार 67 बोरे धान 17 हजार 231.20 क्विंटल धान जब्त किया गया है। कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन ने धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण रोकने के लिए गठित संयुक्त टीमों को लगातार निगरानी एवं चौकसी बरतने के लिए कहा है।

नोडल अधिकारियों ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

किसानों के रकबा दस्तावेजों का सत्यापन कराना सुनिश्चित करें- कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री के.एल. चैहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के सभी धान खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों को प्रतिदिन निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, ताकि अवैध रूप से धान बिक्री को रोका जा सकें।

किसानों के रकबा का सत्यापन हल्का पटवारी के माध्यम से किया जाये, जिन किसानों का रकबा ज्यादा है और वे कितने रकबे में धान की बोआई किया है, उसका शतप्रतिशत सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के डायवर्सन भूमि का टेक्स वसूली शतप्रतिशत पूर्ण करायें। जिले के नजूल भूमि का पट्टे वितरण कराये जाने के लिए सर्वे करायें जाये, ताकि समय पर किसानों को भूमि का पट्टा मिल सके। कलेक्टर ने जिले के अंदरूनी क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव कराने के निर्देश नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक को दिए।

धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव कर 25 दिसम्बर तक भण्डारण पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिले के किसानों को रबी की फसल के लिए बीज निगम के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बीज वितरण शीघ्र किया जाये, जिससें जिले में रबी फसल का दायरा बढ़ाई जाकर किसानों को रबी फसल से आर्थिक लाभ दिलाई जा सकें।उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनचैपाल से प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा के भीतर निराकरण कराने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। जिले में श्रमिकों को शासन की महत्वकांक्षी योजनाओ से लाभान्वित करने ''श्रम योगी'' योजना से जोड़कर पंजीयन कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री चैहान ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयीन सामग्री शासन के मान्यता प्राप्त संस्थाओं से खरीदने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गये। कलेक्टर ने आकांक्षी जिला सुराजी योजना के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण इत्यादि योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा किया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर एम.आर चेलक, संयुक्त कलेक्टर सी.एल मार्कण्डेय, एसडीएम चारामा सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, एसडीएम कांकेर उमाशंकर बंदे सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बालक छात्रावास अंतागढ़ के भृत्य निलंबित

कांकेर। बालक छात्रावास अंतागढ़ में पदस्थ भृत्य धनीराम मंडावी को कलेक्टर श्री के.एल चैहान ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि उक्त भृत्य द्वारा लगातार छात्रावास से अनुपस्थित रहने, छात्रावास में शराब का सेवन कर आने एवं कार्य के प्रति लापरवाही बरतने की शिकायत की गई थी। जिसकी जांच मण्डल संयोजक अंतागढ़ द्वारा की गई, जिसमें भृत्य धनीराम मंडावी द्वारा शराब का सेवन कर छात्रावास में आना एवं कार्य के प्रति लापरवाही बरतना सही पाया गया।

मतदान सामग्रियों की सिलिंग कार्य के लिए नियुक्ति

अम्बिकापुर। कलेक्टर डॉ0 सारांश मित्तर के मार्गदर्शन में नगर निगम अम्बिकापुर के मतगणना उपरान्त मतपेटी एवं मतदान सामग्रियों से संबंधी अधिकारी एवं कर्मचारी को कार्य करने और कलेक्टर की सहायता के प्रयोजन के लिए 24 दिसम्बर को सुबह 6 बजे मतगणना स्थल पालिटेनिक कॉलेज, अम्बिकापुर में सिलिंग कार्य करने हेतु नियुक्ति की गई है।

भाजपा-कांग्रेस और निर्दलीय उम्मीदवारों को मिलाकर 72 प्रत्याशी मैदान में

- नगरीय निकाय चुनाव में प्रत्याशियों को आबंटित हुआ चिन्ह
- किसी को ऊगता सूरज तो किसी दो पत्ती, तो कोई पतंग पर ज़ोर आजमाईश शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। नगरीय निकाय आम चुनाव के तहत नगर पालिका परिषद कांकेर के लिए कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर के.एल. चैहान ने पार्षद पद के 72 अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किये हैं, जिसमें वार्ड क्रमांक 01 से इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी लता मण्डावी को हाथ छाप, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी उगेश्वरी उइके को कमल छाप, और निर्दलीय प्रत्याशी किरण सलाम को दो पत्तियां एवं रमा रावटे को उगता सुरज चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 02 के अभ्यर्थी इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी सुनीता संजीव अहिरवार को हाथ और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय लक्ष्मी कौशिक को कमल, वार्ड क्रमांक 03 के अभ्यर्थी इंडियन नेशनल कॉग्रेस के प्रत्याशी लीना मनोज जैन को हाथ एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शंकुतला जैन को कमल, वार्ड क्रमांक 04 के अभ्यर्थी इंडियन नेशनल कॉग्रेस के प्रत्याशी दीपक शोरी (सोनू) को हाथ और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भाऊ को कमल, वार्ड क्रमांक 05 के अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जयंत अटभैया लक्की को कमल, इंडियन नेशनल कॉग्रेस के प्रत्याशी यासीन कराणी को हाथ और निर्दलीय प्रत्याशी पवन कौशिक को दो पत्तियां, वार्ड क्रमांक 06 के अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रबिया सलिम मेमन को कमल एवं इंडियन नेशनल कॉग्रेस के प्रत्याशी सरोज जितेन्द्र सिंह ठाकुर को हाथ और निर्दलीय प्रत्याशी चित्ररेखा जैन को पतंग छाप आबंटित किया गया है। वार्ड क्रमांक 07 के अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजा देवनानी को कमल, इंडियन नेशनल कॉग्रेस के प्रत्याशी सतीश दीपक को हाथ, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी संजय मंशानी को झाड़ू छाप तथा निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मीकांत गुंडु जैन उगता सूरज, महेश नागवानी को बरगद का पेड़ एवं श्रीमती शशि तिवारी चाची को दो पत्तियां, वार्ड क्रमांक 08 के अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी महावीर शार्दुल को कमल, इंडियन नेशनल कॉग्रेस के प्रत्याशी मकबूल खान को हाथ एवं निर्दलीय प्रत्याशी मुमताज नजीब कुरैशी को दो पत्तियां, वार्ड क्रमांक 09 के अभ्यर्थी इंडियन नेशनल कॉग्रेस के प्रत्याशी सरदार अजय सिंह रेणु को हाथ एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को कमल और निर्दलीय प्रत्याशी हनीफ खान को पतंग, जानकी बाई लोन्हारे को उगता सूरज एवं परमानन्द साहू को दो पत्तियां।

सीईओ ने लाईवलीहुड कॉलेज में छात्रों से ली प्रशिक्षण की जानकारी

कांकेर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आज लाईवलीहुड कॉलेज गोविंदपुर में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशयन के ट्रेड में संचालित हो रहे प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया, जिसमें प्रशिक्षणरत छात्रों से ट्रेनिंग के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षणरत छात्रों से नाश्ता व खाना की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी लेतेह हुए कहा कि भोजन समय पर मिलता है या नहीं? छात्रों ने बताया कि नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता सही है व समय पर मिलता है। उनके द्वारा प्रशिक्षणरत छात्रों के नियोजन के संबंध में भी जानकारी ली गई। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 15 बच्चों द्वारा असिस्टेंट इलेक्ट्रियन में आवासीय प्रशिक्षण ले रहे हैं।जिला पंचायत सीईओ डॉ. कन्नौजे ने ग्राम पंचायत गोविन्दपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण करते हुए हितग्राही बिरन जुर्री के घर गये, जहॉ नींव खुदाई का कार्य चल रहा था, जिसे दीवाल स्तर तक का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

युवा महोत्सव में लोकनृत्य की रही धूम

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिला स्तरीय युवा महोत्सव कांकेर के पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर के खेल मैदान में जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से गड़बो नवा छत्तीसगढ़ की थीम पर जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन शनिवार को किया गया युवा महोत्सव का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार महानदी हे अपार से किया गया । कार्यक्रम के उद्घाटन कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच गोविंदपुर सुश्री गीता जुर्री, आकाश राव प्रदेश सचिव खेल प्रकोष्ठ, हेम नारायण गजबल्ला, चंद्रलोक सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सी.एल. मार्कंडेय, जिला शिक्षा अधिकारी अर्जुन मेश्राम जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी संजय जैन, खंड शिक्षा अधिकारी भुवन जैन, सहायक क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा आबिद खान आदि उपस्थित थे। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में लोक नृत्य में प्रथम स्थान पंकज कुमार एवं साथी द्वितीय स्थान कुमारी मीना साहू एवं साथी, लोकगीत सामूहिक में प्रथम स्थान योगिता सिन्हा एवं साथी कांकेर, एकांकी नाटक कुमारी ट्विंकल नाग एवं साथी कांकेर, द्वितीय स्थान कुमारी नेहा ठाकुर एवं साथी नरहरपुर, शास्त्री गायन हिंदुस्तानी शैली प्रथम कुमारी मल्लिका गोस्वामी कांकेर, बांसुरी वादन प्रथम पुष्कर बघेल नरहरपुर, द्वितीय तुलसीराम कांकेर, तबला वादन प्रथम पुरुषोत्तम सरकार कोयलीबेड़ा द्वितीय आशीष सोनवानी नरहरपुर, हारमोनियम वादन प्रथम अभय कुमार यादव नरहरपुर, द्वितीय कुमारी पायल पटेल अंतागढ़, ओडिसी नृत्य प्रथमं कुमारी प्राची मंडावी कांकेर, भरतनाट्यम प्रथम कुमारी पूजा नाग कांकेर, द्वितीय कुमारी हिमांशी साहू नरहरपुर, कत्थक नृत्य प्रथम कुमारी प्रज्ञा यादव कांकेर, तात्कालिक भाषण प्रथम कुमारी सोसन अंतागढ़, द्वितीय ललित कुमार गोयल दुर्गुकोंदल, गेड़ी नाचा प्रथम रवि कांत बोगा एवं साथी नरहरपुर, द्वितीय दीपक कोरेटी एवं साथी कांकेर, डंडा नाचा प्रथम चारामा विकास खंड , पारंपरिक वेशभूषा प्रथम कुमारी रामेश्वरी हिचामी, द्वितीय कुमारी नेहा सिन्हा, फूड फेस्टिवल प्रथमं कुमारी रोशनी कांकेर, द्वितीय कुमारी दामिनी नरहरपुर चित्रकला प्रतियोगिता प्रथम ।

धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की उमड़ रही भीड़

- जिले में अबतक 1822 किसानों ने 12 करोड़ से अधिक रूपये के 69 हजार 643 क्विंटन धान बेचा

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी एक दिसम्बर 2019 से शुरू हो गई है। सरगुजा जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी 34 उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सभी उपार्जन केन्द्रों में किसानों की भीड़ उमड़ रही है। जिला खाद्य अधिकारी अम्बिकापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 दिसम्बर तक जिले क 1 हजार 822 किसानों के द्वारा 12 करोड़ 77 लाख 89 हजार 48 रूपये का 79 हजार 643.20 क्विंटल धान बेचा है। इसमें बैंक शाखा अम्बिकापुर अंतर्गत 191 किसानों के द्वारा एक करोड़ 32 लाख 17 हजार 872 रूपये के 7 हजार 203.20 क्विंटल, कमलेश्वरपुर शाखा अंतर्गत 32 किसानों के द्वारा 19 लाख 6 हजार 596 रूपये का 1हजार 39 क्विंटल, धौरपुर शाखा अंतर्गत 158 किसानों के द्वारा 1 करोड़ 17 लाख 17 हजार 80 रूपये के 6 हजार 385 क्विंटल, बतौली शाखा अंतर्गत 210 किसानों के द्वारा 1 करोड़ 36 लाख 42 हजार 984 रूपये के 7 हजार 435.20 क्विंटल, लखनपुर शाखा अंतर्गत 637 किसानों के द्वारा 4 करोड़ 48 लाख 65 हजार 222 रूपये के 24 हजार 450 क्विंटल तथा सीतापुर शाखा अंतर्गत 594 किसानों के द्वारा 4 करोड़ 24 लाख 39 हजार 294 रूपये की 23 हजार 130 क्विंटल धान बेचा गया है।

अम्बिकापुर जनपद अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र नमनाकला सरगवां में धान बेचने पहुॅचे ग्राम घंघरी निवासी श्री मेजन राम तथा ग्राम रूखपुर निवासी श्री सियमबर ठाकुर एवं श्री बालचंद ठाकुर ने बताया कि टोकन के अनुसार धान बेचने लाया गया है।उपार्जन केन्द्र में किसानों को धान बेचने में कोई असुविधा नहीं हो रही हैं यहॉ धान बेचने आने वाले किसानों के लिए पानी एवं छाया की व्यवस्था की गई। श्री मेजन राम के द्वारा 40 क्विंटल तथा सियमबर ठाकुर के द्वारा 46 क्विंटल धान लाया गया था।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

राज्य के मंत्री धमकाते...

कहा था कि यदि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ का धान नहीं खरीदेगी तो प्रदेश का कोयला केंद्र को नहीं जाने दिया जाएगा। इस बीच छत्तीसगढ़ सरकार तो बैकफुट पर आ गई लेकिन भारत सरकार के उपक्रम वाली कोल कंपनियों ने राज्य की बिजली कंपनी को देय कोयले की आपूर्ति में कटौती कर इसे 700 करोड़ रुपए का झटका दे दिया है। बिजली कंपनी को पिछले चार माह में यह नुकसान उठाना पड़ा है। गौरतलब है कि राज्य की बिजली कंपनी के सर्वाधिक पॉवर प्लांट कोरबा जिले में ही हैं।

18 साल में पहली बार ऐसी स्थिति

केंद्र सरकार के नियंत्रण वाली कोल कंपनियों ने राज्य की बिजली कंपनी के प्लांटों को अनुबंद्ध से कम कोयला देना शुरू कर दिया है, जिससे घाटे से उबर रही बिजली कंपनी पर फिर नुकसान का खतरा मंडराने लगा है। कंपनी मरणासन्न स्थिति में पहुंच गई है। कोयले की कम आपूर्ति से कंपनी का विद्युत उत्पादन कम हो गया है। इससे छत्तीसगढ़ सरकार को भी राजस्व का नुकसान हुआ है। बिजली कंपनी के अधिकारियों का मानना है कि पिछले 18 वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब साल के नवंबर-दिसंबर माह में कोयले की कमी की वजह से उत्पादन प्रभावित हुआ हो।

आंकड़ों में समझें कटौती का गणित

- कोरबा थर्मल पॉवर स्टेशन (केटीपीएस) की कोरबा ईस्ट इकाई में 120 मेगावॉट की दो यूनिट संचालित हैं।

-इनमें हर दिन 4000 मीट्रिक टन कोयले की जरूरत पड़ती है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से यहां एक से 1.5 हजार मीट्रिक टन कोयले की आपूर्ति ही की जा रही थी।

-हसदेव थर्मल पॉवर स्टेशन (एचटीपीएस) में प्रतिदिन 22 हजार मीट्रिक टन पर 10 से 12 हजार मीट्रिक टन कोयला ही दिया जा रहा था।

-डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी थर्मल पॉवर स्टेशन (डीएसपीएम) में भी जरूरी आठ हजार मीट्रिक टन कोयले की जगह कम आपूर्ति की जा रही थी।

-जांजगीर-चांपा के मड़वा थर्मल पॉवर प्लांट में भी 15 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन की जरूरत के मुकाबले पिछले दिनों तक मात्र 3 से 4 हजार मीट्रिक टन कोयला ही एसईसीएल द्वारा दिया जा रहा था।

पांच दिन का बैकअप फ्यूल रखना जरूरी

राज्य की बिजली कंपनी के अनुसार ताप विद्युत संयंत्रों को चलाने के लिए पांच दिनों तक के फ्यूल का बैकअप रखना जरूरी है। नहीं होने की स्थिति में संयंत्र को बंद करना पड़ता है। जांजगीर-चांपा स्थित मड़वा प्लांट के 500 मेगावॉट के प्लांट को पिछले दिनों बंद रखना पड़ा था। यही स्थिति दो दिन पूर्व भी बनी हुई थी। अफसरों के अनुसार स्थिति नहीं सुधरी तो आगे भी बिजली उत्पादन को लेकर संकट पैदा होगा।

एसईसीएल और रेलवे के रवैये से परेशान कंपनी

अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की कंपनी साउथ ईस्ट कोल फील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) बिजली कंपनी को कोयला उपलब्ध कराती है। वहीं इसके परिवहन के लिए रेलवे माल वाहक ट्रेन की व्यवस्था करता है, लेकिन पिछले कुछ समय से जहां एसईसीएल ने कोयले के लिए हाथ खींच रखे थे, रेलवे भी पर्याप्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने में असमर्थता जाहिर कर रहा था। बिजली कंपनी के अधिकारी दबी जुबान में यहां तक कह रहे हैं कि एसईसीएल और रेलवे लगातार उनकी बातों को अनसुना कर रहे थे। इसकी वजह पूछने पर एसईसीएल व रेलवे पर केंद्र से आंतरिक दबाव की बात भी कह रहे हैं। हालांकि मुख्य सचिव की बिजली, रेलवे और एसईसीएल के अधिकारियों की बैठक के बाद कोयला आपूर्ति में थोड़ा सुधार आ रहा है।

सुरक्षा देने गए...

से इलाज के लिए रांची भेजा गया है। इनके अलावा दो घायल जवानों खुखलरी और दीपेंद्र कुमार का इलाज बोकारो में ही चल रहा है।

राजधानी में दिनदहाड़े...

12 बजे मनीषा सिदार और चचेरी बहन मंजुलता सिदार की धारदार हथियार से वार कर लहुलूहान कर दिया गया था। युवतियों के शरीर में कई जगह चोट के गहरे और जानलेवा निशान थे। अस्पताल ले जाते समय दोनों की मौत हो गई। दोनों युवती मूलतः रायगढ़ की रहने वाली है और बहने बताई जा रही हैं। रायपुर में पिछले दो साल से किराए के मकान में रहकर रावतपुरा नर्सिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है. बीती रात को दोनों युवक उसी किराए के मकान में रूके हुए थे और सुबह खाना खाने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते दोनों युवती की हत्या कर दी गई थी।

मच गई थी चीख-पुकार, पर मददगार कोई नहीं मिला

अज्ञात आरोपी ने घर में घूसकर दोनों लड़कियों पर हमला कर दिया। दिन दहाड़े हुए इस हमले के बाद इलाके में चीख पुकार मच गयी। खुद मकान मालिक मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक आरोपी हमला कर मौके से फरार हो गया। मकान मालिक ने स्थानीय लोगों की मदद से युवती को तुरंत मेकाहारा अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों युवतियों की मौत हो गयी। बताते हैं कि जब आरोपियों ने दोनों पर वहशियाना अंदाज में हमला किया तब चीख पुकार मच गई दूर दूर तक उनकी आवाजें सुनाई आईं पर तब तक अपने मंसूबों में हत्यारे कामयाब होकर बेखौफ वहां से निकल भागे।

खाने की थाली सजी थी, तवा और चाकू से हुई हत्या

पुलिस को क्राइम सीन पर थाली में खाना परोसा हुआ भी मिला है, खाना पूरा खाया नहीं गया है, जिसके बाद ये आशंका है कि खाने की थाली पर ही दोनों युवकों का युवतियों के साथ विवाद हुआ, जिसके बाद पहले तो दोनों युवकों का युवतियों के साथ हाथापाई हुआ। हाथापाई के बाद युवक ने किचन में रखे तावे से युवतियों पर वार कर दिया, जिसके वार से दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। क्राइम सीन के मुताबिक मृतका गोदवारी नगर में चौथी मंजिल पर रहता। सीसीटीवी फुटेज में दो युवक तेजी के साथ बाहर निकलकर भागते हुए दिख रहे हैं। उनमें से एक जैकेट पहना युवक फोन पर किसी से बात कर रहा था, जबकि दूसरा युवक पीछे नीली शर्ट पहनकर जाता दिख रहा है। वो चलते हुए लंगड़ा भी रहा है, ऐसे में माना जा रहा है कि विवाद के दौरान उसे चोट लगी थी।

कांग्रेस ने पहले...

लेकिन, प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नाफरमानी के बाद प्रदेश कांग्रेस सख्त रवैया अपना रही है। ऐसे बगावती तेवर वालों को कांग्रेस ने शॉर्टलिस्ट कर नोटिस जारी किया है। रूठों और बागियों से दोनों ही दलों के नेता अलग-अलग राफ्ता कर उनकी कुंडली भी बना रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जो मान गए और निकाय चुनाव में पार्टी लाइन पर बढ़चढ़कर काम करेंगे वही बचेंगे। इस बारे में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि करीब दो हजार कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी किया गया है। निकाय चुनाव के बागियों और रूठों को नोटिस जारी किया गया है। और उचित जवाब नहीं मिलने के बाद उनके खिलाफ निलम्बन की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि निकाय चुनाव में पार्टी के द्वारा टिकट नही दिए जाने के बाद हजारों कार्यकर्ताओं ने निर्दलीय चुनाव फैसला लिया है। अब इन कार्यकर्ताओं पर पार्टी निलम्बन की कार्रवाई करने जा रही है।

निर्दलीय कांग्रेस प्रत्याशी के लिए भारी

नगरपालिका निर्वाचन 209 के लिए नाम निर्देशन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि के बाद अब 10 हजार 161 अभ्यर्थी मैदान में हैं. एक हजार 458 अभ्यर्थियों ने अपने नाम वापस लिए हैं. इनमें सबसे ज्यादा 936 अभ्यर्थी जांजगीर जिले में हैं। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाम वापसी के बाद अब बिलासपुर जिलें में 735, मुंगेली में 214, कोरबा में 584, रायगढ़ में 554, सूरजपुर में 253, बलरामपुर में 213, सरगुजा में 214, कोरिया में 445, जशपुर में 254, रायपुर में 836, बलौदाबाजार में 584, गरियाबंद में 242, महासमुंद में 396, धमतरी में 370, बेमेतरा में 322, दुर्ग में 596, बालोद में 455, राजनांदगांव में 520, कबीरधाम में 332, कोंडागांव में 164, बस्तर में 220, नारायणपुर में 49, कांकेर में 261, दंतेवाड़ा में 278, सुकमा में 84 और बीजापुर जिलें में 50 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं।

वीर नारायण सिंह को...

इससे पहले मुख्यमंत्री श्री बघेल ने शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को नमन किया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि गरीबों और किसानों के जीवन में खुशहाली लाना शहीद वीर नारायण सिंह का सपना था। हम सबको मिलजुलकर छत्तीसगढ़ को समृद्ध बनाना है, तभी पुरखों का सपना पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनांचलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी युवाओं को प्राथमिकता से रोजगार देने के लिए राज्य सरकार ने अनेक बड़े कदम उठाए हैं। बस्तर, सरगुजा तथा बिलासपुर संभाग के लिए कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के गठन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा तेंदूपत्ता पारिश्रमिक दर पच्चीस सौ रूपए प्रतिमानक बोरा से बढ़ाकर चार हजार रूपए प्रतिमानक बोरा किया गया है। इससे तेंदूपत्ता संग्राहकों की आमदनी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार हर हाल में किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल के मान से धान की खरीदी करेगी। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 फरवरी 2020 तक की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने किया आदिम ग्राम संस्कृति विज्ञान सम्मत संरचना का अवलोकन

वीर मेला परिसर पर सर्व आदिवासी समाज द्वारा आदिम ग्राम संस्कृति विज्ञान सम्मत संरचना को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया था, जिसका मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अवलोकन किया तथा उसकी सराहना की।

किसानों को हर हाल में...

में जमा करना है, तो यदि आवश्यकता पड़ती है तो इसकी संख्या बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री आज सवेरे यहां पुलिस लाइन मैदान में बालोद और बलौदाबाजार जिले के दौरे पर रवाना होने के पहले मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे । मुख्यमंत्री ने किसानों से धान खरीदी के संबंध फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए कहा कि अपवाह वे लोग फैला रहे हैं, जो धान खरीदी में दलाली करते रहे हैं और दूसरे प्रदेशों का धान छत्तीसगढ़ में खपा रहे थे । धान की तौलाई और ट्रांसपोर्टिंग में गड़बड़ी करते थे।

फांसी का तख्त तैयार...

नहीं है कि फांसी देने के लिए सारी रस्सी बक्सर से ही मंगाई जाएंगी। हमारे पास पांच रस्सी अभी भी हैं। लेकिन हम बक्सर प्रशासन से संपर्क कर रहे हैं। वहां से फांसी देने वाली स्पेशल 11 रस्सी मंगाए जाने की बात है।

उद्यानिकी फसलों के लिए बीमा राशि निर्धारित

अम्बिकापुर। राज्य में उद्यानिकी फसलों में पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अन्तर्गत मौसम रबी वर्ष 2019-20 के क्रियान्वयन हेतु छ.ग. शासन कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिसके अन्तर्गत जिले में अधिसूचित फसले टमाटर बीमित राशि-100000,प्रिमियम राशि-5000, बैगन बीमित राशि-70000, प्रिमियम राशि-3500, फूलगोभी बीमित राशि-60000, प्रिमियम राशि-3000, पत्तागोभी बीमित राशि-60000, प्रिमियम राशि-3000, प्याज बीमित राशि-70000, प्रिमियम राशि-3500 एवं आलू बीमित राशि-100000, प्रिमियम राशि-5000 रूपये है।

कलेक्टर ने ली प्रत्याशियों की बैठक

कांकेर। नगर पालिका परिषद कांकेर के लिए पार्षद पद का चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों की कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री के.एल. चैहान ने आज शाम बैठक लेकर छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता की जानकारी देते हुए कहा कि पार्षद पद का चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थी आदर्श आचरण संहिता का पालन करें। कांकेर नगरपालिका में पार्षद पद के निर्वाचन में अभ्यर्थी 01 लाख 50 हजार रूपये तक व्यय कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2017-2019, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

...तो कश्मीर में शादी करने जा रहे हैं रणबीर कपूर और आलिया भट्ट?

अफवाहों का बाजार गर्म है कि रणबीर और आलिया अगले साल शादी के बंधन में बंध जाएंगे और अपनी शादी के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग के तौर पर उन्होंने कश्मीर को चुना है। पिछले काफी समय से आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की शादी को लेकर चर्चा तेज है। अफवाह तेज है कि ये लवबर्ड्स अगले साल शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। मुंबई मिरर को जानकारी मिली है कि रणबीर और आलिया अगले साल शादी रचाने जा रहे हैं। शादी को लेकर जो अफवाहें उड़ रही हैं उसमें यह भी सुनने को मिला है कि रणबीर और आलिया ने अपने वर्क शेड्यूल से एक महीने की छुट्टी ली है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आलिया और रणबीर देश के सबसे खूबसूरत जगहों में से एक कश्मीर में अपने डेस्टिनेशन वेडिंग की तैयारी में हैं, जिसे धरती पर स्वर्ग भी कहा जाता है। बताया गया है कि आलिया को कश्मीर की इन वादियों से तभी प्यार हो गया था जब वह वहां साल 2017 में मेघना गुलज़ार की फिल्म 'राज़ी' की शूटिंग कर रही थीं। हालांकि, इस तरह की खबरों को आलिया और रणबीर गलत बता चुके हैं। दोनों 'ब्रह्मास्त्र' में पहली बार स्क्रीन पर साथ नजर आने वाले हैं। हालांकि, यह फिल्म अगले साल गर्मियों पर रिलीज़ होनी थी।

अजय-सिद्धार्थ के साथ जोड़ी जमायेगी रकुल प्रीत सिंह

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह सिंघम स्टार अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ जोड़ी जमाने जा रही है।

रकुल प्रीत सिंह ने अजय देवगन के साथ 'दे दे प्यार दे' और मरजावां में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ काम किया है। अब रकुल प्रीत सिंह अपनी अगली फिल्म में अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक साथ जोड़ी बनाने जा रही हैं। बॉलीवुड फिल्मकार इंद्र कुमार एक फिल्म बनाने जा रहे हैं जिसमें रकुल प्रीत सिंह ,अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आने वाली है। इंद्र कुमार ने लीड एक्ट्रेस के तौर पर रकुल प्रीत के नाम को फाइनल किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म होगी। फिल्म में अजय, सिद्धार्थ और रकुल के अलावा दो अन्य कलाकार भी नजर आ सकते हैं।

बताया जा रहा है कि इस फिल्म में सामाजिक प्रासंगिकता के साथ-साथ एक कॉमिक अपील भी होगी। रकुल इस फिल्म में सिद्धार्थ की लव इंटरेस्ट के रूप में दिखाई देंगी। फिल्म की शूटिंग अगले साल के आरंभ में शुरु हो सकती है।

QUIZ TIME

1) मुगल प्रशासन में 'मदद-ए-माश' इंगित करता है-
(क) चुंगी (ख) बुवाई कर (ग) विद्वानों को दी जानेवाली राजस्वमुक्त अनुदान भूमि (घ) सैन्य अधिकारियों की दी जानेवाली पेंशन
2) संविधान को 26 जनवरी के दिन लागू करने का निर्णय इसलिए किया गया क्योंकि- (कांग्रेस ने इस तिथि को 1930 में स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया था / इस तिथि को 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ किया गया था)
3) वर्तमान में भारत का एकमात्र टंगस्टन उत्खन्न केन्द्र कहाँ है?
(क) हट्टी (ख) कोलार (ग) डेगाना
4) शून्य आधारित बजट तकनीक किस देश की देन मानी जाती है?
5) संगीत निर्देशक का नाम बतायें जिन्होंने हिंदुस्तान कोका-कोला के लिए कॉर्पोरेट संगीत की रचना की?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) विद्वानों को दी जानेवाली राजस्वमुक्त अनुदान भूमि (2) कांग्रेस ने इस तिथि को 1930 में स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया था (3) डेगाना (4) अमेरिका (5) इलैयाराजा

किच्चा सुदीप के साथ बेंगलुरु में दबंग 3 का प्रमोशन करेंगे सलमान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म 'दबंग 3' का प्रमोशन किच्चा सुदीप के साथ बेंगलुरु में करेंगे। सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दबंग 3' जल्द ही प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म में दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने माने अभिनेता किच्चा सुदीप खलनायक की भूमिका में नजर आयेंगे। 'दबंग 3' को कन्नड़ में डब किया जा रहा है और किच्चा सुदीप ने इसके लिए वॉयसओवर किया है। यह फिल्म हिंदी के साथ तेलुगु और तमिल में भी रिलीज हो रही है। फिल्म दक्षिण के 100 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहा जा रहा है कि सलमान खान फिल्म के प्रमोशन के लिये किच्चा सुदीप के साथ बेंगलुरु जाएंगे। फिल्म के प्रमोशन कार्यक्रम में फिल्म के डायरेक्टर प्रभुदेवा और प्रोड्यूसर अरबाज खान भी आ सकते हैं।इस फिल्म में सलमान खान और किच्चा सुदीप के अलावा सोनाक्षी सिन्हा और साई मांजरेकर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 20 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है।

अनन्या पांडे को पसंद है दीपिका पादुकोण की खुशबू

अनन्या पांडे हाल ही में एक इवेंट में शरीक हुईं तो एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने दीपिका के सेंट की बात की और यह भी बताया कि वह उनकी फेवरिट ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं। दीपिका पादुकोण के स्टाइल से न सिर्फ आम लड़कियां बल्कि खुद सिलेब्रिटीज भी इंस्पायर होते हैं। लेकिन अनन्या तो दीपिका की खुशबू की भी फैन हैं। उन्होंने इस बात को मीडिया से बात करने के दौरान जाहिर किया। दरअसल, एक इवेंट में पहुंची अनन्या से परफ्यूम को लेकर सवाल किया गया था। इस पर अनन्या ने बताया कि उनके लिए 'स्मेल' मायने रखती है। उन्होंने कहा कि किसी के कपड़ों से पहले भी लोगों का ध्यान उसकी खुशबू पर जाता है, इसलिए वह हमेशा अपने साथ परफ्यूम कैरी करती हैं। अनन्या ने आगे बताया कि उन्हें दीपिका पादुकोण की खुशबू सबसे ज्यादा पसंद है। ऐक्ट्रेस ने कहा कि दीपिका का सेंट ब्यूटीफुल है, जो उन्हें अलग ही खुशबू देता है।

दीपिका के साथ स्क्रीन शेयर खुशी होगी: अनन्या से जब पूछा गया कि ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि दीपिका फिर से करण जौहर के साथ काम करने जा रही हैं। अगर उन्हें ऐक्ट्रेस के साथ काम करने का मौका मिले तो वह क्या करेंगी। इस पर अनन्या ने कहा कि

छोटे उद्योगों के विस्तार के लिए अमेजन इंडिया और सीआईआई में गठबंधन

नयी दिल्ली (वार्ता)। अमेजन इंडिया ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के व्यवसाय विस्तार के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साथ गठबंधन किया है जिससे इन उद्योगों के विकास में मदद की जा सके। अमेजन इंडिया ने इसी के साथ स्माल बिजनेस डे दूसरा संस्करण 14 दिसंबर को आयोजित करने की घोषणा की है। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने इस इस भागीदारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि ई-कामर्स ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) से जुड़ने में एमएसएमई की मदद करने के लिए प्रवेश लागत और बाधाओं को कम कर उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। जीवीसी के समावेशन को भारतीय एमएसएमई के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के फायदों को विस्तारित कर शानदार ढंग से बढ़ाया जा सकता है। इस एकीकरण की दिशा में काम करने के लिए सीआईआई और अमेजन पांच शहरों में वर्कशॉप की श्रृंखला शुरू करने पर हम सहमत हुए हैं ताकि लेदर एवं फुटवियर, एपरेल एवं टेक्सटाइल्स, ऑटोमोबाइल, साइकल पार्ट्स और हैंडीक्राफ्ट्स के एमएसएमई क्लस्टर्स को पहचाना जा सके। वर्कशॉप का उद्देश्य ई-कॉमर्स के बारे में जागरुकता फैलाना और इस बात पर फोकस करना है कि एमएसएमई कैसे अपनी कामयाबी, खासतौर से बी2सी निर्यात के लिए ई-कॉमर्स का लाभ उठा सकते हैं।

भारत ग्लोबल स्पैम कॉल रैंकिंग में पांचवे पायदान पर

- **किंतु 2019 में स्पैम कॉल्स की संख्या में 15 फीसदी बढ़ोतरी**

नई दिल्ली। ट्रूकॉलर ने आज अपनी सालाना ट्रूकॉलर इनसाईट्स रिपोर्ट के परिणामों का ऐलान किया है, जिसमें 2019 में स्पैम कॉल्स से प्रभावित शीर्ष पायदान के 20 देशों की सूची दी गई है। यह रिपोर्ट का तीसरा संस्करण है, जिसमें स्पैम कॉल्स से प्रभावित देशों की रैंकिंग में बड़ा बदलाव आया है।

भारत में स्पैम कॉल्स पर एक नज़र

रिपोर्ट के अनुसार भारत स्पैम कॉल्स की संख्या की दृष्टि से पांच रैंक नीचे आ गया है, जबकि ब्राज़ील इस सूची में पहले पायदान पर है। भारत में उपयोगकर्ताओं को मिलले वाले स्पैम कॉल्स 25.6 कॉल प्रति यूज़र/ माह की दर से बढ़ रहे हैं, जो पिछले साल की तुलना में 15 फीसदी बढ़ोतरी है।

इस साल की रिपोर्ट का सबसे रोचक तथ्य यह है कि 10 फीसदी स्पैम कॉल्स वित्तीय सेवा प्रदाताओं की ओर से की जाती हैं, जबकि इस कैटेगरी को पिछले साल सूचीबद्ध नहीं किया गया था।

स्पैम कॉल्स को श्रेणी में बांटा जाए तो ऑपरेटर्स भारत में शीर्ष पायदान के स्पैमर्स बने हुए हैं, उपयोगकर्ताओं को मिलने वाले 67 फीसदी कॉल कई तरह के ऑफर्स और रिमाइंडर्स के बारे में होते हैं। हालांकि देश में विकसित होते मोबाइल पेमेंट सिस्टम और मध्यम वर्ग के चलते बैंक और फिनटेक आधारित संगठन तथा टेलीमार्केटिंग सेवाएं क्रमशः 10 और 17 फीसदी के साथ सबसे बड़े स्पैमर्स के रूप में उभरे हैं।

इसके अलावा ट्रूकॉलर की इस रिपोर्ट में दुनिया भर में स्पैम एसएमएस के रूझान भी पेश किए गए हैं, रिपोर्ट में टॉप 20 देशों की सूची दी गई है जिन्हें सबसे ज़्यादा स्पैम एसएमएस मिलते हैं। आंकड़े दर्शाते हैं कि स्पैम मैसेज विकसित होते क्षेत्रों में सबसे ज़्यादा मिलते हैं।

घट सकती है इंश्योरेंस कंपनियों के शेयरों की चमक!

- **SBI लाइफ HDFC लाइफऔर ICICI प्रूडेंशियल के मार्केट कैप में इस वित्त वर्ष के पहले 8 महीनों में क्रमशः 61, 50 और 40 प्रतिशत की तेजी आई**

मुंबई। 2019 में दमदार ग्रोथ और बिजनस विस्तार के कारण इंश्योरेंस शेयरों में जो तेजी आई थी, वह गायब हो सकती है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस जेफरीज का कहना है कि बड़ी बीमा कंपनियों ने आक्रामक तरीके से गारंटीड रिटर्न प्रॉडक्ट्स बेचे थे। ब्याज दरों में गिरावट से इन प्रॉडक्ट्स के कारण कंपनियों पर दबाव बढ़ सकता है। ब्रोकरेज हाउस ने इंश्योरेंस स्टॉक्स के ऊंचे वैल्यूएशन को लेकर भी आगाह किया है। उसने इन कंपनियों के मार्जिन में भी गिरावट की आशंका जताई है। ब्रोकरेज हाउस ने SBI लाइफ की रेटिंग घटाकर अंडरपरफॉर्म कर दी है। HDFC लाइफ और ICICI प्रुडेंशियल को भी उसने यही रेटिंग दी है।

जेफरीज ने कहा है, 'सेविंग बिजनस में ग्रोथ चक्रीय होती है। ऐसे में प्रॉडक्ट स्ट्रैटिजी में जल्द बदलाव (HDFC लाइफ और SBI लाइफ के लिए) से चैनल स्टेबिलिटी प्रभावित होती है। हम इन स्टॉक्स के ऊंचे वैल्यूएशन के कारण सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। हमें इन कंपनियों के मार्जिन में भी गिरावट आने की आशंका दिख रही है।'

रिपोर्ट के मुताबिक, इस वित्त वर्ष में लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों की खातिर पॉजिटिव इन्वेस्टमेंट सेंटिमेंट बना हुआ है, जिससे इन स्टॉक्स में 50 प्रतिशत तक की तेजी आई है। इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि गारंटीड रिटर्न प्रॉडक्ट्स के कारण कंपनियों के मार्जिन में बढ़ोतरी हुई थी।

SBI लाइफ, HDFC लाइफ और ICICI प्रूडेंशियल के मार्केट कैप में इस वित्त वर्ष के पहले 8 महीनों में क्रमशः 61, 50 और 40 प्रतिशत की तेजी आई है। इसी दौरान, इन कंपनियों के सेविंग बिजनस की ग्रोथ 13.3 प्रतिशत रही। ब्याज दरों में गिरावट के कारण इन कंपनियों के मार्जिन को मौजूदा स्तर पर बनाए रखना मुश्किल हो सकता है। जेफरीज ने रिपोर्ट में लिखा है, 'हमारा मानना है कि इस सेगमेंट में लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों ने तात्कालिक हालात का फायदा उठाया क्योंकि तब बैंक डिपॉजिट रेट्स कम थे। इन प्रॉडक्ट्स पर ग्राहकों को 4-5.5 प्रतिशत का गारंटीड रिटर्न ऑफर किया गया। ऐन्युइटीज में तो उन्हें और भी कम रिटर्न देने की बात कही गई है।

टैरिफ बढ़ाने से टेलिकॉम कंपनियों का ऑपरेटिंग प्रॉफिट दोगुना होगा: क्रिसिल

नई दिल्ली। करीब तीन सालों तक गलाकाट टैरिफवॉर के बाद टेलिकॉम सेक्टर ने पिछले दिनों कर्ज के बढ़ते बोझ को ध्यान में रखते हुए टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, टैरिफ बढ़ाने के कारण ऑपरेटिंग प्रॉफिट लगभग दोगुना बढ़ जाएगा। वित्त वर्ष 2019 में यह 29,450 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2021 में इसके करीब 60,570 करोड़ रुपये हो जाने की संभावना है।

सरकार का इन कंपनियों पर 1.47 लाख करोड़ का बकाया: अजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया और टेलिकॉम कंपनियों से कहा गया कि वह सरकार को बकाया 1.47 लाख करोड़ का भुगतान करे। कोर्ट के फैसले के बाद इन कंपनियों के लिए टैरिफ वॉर को छोड़कर सर्विस चार्ज बढ़ाना मजबूरी हो गई।

टेलिकॉम कंपनियों पर करीब 4 लाख करोड़ का कर्ज: वोडा आइडिया के बाद एयरटेल और रिलायंस जियो-तीनों कंपनियों ने दिसंबर महीने में टैरिफ बढ़ा दिया है।

चुनिंदा खाद्य तेलों में उबाल, चीनी गुड़ गरम, चुनिंदा दाल नरम

नयी दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर खाद्य तेलों में रही तेजी के बीच दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोमवार को चुनिंदा खाद्य तेलों में उबाल आ गया। इस दौरान चुनिंदा दालों में नरमी री। चीनी और गुड़ की कीमतों में तेजी रही जबकि गेहूँ के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : विदेश में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 40 रिंगिट चढ़कर 2,855 रिंगिट प्रति टन पर पहुँच गया।

नवंबर-19 में वाहन बिक्री 12 प्रतिशत से अधिक घटी

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश के आटो मोबाइल क्षेत्र में लंबे समय से छाई मंदी के बाद नवंबर माह यात्री वाहन बिक्री के लिहाज से कुछ सुकून भरा रहा। माह के दौरान यात्री वाहन वर्ग की बिक्री में एक प्रतिशत से कम की गिरावट रही और दो लाख 63 हजार 773 यूनिट की बिक्री की गई। कुल वाहन बिक्री में हालांकि 12 प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। भारतीय आटोमोबाइल्स निर्माता संघ (सियाम) की तरफसे मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया कि पिछले साल नवंबर में दो लाख 66 हजार यात्री वाहन बेचे गए थे। इस संख्या में इस वर्ष 0.84 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही और दो लाख 63 हजार 773 यूनिट की बिक्री हुई। इस दौरान घरेलू बाजार में कार बिक्री में 10.83 प्रतिशत की गिरावट रही।

सोनी ने अल्फा 9 II पेश किया

- **प्रोफेशनल लोगों के वर्कफ्लो में बिल्ट-इन कनेक्टिविटी का नया ऊंचा स्तर पेश किया**

सोनी इंडिया प्रा. लि. ने आज अल्फा 9 II (मॉडल आईएलसीई-9एम2) पेश करने की घोषणा की। सोनी की ओर से यह सबसे नया मॉडल a™ (अल्फा) फुल'-फ्रेम इंटरचेंजेबल लेन्स कैमरों की प्रतिष्ठित श्रृंखला में नया है, जिसे फोटोग्राफी के क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवर लोगों की सहायता के लिए खासतौर से तैयार किया गया है।

1000बीएएसई-T ईथरनेट टर्मिनल के साथ बेहतर डाटा सुरक्षा के लिए एसएसएल या टीएलएस एन्क्रिप्शन (एफटीपीएस) पर 1000बीएएसई-टी फाइल ट्रांसफर और पीसी रिमोट (टीथर) शूटिंग परफार्मेंस में सुधार किया गया है।

अल्फा 9 II में एक इन-बिल्ट 1000बीएएसई-टी ईथरनेट टर्मिनल है जो हाई-स्पीड पर, अनवरत डाटा ट्रांसफर कार्यों के लिए जीगाबिट कम्युनिकेशन सक्षम बनाता है। इसके अलावा, बेहतर डाटा सुरक्षा के लिए एसएसएल या टीएलएस एन्क्रिप्शन (एफटीपीएस) पर 1000बीएएसई-टी फाइल ट्रांसफर समर्थित है और पीसी रिमोट (टीथर) शूटिंग परफार्मेंस में सुधार किया गया है, जिसके लिए रिलीज टाइम लैग घटाया और लाइव व्यू स्क्रीन डिले कम किया जाता है, जब 'रिमोट कैमरा टूल' डेस्कटॉप एप्लिकेशन का उपयोग किया जाता है।

■ न्यूज गैलरी

79 अधिकारियों-कर्मचारियों को आवास आबंटित

मुंगेली। जिले के शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को आवास का इंतजार अब खत्म हो गया है। जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को जिला मुख्यालय के समीप ग्राम खेढ़ा में नवनिर्मित और सुसज्जित 79 आवासों को 79 अधिकारी-कर्मचारियों को आबंटित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर भुरे के सतत प्रयास के कारण शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए ग्राम खेढ़ा में आवास का निर्माण किया गया है। कलेक्टर के ही प्रयास से ही निर्मित आवासों में आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई गई है। अब अधिकारी-कर्मचारियों का जिला मुख्यालय में निवास नहीं होने का बहाना नहीं चलेगा। जिसमें सभी अधिकारीयों को आवास आबंटित कर दिया गया है।

सुशील कुमार गजभिये व्यय प्रेक्षक नियुक्त

मुंगेली। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के तहत जिले के नगरीय निकाय चुनाव हेतु सुशील कुमार गजभिये को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। गजभिये जिले के नगर पालिका परिषद और लोरमी, पथरिया एवं सरगांव नगर पंचायत के निर्वाचन के लिए व्यय प्रेक्षक के रूप में चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखेंगे।

कलेक्टर ने ली प्रत्याशियों की बैठक

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर एवं जांजगीर-नैला नगर पालिका के रिटर्निंग आफिसर श्री जनक पाठक ने कल शाम रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में नगरीय निकाय निर्वाचन के प्रत्याशियों की बैठक ली। कलेक्टर ने जांजगीर-नैला नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्याशियों आदर्श आचरण संहिता का कड़ायी से पालन करने, राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन व्यय लेखा पंजी का व्यय प्रेक्षक से दो बार निरीक्षण कराने आदि के संबंध में जानकारी दी गयी।

कलेक्टर ने दिलाई मानवाधिकार की प्रतिज्ञा

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने विश्व मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर के अवसर पर आज पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को मानवाधिकार की प्रतिज्ञा कराई। कलेक्टर ने जिला कार्यालय के स्टाफको सभी मानवाधिकारों को पूर्ण विश्वास और निष्ठा से धारण करने उन अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन में अपना पूरा कर्तव्य निभाने किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना सभी के मानवाधिकारों का सम्मान, समर्थन करने और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भी किसी के मानव अधिकार का अपने विचार, शब्द या कर्म से नुकसान नहीं करने की प्रतिज्ञा कराई।

निकाय चुनाव में 73 प्रत्याशियों के बीच जीत के लिए छिड़ेगी जंग

■ **22 वार्डों में 35 निर्दलियों ने लिए नाम वापस**

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। नगरीय सियासी सत्ता के लिए जंग छिड गयी है नाम वापसी के पश्चात मैदान में अब 22 वार्डो के लिए लगभग 73 प्रत्याशी बचे है 35 निर्दलीय प्रत्याशीयों ने अपने नाम वापस ले लिये है अब कई वार्डो में जहा सीधा मुकाबला है वही कुछ वार्डो में निर्दलीय प्रत्याशियों ने समीकरण को बिगाड़ रखा है नाम वापसी में पार्टी से हुये बागी प्रत्याशियों ने ही नाम वापस लिये है नाम वापसी के अब प्रचार-प्रसार ने जोर पकड लिया है प्रत्याशी अब मतदाताओं से सीधा संपर्क करने लगे है।

किन वार्डो में कौन प्रत्याशी

रामगोपाल तिवारी वार्ड से भाजपा से जहां सुनील पाठक है वही कांग्रेस ने संजय ठाकुर को उतारा है वही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में फागराम रजक उगता सूरज एवं प्रकाश चंदेल दो पट्टी से,सरदार पटेल वार्ड से भाजपा से संतोषी नागरे कांग्रेस से सावित्री सोनी, सुभाष वार्ड से भाजपा ने राजा तम्बोली कांग्रेस ने रोहित शुक्ला और निर्दलील प्रत्याशी के रूप में असलम खान दो पत्ती से, तिलक वार्ड से भाजपा संतोषी बंजारे कांग्रेस चित्ररेखा पात्रे अंजू बंजारे जनता जोगी कांग्रेस निर्दलील सोनी जांगड़े दो पत्ती से, हीरालाल वार्ड से भाजपा नेसुशीला साहू कांग्रेस ने लक्ष्मींन जायसवाल निर्दलील अनिता साहू उगता सूरज, एंड्रूज वार्ड से भाजपा ने नंदनी सोनकर कांग्रेस ने ललिता सोनकर महाराणा प्रताप वार्ड से भाजपा मोहित बंजारा, कांग्रेस श्रवण सोनकर निर्दलील प्रमोद पटेल उगता सूरज, विनोबा नगर वार्ड से भाजपा ने अमरनाथ देवांगन कांग्रेस ने श्रीनिवास सिंह, हरिकपुर सिंह शिवसेना, दीनदयाल वार्ड से भाजपा ने राजकुमार वाधवा कांग्रेस ने अभिलाष सिंह निर्दलील प्रवीण जैन दो पत्ती से चुनाव मैदान में है।

निर्दलीयों से प्रभावित होने वाले वार्ड : रामगोपाल तिवारी वार्ड, गांधी वार्ड, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, के साथ साथ कुछ ऐसे वार्ड भी है जहां निर्दलीय प्रत्याशी अपना दमखम दिखा सकते हैं,, गांधी वार्ड जहाँ कांग्रेस की टिकट पर अरविंद वैष्णव लड़ रहे हैं वही भाजपा से जयप्रकाश मिश्रा को उम्मीदवार बनाया है, दोनो हैअपने वार्डो के वर्तमान पार्षद है,,वही इस वार्ड से लडने वाले निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भी चुनावी मैदान में है जिसके चलते त्रिकोणीय मुकाबला होने से कही इस वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी बाजी न मार जाय।गांधी वार्ड में पार्टी टिकट से लड़ने वाले दोनो प्रत्याशियों के वर्तमान वार्ड की स्थिति का जायजा लेने पर वार्ड वासियों ने मिली जुली प्रतिक्रिया दी कहि दोने के कार्यकाल को सराहा गया तो कही कही उनके किये कार्यो पर सवालिया निशान भी लगाए गए, जिसके चलते वर्तमान वार्ड में उनकी स्थिति को लेकर पशोपेश बरकरार हैं जिसके चलते वहाँ निर्दलीय उम्मीदवार बाजी न मार जाय।

इसके अलावा कुछ अन्य प्रमुख वार्ड : पालिक में कुछ ऐसे बहु चर्चित वार्ड है जहाँ से ऐसे लोगो को उम्मीदवार बनाया गया है जो जहां भाजपा द्वारा कुछ मामलों में टिकट वितरण को ले कर परहेज किया गया है वही कांग्रेस ने बेधड़क ऐसे लोगो को चुनावी मैदान में उतारा है जो कुछ समय पहले तक कई मामलों में चर्चित रहे हैं, ऐसे में पालिका चुनाव और अध्यक्ष का पद किसके हिस्से आता है ये देखने वाली बात है।

धान खरीदी को लेकर नाराज किसानों ने किया चक्काजाम

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में धान खरीदी को लेकर किसानों में आक्रोश फुट पडा है एक तरफ जहॉ सरकार ने किसानों से एक-एक दाना धान खरीदने की बात कही थी वही अब धान खरीदी को लेकर पेचीदा कानून बताकर किसानों को छला जा रहा है। जिससे किसान सड़को पर आने लगे है।

सोसायटियों में धान खरीदी का मुद्दा दिनो दिन गरमाने लगा लगा है। पहले खरीदी में देरी और उसके बाद खरीदी की प्रक्रिया पेचिंदा होने की वजह से जिले की सोसायटियों में लगातार कुछ न कुछ विवादास्पद परिस्थिया निर्मित हो रही है जिसके चलते किसानो ने कल लोरमी ब्लाक के खाम्ही सोसायटी में किसानो ने लगभग 1 घंटे चक्काजाम किया जो लोरमी एस डी एम के हस्तक्षेप के बाद शांत हुए वही आज ब्लाक के श्रृंगार पुर में यही विवादित स्थिति देखने को मिली जहा किसानो ने खरीदी से नाराज होकर चक्काजाम किया, किसानो का कहना है कि एक तो समय से 1 माह बाद धान खरीदी शुरू की गई वही दुसरे तरफ

सोसायटी द्वारा केवल एक लिमिट तक धान खरीदने की बात कही जा रही है। साथ ही सभी धानो की नमी एवं अन्य जांच कर किसानो को परेशान किया जा रहा है। 2500 प्रति क्वि धान खरीदने की बात कहकर मात्र 1815 रू दिया जा रहा है। इन सब बातो से नाराज होकर श्रृंगारपुर सोसायटी के किसानो ने चक्काजाम कर दिया , इस अवसर पर सेवा सरकारी समिति केन्द्र के लगभग 500 किसानों ने सड़को पर बैठकर चक्काजाम कर दिया जिनमें प्रमुख रूप से नेमसिंग बारमते ,योगेश केशरवानी, सज्जू यादव , जगदेव गबेल, रघु ठाकुर, सत्येन्द्र केशरवानी, हेमन्त आहिरे, मनीराम बंजारा, वीरसिंह बघेल, तुलसी बघेल, राधेलाल, राजकुमार, खेदु सतनामी , झगरू निषाद, मोती यादव, गणेश यादव, दिनेश गर्ग , मुराली गुप्ता, आत्माराम, गेद प्रताप, योगेश शर्मा , खेदू सहित बडी सख्या में किसान मौजूद रहे मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी पीपी लकड़ा दलबल सहित मौके पर पहुचे।

मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का गठन

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली, गीदम दक्षिण बस्तर स्वर्णकार समाज की बैठक दंतेवाड़ा जिले के गीदम में मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन प्रांगण में आहूत की गई । इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल जी मौसूण, खींवराज जी मौसूण, इंदर चंद जी कड़ेल, राजनांदगांव केरानुलाल जी जवड़ा,रानुलाल जी कोंडागाँव, महेंद्र सोनी लावट, मदनलाल देवाल, कोंडागाँव समाज के अध्यक्षरतनलाल देवाल एवं गीदम के जयकिशोर शर्मा जी की मौजूदगी में बैठक आहूत की गई। सर्व प्रथम आये हुए अतिथियों का अध्यक्ष रेन्वतमल सोनी द्वारा पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। उपरोक्त बैठक में दक्षिण बस्तर से,दंतेवाड़ा, बचेली, सुकमा, बीजापुर, कोंडागाँव, जगदलपुर,आदि स्थानों के स्वर्णकार समाज के सदस्यों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आपको बता दे की दक्षिण बस्तर संभाग के अध्यक्ष रेन्वतमल सोनी जी को उनके पिछले 12 वर्षो से समाज हित मे शानदार कार्य करने हेतु प्रांतीय अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापित कर सम्मानित किया। साथ ही सभी की सहमति से भवन निर्माण में सम्पूर्ण योगदान हेतु निर्माण के पश्चात भवन में अध्यक्ष रेन्वतमल सोनी के नाम की पट्टिका लगाने का सभी ने निर्णय लिया।

विश्व मानवाधिकार दिवस: अफसरों ने ली मानव अधिकार की प्रतिज्ञा

नारायणपुर। आज यानि 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस पर कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा ने कलेक्टोरेट में अधिकारी-कर्मचारियों को मानव अधिकार की प्रतिज्ञा दिलायी। अधिकारी-कर्मचारियों ने मानव अधिकारों को पूर्ण विश्वास एवं निष्ठा से धारण करने तथा उन अधिकारों के संरक्षण एवं संवधर्न में अपना पूरा कर्तव्य निभाने के साथ ही किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना सभी के मानव अधिकारों का सम्मान एवं समर्थन करने और प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से भी किसी के मानव अधिकार का अपने विचार, शब्द या कार्य से नुकसान नहीं करने की प्रतिज्ञा ली। मौके पर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, श्री दिनेश कुमार नाग, डिप्टी कलेक्टर श्री जी.एस. नाग, श्री वैभव क्षेत्रज्ञ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे । बतादें कि मानव अधिकार की रक्षा करना, मानव अधिकार के संबंध में नागरिकों को जागरूक करना महत्वपूर्ण और अच्छा कार्य है। हर व्यक्ति के कुछ न कुछ अधिकार निहित है। उसे उसके बारे में अधिक जानकारी नहीं होती। लोगों को उनके अधिकारों के बारे में बताने और जागरूक करने के लिए हर साल 10 दिसंबर को पूरी दुनिया में मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। हर किसी को आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार ही मानवाधिकार है। खास लोगों को छोड़ दें तो कम लोगों को ही अपने अधिकार के बारे में पता है। लोगों को मानवाधिकार के बारे में बताने के लिए ही मानवाधिकार अधिकार हर साल 10 दिसंबर को मनाया जाता है। ताकि लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी मिल सकें।

मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनक प्रसाद पाठक के मार्ग दर्शन में आज जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में मतदान दलो को र्प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के लिए सभी नगरीय निकायों के लिए दो-दो मास्टर ट्रेनर्स को जिम्मेदारी दी गयी है। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी क्रमांक एक व दो शामिल हुए। जांजगीर-नैला नगर पालिका परिषद के लिए गठित मतदान दलों के सदस्यों का प्रशिक्षण आज जिला पंचायत कार्यालय परिसर के पुराने लाईवलीहुड भवन में आयोजित किया गया। मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केन्द्र तक पहुंचने, मतदान केन्द्र भवन का निरीक्षण आदि के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान केन्द्र में आवश्यक तैयारी कर निर्धारित समय से मतदान प्रारंभ करने एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मतदान अधिकारी, मतदाता, प्रेक्षक, अभ्यर्थी/अभिकर्ता, दृष्टि बाधिक निर्वाचक के साथ सहयोगी, निर्वाचक के साथ छोटा बच्चा मतदान केन्द्र में प्रवेश कर सकेंगे। मतदाता को मतदाता परिचय पत्र या राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य किए गए पहचान पत्र लेकर आना होगा। मतदान उपरांत प्रपत्रों को निर्धारित लिफाफा में सील करना, मतदान सामाग्री वापस जमा करने आदि के संबंध में बताया गया। मतदान दलो के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 15 दिसंबर को नगरीय निकायों के रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा निर्धारित स्थान आयोजित किया जाएगा।

सुचारू खरीदी की कलेक्टर करेंगे समीक्षा

जांजगीर-चांपा। खरीफविपणन वर्ष 2019-20 में जिले में धान खरीदी हेतु स्थापित 209 केन्द्रों के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुगमता पूर्वक करने, खरीदी कार्य की निगरानी हेतु गठित निगरानी दलों, उपार्जन केन्द्रों के कर्मियों के कार्यो की कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक द्वारा खंडवार समीक्षा 11 दिसंबर से की जाएगी। यह समीक्षा बैठक 11 दिसंबर से सुबह 11 बजे नवागढ़, दोपहर 1 बजे पामगढ़, 3 बजे अकलतरा, और शाम 5 बजे जनपद पंचायत सभाकक्ष बलौदा में आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 12 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत सभाकक्ष जैजैपुर, दोपहर 2 बजे मालखरौदा, 4 बजे जनपद पंचायत सभाकक्ष सक्ती, 13 दिसंबर को सुबह 11 बजे जनपद पंचायत सभाकक्ष बम्हनीडीह और दोपहर 3 बजे जनपद सभाकक्ष डभरा में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

कलेक्टर और एसपी अभिषेक पल्लव पहुंचे पोटाली गांव

■ **पीडीसी की दुकान खुलेगी पोटाली में**

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। दन्तेवाड़ा के धुर नक्सलप्रभावित इलाके पोटाली में नवीन कैम्प खुलने के बाद जवानअरनपुर तक सुरक्षा देकर सड़क बना रहे है। वही दूसरी तरफ प्रशासन मूलभूत कवायद देने का का तेजी से शुरू कर दी है इसी कड़ी में आज दन्तेवाड़ा कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा पोटाली गांव में दन्तेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव व एडिशनल एसपी सूरज सिंह परिहार के साथ पहुँचे थे। जहाँ कलेक्टर ने राशन की दुकान पोटाली गांव में ही खुलेगी कहा जिससे पोटाली,बुरगुम, नहाड़ी,मुलेर के ग्रामीणों को पैदल राशन का सफर अरनपुर तक अब नही करना पड़ेगा।इतना ही इस गांव के आश्रम व स्कूल जो 2007 में नक्सलियों ने तोड़ दिया था जल्द उन विस्थापित आश्रमो को पुनः पोटाली में ही चलाया जायेगा। जितने भी हैंडपंप खराब है सबको जल्द सुधारने की बात भी कही। साथ ही पोटाली बुरगुम और मुलेर गांव तक विधुतीकरण का काम भी तेजी से किया जायेगा।

पोटाली नवीन कैम्प में जवानों के इलाज के लिए मेडिकल यूनिट गाड़ी पहुँची थी। कैम्प तैनात सभी जवानों का स्वास्थ्य परीक्षण जिसमे किया गया।अरनपुर थानाक्षेत्र के नक्सलप्रभावित पोटाली गांव में लगे पुलिस कैम्प में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण।

संस्थागत जन्म-मृत्यु के आनलाईन पंजीकरण का प्रशिक्षण संपन्न

जांजगीर-चांपा। जिले में जन्म एवं मृत्यु के पंजीयन कार्य से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों का राज्य के मुख्य रजिस्ट्रार कार्यालय के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा आनलाईन पंजीयन कार्य का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आगामी एक जनवरी 2020 से संपूर्ण जिले में जन्म-मृत्य का आनलाईन पंजीयन शुरू हो जाएगा। भारत सरकार के महारजिस्ट्रार(जन्म-मृत्यु) और छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सम्पूर्ण प्रदेश में संस्थागत जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं को विभागीय बेवसाइट बमदेनेपदकपंण्हवअण्पद और बतेवतहपण्हवअण्पद पर आनलाईन पंजीकरण के परिपालन में प्रथम चरण में जिले के समस्त प्राथमिक चिकित्सालयों स्तर तक की संस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों एवं तकनीकी कर्मचारियां का प्रशिक्षण गत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला रजिस्ट्रार एवं जिला योजना एवं साख्यिकी विभाग के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत राज्य के मुख्य रजिस्ट्रार कार्यालय के तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी सुश्री ज्योत्सना तलोले, श्रीमती अनिता घाटगे एवं सुश्री सावित्री यादव ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण हेतु विस्तार से प्रशिक्षण दिया। आनलाईन पंजीयन एक जनवरी 2020 से संपूर्ण जिले में प्रारंभ हो जाएगी।

बैठक | **प्रत्येक अभ्यार्थी को निर्वाचन व्यय का लेखा-जोखा तय सीमा में प्रस्तुत करना होगा**

सभी अभ्यार्थी निर्वाचन अयोग की प्रक्रिया और निर्देशों का पालन करें

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। नगरीय निकाय निर्वाचन -2019-20 नगरपालिका परिषद नारायपुर के पार्षद पद के उम्मीदवारों को निर्वाचन व्यय सीमा के प्रावधानों के संबंध में बताया गया। बैठक कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफिसर श्री पी.एस. एल्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में रखी गई थी। बैठक में प्रेक्षक श्री आर.के तिवारी, व्यय प्रेक्षक श्री आलोक कुमार राय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री दिनेश कुमार नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.एस. नाग, सहित संपरीक्षक और पार्षद पद के उम्मीदवार उपस्थित थे ।

कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफिसर श्री एल्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के आदर्श आचरण संहिता सहित सभी राजनीतिक दल, अभ्यार्थियों को सामान्यतः साधारण आचरण, सभाएं, वाहन, जुलूस आदि सम्पादित करने की प्रक्रिया एवं निर्देशों का पालन करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अभ्यार्थी को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन व्यय सीमा में ही करना होगा। निर्वाचन व्यय का लेखा-जोखा निर्धारित प्रारूप में भर कर निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद के लिए अभ्यर्थी की निर्वाचन व्यय सीमा 1.50 लाख रूपए (एक लाख पचास हजार रूपए) है। उन्होंने जुलूस, रैली या बड़ी आमसभा के लिए पहले से अनुमति लेने का आग्रह किया। ताकि उसकी समय सीमा तय करने में किसी प्रकार की अड़चन नहीं आये। उन्होंनें सभी अभ्यर्थियों से आदर्श आचरण संहिता पालन करने कहा। व्यय प्रेक्षक श्री अलोक राय ने व्यय संबंधी जानकारी निर्धारित प्रारूप में भरने में किसी प्रकार कि दिक्कत या समस्या हो तो बताने या संपरीक्षक से सम्पर्क कर अपनी समस्या का निराकरण करने की बात कही। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नाग ने आदर्श आचार संहिता और व्यय संबंधी विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें बताााया कि अभ्यर्थी को एक अलग से बैंक खाता खोलना अनिवार्य है। उसी में से निर्वाचन व्यय किया जा सकेंगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन संबंधी व्यय के लिए राजनीति दलों की सहमति से दर निर्धारित है, वहीं मान्य की जायेगी। जो दर निर्धारित नही है, वह स्थानीय बाजार में प्रचलित दर ही मान्य की जायेगी। निर्वाचन व्यय का प्रतिदिन का लेखा प्रोफार्मा-क में भरना होगा। संपरीक्षक के मांगे जाने पर लेखा रजिस्टर के साथ उपस्थित होना होगा ।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन परिणाम की घोषणा के बाद अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन अभिकर्ता प्रोफार्मा -ख तीनों भाग को तैयार करेगा। निर्वाचन परिणाम की तारीख की घोषणा से 30 दिन के भीतर निर्वाचन व्यय का लेखा सभी प्रत्याशी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता को जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जमा कराना अनिवार्य होगा । बैठक में अभ्यार्थियों को परिचय पत्र, चुनाव चिन्ह और आदर्श आचरण संहिता की प्रतियां दी गई ।

कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट के मनियारी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होने विभिन्न निर्माण और विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होने दिव्यांगजनों को जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र की जानकारी प्राप्त की। दिव्यांगजनों को लक्ष्य के अनुरूप चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी नहीं होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की और दिव्यांगजनों के लिए जिला चिकित्सालय परिसर में 19 और 20 दिसम्बर को वृहद स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होने शिविर में दिव्यांगजनों की जांच और परीक्षण उपरांत चिकित्सा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसी तरह उन्होने दिव्यांगजनों के लिए जारी यूडीआईडी प्रमाण पत्र की भी जानकारी प्राप्त की और आयोजित शिविर में ही यूडीआईडी प्रमाण पत्र जारी करने के भी निर्देश दिये। बैठक में डॉ. भुरे ने भारत सरकार द्वारा 60 वर्ष की आयु पश्चात वृद्धावस्था सामाजिक सुरक्षा मासिक पेंशन प्रदाय करने हेतु प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना एवं प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना की प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की।

न्यूज गैलरी

जमशेद फिक्सिंग के दोषी, अनवर और एजाज ने भी कबूला

लंदन ए.। पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज नासिर जमशेद को टी20 स्पॉट फिक्सिंग मामले में साथी क्रिकेटरों को रिश्वत देने की साजिश में शामिल होने का दोषी पाया गया। दो अन्य व्यक्तियों युसूफ अनवर और मोहम्मद एजाज ने पीएसएल खिलाड़ियों को रिश्वत की पेशकश की बात कबूल की है। तीनों की सजा फरवरी में तय की जाएगी। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि 2016 में बांग्लादेश प्रीमियर लीग में भी फिक्सिंग का प्रयास किया गया था जबकि पीएसएल 2017 में मैच फिक्स किए गए। दोनों मामलों में इस सलामी बल्लेबाज ने एक ओवर की पहली दो गेंदों पर रन नहीं बनाए, जिसके बदले में उसे पैसे दिये गए। जमशेद ने पीएसएल में नौ फरवरी को इस्लामाबाद युनाइटेड और पेशावर जल्मी के बीच दुबई में खेले गए मैच में खिलाड़ियों को फिक्सिंग के लिए उकसाया था।

प्रतिबंध : वाडा के खिलाफ अदालत जाऐंगे : पुतिन

पेरिस ए.। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की तरफ से रूस पर लगाये प्रतिबंध को लेकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि वाडा का निर्णय ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन है और रूस के पास इसके खिलाफ अदालत जाने के सभी कारण मौजूद हैं। वाडा ने सोमवार को दरअसल प्रयोगशाला के डाटा में हेरफेर कर आंकड़े सौंपने का आरोप लगाते हुये रूस पर चार वर्षों के लंबे समय के लिये ओलंपिक और विश्व चैंपियपशिप जैसे सभी बड़े अंतरराष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने और उनकी मेज़बानी करने या उसकी मेज़बानी प्रक्रिया में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित करने का फैसला सुनाया है।

भारत के सामने करो या मरो की चुनौती

- निर्णायक तीसरे और अंतिम ट्वंटी 20 मैच आज
- इंडिया और वेस्टइंडीज टीम ने जीते हैं एक-एक मैच
- दोनों टीम के लिए प्रतिष्ठा का मैच

मुंबई, (वार्ता)। फील्डिंग और बल्लेबाज़ी विभाग की अपनी कमजोरियों से सबक लेते हुये भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को वेस्टइंडीज़ के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े मैदान पर तीसरे और अंतिम ट्वंटी 20 मैच में करो या मरो की स्थिति में उतरेगी जहां दोनों टीमों के लिये सीरीज़ दांव पर होगी।

भारत ने हैदराबाद में पहले टी-20 मैच में छह विकेट से जीत अपने नाम कर तीन मैचों की सीरीज़ में 1-0 की बढ़त बनाई थी लेकिन दूसरे मैच में वेस्टइंडीज़ ने मेज़बान टीम की खराब फील्डिंग और निचले क्रम की खराब बल्लेबाज़ी जैसी कमियों का बखूबी फायदा उठाते हुये तिरूवनंतपुरम में यह मैच आठ विकेट से जीत सीरीज़ 1-1 से बराबर कर दी।

विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम इंडिया के लिये अब सीरीज़ हासिल करने के लिये विंडीज़ को मुंबई में बुधवार को होने वाले निर्णायक मुकाबले में हर हाल में पराजित करना होगा जबकि दो बार की ट्वंटी 20 विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज़ हर हाल में इस मैच को जीत खुद को इस प्रारूप की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित करना चाहेगी। भारत जैसी मजबूत टीम को उसी के घर में हराना भी उसके लिये आस्ट्रेलिया में होने वाले अगले विश्वकप से पहले मनोबल बढ़ाने वाला होगा।

भारतीय टीम का दूसरे टी-20 मैच में प्रदर्शन सवालों के घेरे में रहा था और खुद कप्तान विराट ने टीम की फील्डिंग को खराब बताते हुये कहा था कि लगातार दो मैचों में उनके खिलाड़ियों ने जिस तरह से कैच टपकाये हैं वह देखना काफी निराशाजनक है। भारत ने एक ही ओवर में दो कैच टपकाये थे जिसने मैच का रूख बदल दिया। वहीं निचले क्रम के बल्लेबाज़ों का प्रदर्शन भी असंतोषजनक रहा था।

ओपनिंग जोड़ी रोहित शर्मा और लोकेश राहुल इस मैच में 24 रन ही जोड़ सके जबकि चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतरे विराट ने भी 19 रन बनाये। टीम के ये तीनों बड़े रन स्कोरर पिछले मैच में सस्ते में आउट हुये लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों में रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर दहाई के आंकड़े को भी छू नहीं सके।

हालांकि विराट का युवा शिवम दुबे को अपने नियमित तीसरे क्रम पर उतारने का फैसला इस मैच में काम आया जिन्होंने 54 रन की बेजोड़ अर्धशतकीय पारी से टीम को 170 के लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया। वहीं विकेटकीपर रिषभ पंत ने भी 33 रन की पारी खेली और नाबाद क्रीज़ से लौटे। लेकिन एक बार फिर साफ हो गया कि भारत अपने कुछेक बल्लेबाजों पर रन गति के लिये निर्भर रहता है। खुद विराट ने भी निचले क्रम पर मजबूत बल्लेबाजी को अहम बताया।

भारत यदि फटाफट प्रारूप की विशेषज्ञ मानी जाने वाली वेस्टइंडीज़ से सीरीज़ जीतना चाहता है तो उसके लिये मुंबई में अपनी पिछली गलतियों से सबक लेना होगा। टीम को अपने युवाओं से बेहतर खेल की उम्मीद है और अगले निर्णायक मुकाबले में एक बार फिर युवा ऑफ स्पिनर सुंदर, आलोचनाओं में घिरे रहने वाले विकेटकीपर पंत पर निगाहें होंगी। सुंदर ने तिरूवनंतपुरम में 26 रन पर एक विकेट निकाला था और देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन वानखेड़े मैदान पर सुंदर को फिर मौका देगा या चाइनामैन गेंदबाज़ कुलदीप यादव को उतारेगा। सुंदर ने टीम के लिये पिछले पांच मैचों में केवल तीन विकेट निकाले हैं जबकि काफी महंगे भी साबित हुये हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टी-20 मैचों में वह कोई विकेट नहीं निकाल सके थे।

इसके अलावा सुंदर की फील्डिंग भी टीम के लिये चिंता का विषय है। सुंदर ने पिछले मैच में लेंडल सिमंस का कैच टपकाया था जिन्होंने नाबाद 67 रन की अपनी पारी से वेस्टइंडीज़ को आसान जीत दिला दी थी। दूसरी ओर कुलदीप हमेशा से टीम के भरोसेमंद गेंदबाज़ रहे हैं, लेकिन उन्होंने आखिरी बार फरवरी में हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था।

वहीं बल्लेबाजों में पंत को खुद को साबित करने का दबाव रहेगा। हालांकि विराट ने हमेशा उनका समर्थन किया है, लेकिन अपने आखिरी सात टी-20 मैचों में उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 33 रन ही रहा है। उन्होंने आखिरी बार अगस्त में टी-20 में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ ही अर्धशतक बनाया था। टीम में अन्य विकेटकीपर संजू सैमसन को जगह दिये जाने के बाद पंत पर अपनी जगह बरकरार रखने के लिये दबाव और बढ़ गया है।

पिछले मैच में विफल रहे रोहित भी अपने घरेलू मैदान पर बड़ी पारी खेलना चाहेंगे वहीं शिवम की कोशिश रहेगी कि वह भी अपने खेल में निरंतरता बरकरार रखें। गेंदबाजी विभाग में दीपक चाहर और भुवनेश्वर कुमार से उम्मीद रहेगी कि वे किफायती गेंदबाजी करें।

दूसरी ओर विंडीज़ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज़ कमाल की फार्म में हैं। लेंडल सिमंस, एविन लुईस, निकोलस पूरन और

न्यूजीलैंड दौरे के लिए वापसी की कोशिश

नई दिल्ली ए.। पिछले कुछ समय से चोट के कारण भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पंड्या अपनी सफल सर्जरी के बाद अब रिहैबिलिटेशन की दौर से गुजर रहे हैं। हार्दिक ने कहा कि क्रिकेट उनके खून में बसा है और वह खुद को इससे ज्यादा दूर नहीं रख सकते। उन्होंने कहा कि वह अब मैदान पर फिर से वापसी करने के लिए मानसिक रूप से फिट होना चाहते हैं। टीम से दूर रहकर खुद को हार्दिक को भी अच्छा नहीं लग रहा है। हालांकि उनका कहना है कि उन्हें अभी संयम रखने की जरूरत है।

उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने साथ और भारतीय टीम के साथ भी अन्याय कर रहे थे। हार्दिक ने कहा, 'मैं काफी दिनों से पीठ दर्द के बावजूद खेल रहा था। मैं कोशिश कर रहा था कि मुझे सर्जरी न करानी पड़े। इसके लिए मैंने हर वह कोशिश की, जो कर सकता था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। मैंने महसूस किया कि मैं अपना शतप्रतिशत प्रदर्शन नहीं दे पा रहा था। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी उस पूरी क्षमता के साथ नहीं खेल पा रहा था, जितना खेल सकता था और इसकी वजह चोट थी। इसका मतलब यह भी था कि मैं अपने और अपनी टीम के साथ न्याय नहीं कर रहा था। इसके बाद ही मैंने सर्जरी कराने का फैसला किया।' हार्दिक ने आगे कहा, 'ईमानदारी से कहूं, तो अब मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। हम अच्छा काम कर रहे हैं। सर्जरी के बाद वापसी करना आसान नहीं होता। इसलिए हम पूरा एहतियात बरत रहे हैं। मैं न्यू जीलैंड सीरीज से पहले वापसी कर सकता हूं।'

शारीरिक और मानसिक रूप से फिट होना चाहता हूं

'पिछले चार-पांच वर्षों से खेलते हुए मैंने यह पाया है कि आप चोटिल नहीं होना चाहते हैं फिर भी आप चोटिल हो जाते हैं। यह खिलाड़ी के जीवन का एक हिस्सा है। आप यह दावा नहीं कर सकते कि चोटिल नहीं होंगे। इसलिए अब मैं मजबूत होकर वापसी करना चाहता हूं। यह पहली बार नहीं है जब हार्दिक चोट से वापसी कर रहे हैं, लेकिन इस समय वह मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। हार्दिक ने कहा यह शांत लग सकता है, लेकिन वापसी करना आसान नहीं है। हां, हम सभी को प्रेरणा मिलती है, लेकिन आपको यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि आप गलत रास्ते पर न जाएं। आप खुद से सवाल न करें। आपके साथ ऐसा क्यों हो रहा है। मैं इन सब चीजों को पीछे छोड़ने की कोशिश करता हूं।

रणजी : रेक्स सिंह ने 22 रन देकर झटके 8 विकेट

मिजोरम टीम 65 पर ऑलआउट

नई दिल्ली ए.। रणजी ट्रॉफी शुरू हो चुका है और पहले दिन ही मणिपुर के 19 वर्षीय तेज गेंदबाज रेक्स सिंह ने एक पारी 8 विकेट झटकते हुए तहलका मचा दिया। उन्होंने यह कारनामा मिजोरम की टीम के खिलाफ विडियोकॉन अकादमी ग्राउंड कोलकाता में किया। उनके करिश्माई प्रदशर्न की बदौलत मिजेरम की पहली पारी सिर्फ 16 ओवरों में 65 रन पर सिमट गई। रेक्स ने 8 ओवर की गेंदबाजी की, जिसमें 4 ओवर मेडल रहे। उन्होंने कुल 22 रन खर्च किए और 8 विकेट झटके। दो अन्य विकेट बिश्वार्जित ने लिए। दूसरी ओर, मिजोरम के लिए सबसे अधिक तरुवरर कोहली ने 35 गेंदों में 8 चौके की मदद से 34 रन बनाए, जबकि लाल्हिमागैया ने 17 गेंदों में 4 चौके की मदद से 16 रन की पारी खेली।

7 बल्लेबाज नहीं खोल सके खाता

मणिपुर की घातक गेंदबाजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। 7 बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके। बता दें कि मणिपुर ने टॉस जीतकर पहले बोलिंग का फैसला किया था।

पिछले वर्ष झटके थे सभी 10 विकेट

उल्लेखनीय है कि रेक्स सिंह पहली बार चर्चा में तब आए थे, जब पिछले वर्ष उन्होंने कूच बिहार ट्रॉफी के एक मैच में पारी के सभी 10 विकेट ले लिए थे। रैक्स राजकुमार सिंह ने मणिपुर की ओर से खेलते हुए राजकुमार ने अरुणाचल प्रदेश की पूरी टीम को सिर्फ 11 रन देकर 10 विकेट हासिल करते हुए समेट दिया था।

सिंधु को विश्व टूर फाइनल्स में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

ग्वांग्झू ए.। विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने के बाद से खराब दौर से जूझ रही भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को उम्मीद है कि यहां बुधवार से शुरू हो रहे सत्र के आखिरी बीडब्ल्यूएफविश्व टूर फाइनल्स में वह फॉर्म में लौटेंगी। सिंधु ने अगस्त में बासेल में विश्व चैंपियनशिप जीती, लेकिन उसके बाद से वह लगातार खराब फॉर्म में हैं। ओलिंपिक सिल्वर मेडलिस्ट सिंधु जुलाई में इंडोनेशिया ओपन सुपर 750 टूर्नमेंट के फाइनल में पहुंची थीं। इसके बाद कोरिया ओपन और फुज़ोउ ओपन में पहले दौर से बाहर हो गईं जबकि चाइना ओपन, डेनमार्क ओपन और हॉन्गकॉन्ग ओपन के दूसरे दौर में हारीं। बीडब्ल्यूएफरेस टू ग्वांग्झू रैंकिंग में सिर्फशीर्ष आठ खिलाड़ी ही विश्व टूर फाइनल्स खेलते हैं। सिंधु इस साल के आखिर में 15वें स्थान पर होगी, लेकिन विश्व चैंपियन होने के कारण उन्हें खेलने का मौका मिलेगा।

सिंधु ने विश्व फाइनल्स की तैयारी के लिये हॉन्गकॉन्ग ओपन के बाद ब्रेक लिया था। वह 2017 और 2018 में फाइनल खेल चुकी है। इस बार उसे ग्रुप ए में चीन की चेन यू फेइ, हि बिंग जियाओ और जापान की अकाने यामागुची के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में ताइवान की तेइ जू यिंग, थाइलैंड की रेचानोक इंतानोन और

बुसानन ओंगबामरूंगफन और जापान की नोजोमी ओकुहारा हैं।

सिंधु को पहला मैच यामागुची से खेलना है जिसने इंडोनेशिया और जापान में खिताब जीते। उसके बाद कूल्हे की चोट के कारण वह चार टूर्नमेंटों से पहले दौर में बाहर हुईं। सिंधु का इस जापानी खिलाड़ी के खिलाफ10-6 का रेकॉर्ड है, लेकिन वह इससे पिछले दो मैच हारी है।

10 साल बाद पाकिस्तान में पहला टेस्ट खेलेगी श्रीलंका

इस्लामाबाद ए.। 10 साल पहले पाकिस्तानी सरजमीं पर आतंकवादी हमला झेल चुकी श्रीलंकाई क्रिकेट टीम बुधवार से यहां पहला टेस्ट खेलेगी जो यहां टेस्ट क्रिकेट की बहाली की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंकाई टीम के विडियो के साथ ट्वीट किया, 'पाकिस्तान पहुंचे।' पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी वसीम खान ने इसे ऐतिहासिक पल बताया है। श्रीलंका की टीम भारी सुरक्षा के बीच पहला टेस्ट रावलपिंडी में और दूसरा कराची में खेलेगी।

वर्ष 2009 में लाहौर में गद्दाफी स्टेडियम के बाहर श्रीलंकाई टीम की बसों के काफिले पर आतंकवादी हमले में आठ लोग मारे गए थे और सात खिलाड़ी तथा अधिकारी घायल हो गए थे। श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करूणारत्ने ने कहा, 'यह मेरा पाकिस्तान का पहला दौरा है।' उन्होंने कहा, '2009 की घटना के बाद खिलाड़ी पाकिस्तान जाने से डरने लगे थे लेकिन पिछले दो साल में श्रीलंका और दूसरी टीमें यहां आई है। हम यहां अच्छा क्रिकेट खेलने के इरादे से आये हैं। पिछले 10 साल में अंतरराष्ट्रीय टीमें सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान आने से कतराती रही हैं

और पाकिस्तान ने अपने घरेलू मैच संयुक्त अरब अमीरात में खेले हैं। चार साल पहले जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान आकर टी20 मैच खेले। श्रीलंकाई टीम ने सितंबर और अक्तूबर में यहां छह मैचों की सीमित ओवरों की सीरीज खेली। पाकिस्तान की मौजूदा टीम में से किसी खिलाड़ी ने अपने देश में टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है।

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के तहत दोनों टीमों के लिये यह दूसरी सीरीज है। यह पाकिस्तान के कोच मिसबाह उल हक और श्रीलंका के मिकी आर्थर के बीच भी मुकाबला होगा। आर्थर अगस्त तक पाकिस्तान के कोच थे जिन्हें हटाकर मिसबाह को जिम्मेदारी सौंपी गई।

उपलब्धि

भारत की ओर से ओलिंपिक्स में भाग लेने वाली पहली ऐथलीट बनने के बहुत करीब

बचपन में कैंसर को हराया, आज ओलिंपिक रेस में

नई दिल्ली ए.। यह कहानी जम्मू शहर की उस लड़की की है जिसे एक समय कैंसर जैसी घातक बीमारी ने घेर लिया था। आज वही लड़की तोक्यो ओलिंपिक्स में जगह बनाने से चंद फासले पर खड़ी है। अगर वह ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाई करती है तो उसका नाम हमेशा के लिए इतिहास में दर्ज हो जाएगा। हम बात कर रहे हैं शिवानी चरक की जो आज भारत की नंबर वन स्पोर्ट्स क्लाईबर हैं। स्पोर्ट्स क्लाईबिंग को तोक्यो ओलिंपिक्स में शामिल किया गया है। वैसे तो यह खेल बहुत ही पुराना है लेकिन यह पहली बार है जब इस खेल को ओलिंपिक्स में जगह मिली है। कई इंटरनैशनल इवेंट में अपना परचम फहरा चुकीं 19 वर्षीय शिवानी भी बखूबी यह बात जानती हैं कि वह इन खेलों में भारत की ओर से ओलिंपिक्स में भाग लेने वाली पहली ऐथलीट बनने के बहुत करीब हैं।

और मजूबत बनकर निकलीं

शिवानी कहती हैं, 'पापा के विश्वास ने मेरे अंदर भी विश्वास भरा। मेरी बहन क्लाइंबिंग करती थी और ऑपरेशन के एक साल बाद ही क्लाइंबिंग के खेल में हाथ आजमाने का मैंने मन बना लिया। डॉक्टर ने मुझे इजाजत दे दी, लेकिन मेरी मां मेरी बहुत फिक्र करती थी इसलिए उन्होंने मना कर दिया। हालांकि यहां भी मेरे पापा ने मेरा साथ दिया। कैंसर से लड़ाई ने मुझे बहुत मजबूत बना दिया था और क्लाईबिंग को प्रफेशन बनाने में मुझे ज्यादा दिक्कत नहीं हुई।

9 साल की उम्र में हुई बीमारी

शिवानी बताती हैं, 'मैं 9 साल की थी, तब मुझे पेट में बहुत दर्द रहा करता था। वहां इलाज के दौरान पता चला कि मुझे ओवेरियन कैंसर है। पापा बहुत परेशान हुए, लेकिन उन्होंने सभी को यह कह दिया कि फिलहाल कोई भी मुझे मेरी बीमारी के बारे में नहीं बताएगा। लेकिन धीरे-धीरे मुझे मेरी बीमारी के बारे में पता चल गया।' एशियन यूथ चैंपियनशिप (2017 चीन) में सबसे कम उम्र में भारत का प्रतिनिधित्व करने का रेकॉर्ड बनाने वाली शिवानी बताती हैं, 'इलाज के दौरान मेरे बाल उड़ गए थे। मैं बहुत कमजोर हो गई थी। सच कहूं तो मैं बहुत डर गई थी।

समाज की बेड़ियां तोड़ीं

इस खेल से जुड़ने के लिए शिवानी को 'लड़कियों को घर में रहने' की सलाह देने वाले समाज की सोच से भी लड़ना पड़ा। वह कहती हैं कि आसपास के लोगों ने खेल में मुझे जाते देख कई ताने कसे। आज यह देखकर अच्छा लगता है कि जो कभी मुझे ताने मारा करते थे आज वही लोग बेटियों को घरों से बाहर मैदान पर भेज रहे हैं।'

कनाडा एथलीट ऑफ द ईयर बनीं टेनिस स्टार बियांका

वाशिंगटन (वार्ता)। यूएस ओपन चैंपियन बियांका आंद्रेस्क्यू पहली टेनिस खिलाड़ी बन गयी हैं जिन्हें कनाडा के प्रतिष्ठित एथलीट ऑफ द ईयर अवार्ड से नवाज़ा गया है।

बियांका ने अवार्ड पर खुशी जताते हुये कहा, वाह, मैं इस पुरस्कार को पाकर बहुत खुश हूं। मेरे लिये यह विश्वास करना मुश्किल है कि मैं यह अवार्ड जीतने वाली पहली टेनिस खिलाड़ी हूं। कनाडा के लोगों के समर्थन के बिना मुझे जो सफलता मिली है वह संभव ही नहीं होती।

कनाडा के शीर्ष एथलीटों को हर वर्ष देश के इस सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है और 19 साल की बियांका को वर्ष 2019 में उनके सफल प्रदर्शन के लिये इस बार सम्मानित किया गया है। उन्होंने इस वर्ष परीबा ओपन में अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीता था और टोरंटो में दूसरी बार रोजर्स कप खिताब जीता था।

बियांका कनाडा की पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने एकल ग्रैंड स्लेम जीता है, वह यूएस ओपन में विजेता रही थीं जहां उन्होंने फाइनल में 23 बार की चैंपियन सेरेना विलियम्स को हराया था। बियांका को हमवतन ब्रूक हेंडरसन(गोल्फ), जार्डन बिनिंगटन(आइस हॉकी), आंद्रे डी ग्रासे(धावक)और माइक सोरोका(बास्केटबॉल) के साथ इस पुरस्कार के लिये नामित किया गया था।

अधीक्षिका की लापरवाही से बीमार बच्चे पैदल हॉस्पिटल जाने को मजबूर

एक बच्ची की मौत के बाद भी लापरवाही कायम है, दस बीमार बच्चे पैदल ही पहुंचे हॉस्पिटल

नवप्रदेश संवाददाता

अधीक्षिका की लापरवाही से हुई नेहा की मौत

बीजापुर। जिलामुख्यालय में संचालित कन्या आवासीय रेसिडेंसियाल विद्यालय में दो दिन पहले कक्षा तीसरी में अध्ययनरत छात्रा नेहा वाचम की मौत के बाद भी अधीक्षिका द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। आवासीय विद्यालयो में आदिवासी बच्चे अध्ययन करने दूरस्थ गांव से पहुंचकर विद्या अध्ययन करते है उन्हें शासन द्वारा पर्याप्त सुविधा मुहैया कराया जाता है। इन सभी सुविधाओ के बाद भी आदिवासी छात्र-छात्राएं इससे महरूम होते है। मुख्यालय में संचालित आवासीय विद्यालय के दस छात्राएं बीमार से पीड़ित होने के बावजूद भी तकरीबन दो किलोमीटर दूर पैदल चलकर जिला चिकित्सालय में ईलाज करवाते है। बीमार से पीड़ित रहने के बाद भी अधीक्षिका शबाना परवीन के द्वारा पैदल हॉस्पिटल भेजा जाता है। इन दस बीमार छात्राओ में कुछ ऐसे भी छात्राऐं है जो पैदल चलने में असमर्थ है। फिर भी इन बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर अधीक्षिका द्वारा बीमार बच्चो के लिए कोई वाहन की व्यवस्था नही कर पाना लापरवाही को साफ दर्शाता है। क्या वजह है कि इस आवासीय विद्यालय में दो दिन पहले एक मासूम छात्रा की मलेरिया से मौत के बाद भी संज्ञान में न लेकर कोताही बरती जा रही है।

इस संबंध में जब हमने जिला समन्वयक विजेन्द्र राठौर को फोन कर पूछने पर उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में वाहन की व्यवस्था नहीं की गई है, यह जिम्मेदारी अधीक्षिका की है।

बिना एंबुलेंस खरीदे नई कंपनी ने जिले में 108 चलाना किया शुरु

टेंडर बदलने के बाद भी मरीजों को नई एंबुलेंस का नहीं मिल पाई सुविधा

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। मरीजों की लाइफ लाइन कहे जाने वाली संजीवनी 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन आधी अधूरी तैयारी के बीच जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस कंपनी ने शुरू कर दिया है 1 दिसंबबर को स्वास्थ्य संचालक निहारिका बारिक की मौजूदगी में जीवीके कंपनी ने पूरी व्यवस्था जय अंबे प्रबंधन को सौंप दी हालांकि कंपनी ने संचालन शुरू करने के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय मांगा था जो नहीं दिया गया। नए नियम और अनुबंध शर्तों के मुताबिक कंपनी को 300 नई एंबुलेंस सड़क पर उतारना है। 1 दिसंबर से अब तक कंपनी की एक भी एंबुलेंस जिले के सेवा में नहीं है।

जिसके चलते अभी भी जिले के मरीजों को नए और हाईटेक एंबूलेस की सुविधा नहीं मिल पाई है। दरसल 30 नवंबर को जीवीके कंपनी से स्वास्थ्य विभाग का अनुबंध की आखिरी तारीख थी सरकार इस कंपनी के साथ दो बारा अनुबंध बढ़ा चुकी थी तीसरी बार अनुवाद बढ़ाना ना पड़े इसलिए लिए शासन ने पुराने सभी सरकारी एंबुलेंस जय अंबे कंपनी को 1 दिसंबर तक सौंप दी। ताकि आपातकाल सेवा प्रभावित ना हो एंबुलेंस के साथ ही विभाग ने कॉल सेंटर भी दे दिया है कंपनी ने अपने कर्मचारी नियुक्त कर दिए हैं हालांकि कंपनी का तर्क है कि अभी उसके पास एंबुलेंस को ऑन रोड करने के लिए समय है सितंबर 2019 में हुए अनुबंध के अनुसार नवंबर 1 से अब तक ढ़ेड माह हो चुके है। लेकिन अब तक एक भी नई एंबुलेंस रोड़ पर नहीं दिख रही है।इसके चलते जिले के मरीजों को खटारा धक्का प्लेट एंबुलेंस में ही अस्पताल तक पहुंचाया जा रहा है।

एंबुलेस की व्यवस्था प्रभावित

नए कंपनी ने संजीवनी 108 संचालन का प्रभार लेने के साथ ही कॉल सेंटर को भी ले लिया है यहां अपने ऑपरेटर की नियुक्ति भी की है लेकिन नए आपरेटर होने के चलते बताया जा रहा है कि कई जगहों पर एंबुलेंस सेवा प्रभावित रही कहीं-कहीं पर देरी से भी 108 एंबुलेंस पहुंचने की सूचना स्वास्थ्य विभाग तक पहुंची है। जिसके चलते मरीजों को अस्पतल तक पहुंचने में देरी हो रही है।

240 में 170 एंबुलेंस आउटडेटेड

सरकार द्वारा संजीवनी एंबुलेंस सेवा के लिए खरीदी गई 240 एंबुलेंस में से 170 आउटडेटेड हो चुकी है मरम्मत करवा करवा कर इन्हें चलाया जा रहा है जय अंबे को 218 एंबुलेंस दी गई है। वहीं वहीं एंबुलेंस खरीदने मरम्मत करवाने में बढ़ते खर्च को कम करने के लिए सरकार ने कंपनी को ही एंबुलेंस लगाने की शर्त जोड़ी थी। लेकिन जिले में एक भी एन एंबूलेस नहीं आई है वहीं पुराने एंबूलेस भी सीएमएचओं ऑफिस में खड़े-खड़े सड़ रही है।

भूपेश सरकार के सालभर के कार्यकाल से निराश हैं अजीत जोगी

जोगी का दर्द-ऐ-बयां, वादा पूरा नहीं की राज्य सरकार

■ **साक्षात्कार में राज्य शासन के आर्थिक प्रबंधन को भी बताया नाकाम**

रायपुर (वार्ता)। जनता कांग्रेस के प्रमुख एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने कहा कि जनता से किए चुनावी वादे पूरा करने में ही नही बल्कि आर्थिक प्रबन्धन करने में भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूरी तरह से विफल रहे हैं। राज्य सरकार के एक वर्ष पूरा करने पर भूपेश सरकार के कार्यो की समीक्षा पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने एक साक्षात्कार में जाहिर की।

श्री जोगी ने राज्य की अगले सप्ताह एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर रही राज्य सरकार के कामकाज पर यूनीवार्ता से बातचीत में आज यहां कहा कि इस सरकार के एक वर्ष के कामकाज से बड़ी निराशा हुई है। इस दौरान कोई सोच एवं दृष्टि राज्य के विकास की नही दिखा। इस सरकार ने कीमती एक वर्ष नरवा, गरूआ, घुरवा और बारी के प्रचार में बिता दिया। उन्होने कहा कि पुरातन काल से हमारे पूर्वज जो काम करते आए है, उसे यह सरकार बदलते जमाने में अपनी सोच बताकर आखिर क्या जताना चाहती है। उन्होने कहा कि जमाना डिजिटल युग का है। हमारे पड़ोसी मध्यप्रदेश एवं ओडिशा डिजिटल हब बनाने की बात कर रहे है, आटोमोबाइल्स हब बनाने की बात कर रहे है और इसके लिए प्रयासरत है, पर यहां पर एक वर्ष में कोई सोच नही दिखी कि छत्तीसगढ़ की खनिज सम्पदा का कैसे बेहतर इस्तेमाल हो, जिससे राज्य का राजस्व ही नही बढ़े बल्कि लोगो को रोजगार के नए अवसर भी मिले।

समर्थन मूल्य पर धान खरीद का जिक्र करते हुए श्री जोगी ने कहा कि 2500 रूपए क्विंटल पर धान खरीद करने का बड़ा होहल्ला राज्य सरकार ने किया, पर एक ही वर्ष में पहले केन्द्र द्वारा तय राशि पर धान खरीद शुरू की फिर धान का रक़बा घटाया, एक ही बार की बजाय तीन बार में खरीद करने का फरमान जारी हुआ, इसके बाद खरीद केन्द्रों पर धान की नमी समेत कई नई जांच पड़ताल शुरू करवाई गई। इसका केवल एक ही मकसद है कि किसी तरह कम से कम किसानों से धान खरीदना पड़े।

किसानों का सभी ऋण नहीं सिर्फ लघु ऋण किया माफ

श्री जोगी ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में किए वादे के विपरीत किसानों के सभी ऋणो की बजाय केवल लघु ऋणों को ही माफकिया गया और शराबबंदी तथा बेरोजगारी भत्ता देने के अहम वादे को पूरा करने के लिए कुछ नही किया गया। उन्होने कहा कि शराबबंदी के वादे की वजह से महिलाओं का कांग्रेस को भारी समर्थन मिला था। शराबबंदी तो दूर शराब की खपत में छत्तीसगढ़ ने पंजाब एवं तमिलनाडु को पीछे छोड़ते हुए नम्बर एक बन गया है।

खड़ी टैंकर में लगी आग, ड्राइवर ने कूद कर बचाई जान

बिलासपुर। रतनपुर के खंडोबा मंदिर के करीब पेट्रोल पंप के पास एक टैंकर में भीषण आग लग गई है, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया है। रतनपुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर खंडोबा मंदिर के पहले सुभाष पेट्रोल पंप के पास एक टैंकर में अचानक आग लग गई, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, कि टैंकर में भीषण आग लगी है। दरअसल रतनपुर मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण में लगे टैंकर में शाम अचानक आग लग गई। इस आगजनी में वाहन चालक की जान बाल-बाल बची है। राधेश्याम अग्रवाल कंपनी का यह टैंकर यहाँ सीसी सड़क निर्माण के बाद तराई का काम कर रहा था। बताया जा रहा है, कि कुछ दिन पहले भी इस वाहन में आग लगने की घटना हुई थी।

खेत में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

कोरबा। उरगा क्षेत्र के अखरापाली गांव में स्थित खेत से महिला का शव बरामद किया गया है। महिला के सिर पर चोट के निशान है। जिससे मामला संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है। वहीं परिजनों ने भी हत्या का संदेह जाहिर किया है। मामले की विवेचना में जुटी उरगा पुलिस ने डॉग स्क्वायड एवं फारेंसिक एक्सपर्ट की भी मदद ली है। पुलिस ने संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना अंतर्गत ग्राम अखरापाली में निवासरत इंद्राबाई 40 वर्ष पति रतनलाल भारद्वाज का शव गांव में स्थित उसके खेत से बरामद किया गया है। घर से कुछ दूरी पर ही उसका खेत है। पुत्र रोशन ने आज सुबह इंद्राबाई का शव खेत में पड़े देखा। जिसकी खबर मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौका स्थल पर जुट गई।

सार्वजनिक मैदान में बस डिपो, लगी 25 हजार की पैनाल्टी

जोन उप प्रभारी को नोटिस

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। दर्री जोन के अन्तर्गत आने वाले जेलगांव चैक के पहले स्थित प्रेमनगर चैक के समीप सार्वजनिक स्थल मैदान में राजधानी बस सर्विस के द्वारा विगत 06 माह से लगभग आधा दर्जन बसों को खड़ी कर उक्त सार्वजनिक मैदान का उपयोग बस डिपो के रूप में किया जा रहा है, जिसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त राहुल देव ने उक्त बसों को वहां से हटवाने तथा संबंधित बस मालिक पर 25000 रूपये की पैनाल्टी आरोपित करने एवं बसों को हटवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होने दर्री जोन के उप जोन प्रभारी तथा राजस्व अधिकारी श्री राजेन्द्र बहादुर सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी कर इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है।

यहां उल्लेखनीय है कि श्रीमती किरण कौशल के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त व ए.डी.एम. संजय अग्रवाल के दिशा निर्देशन में विगत 25 नवम्बर से आगामी 18 दिसम्बर तक नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में स्वच्छता महाअभियान का संचालन किया जा रहा है। स्वच्छता महाअभियान के द्वितीय चरण के दूसरे दिन चलाए गए विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण करने निकले आयुक्त राहुल देव ने दर्री जोन के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। प्रेमनगर चैक के समीप स्थित सार्वजनिक स्थल मैदान में राजधानी बस सर्विस की आधा दर्जन से अधिक बसें खड़ी कर मैदान पर अतिक्रमण कर लिया गया था, पता करने पर जानकारी मिली की विगत 06 माह से उक्त बसें खड़ी की जा रही हैं, जिसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री देव ने बसों को वहां से हटाने एवं 25000 रूपये की पैनाल्टी के निर्देश दिए, साथ ही संबंधित उप जोन प्रभारी को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। उन्होने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले अतिक्रमण व अवैध कब्जे पर निरंतर नजर रखें तथा ऐसा करते पाए जाने पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसी प्रकार आज ए.डी.एम. संजय अग्रवाल ने भी बालकोनगर स्थित साडा कालोनी नया शांतिनगर में साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सफाई ठेकेदार की शिकायत

स्वच्छता अभियान के निरीक्षण पर निकले आयुक्त राहुल देव ने जेलगांव चैक अयोध्यापुरी में सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया, इस दौरान वहां के निवासियों ने लिखित में शिकायत करते हुए कहा कि संबंधित सफाई ठेकेदार द्वारा 06 माह से नालियों की सफाई नहीं की गई है तथा निगम के अधिकारी एवं वहां के नागरिकों द्वारा सफाई हेतु ठेकेदार को फोन करने पर उनके द्वारा फोन नहीं उठाया जाता, जिससे उस क्षेत्र के नागरिकों के बीच आक्रोश फैल रहा है तथा नालियों में गदंगी जमा होने से संक्रामक बीमारियों की आशंका बढ़ रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त राहुल देव ने संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, साथ ही संबंधित स्वच्छता निरीक्षक व पर्यवेक्षकों को सफाई कार्यो की कड़ी मानीटरिंग करने व स्थल पर स्वयं खड़े होकर सफाई कार्य सम्पन्न कराने के कड़े निर्देश दिए।

एनटीपीसी गेट के सामने से हटाया अतिक्रमण

एन.टी.पी.सी. गेट के सामने मुख्य मार्ग के किनारे दुकानदारों द्वारा बांस बल्ली एवं उन पर तिरपाल लगाकर दुकानों को आगे तक बढ़ा लिया गया था, जिससे आवागमन में असुविधा होती थी, दुर्घटना की संभावना बनती थी, आयुक्त राहुल देव ने उक्त स्थल का निरीक्षण किए जाने के पश्चात अतिक्रमण को हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा निगम अमले द्वारा तत्काल उक्त अतिक्रमण को वहां से हटाया गया। इसके साथ ही आज अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर लोगों द्वारा कचरा फैलाने के प्रकरणों पर अर्थदण्ड भी आरोपित किए गए।